सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,451 |
| निफ्टी | 24,751 |
| सोना | 95,315 |
| चांदी | 97,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा: अमित शाह

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 31 मई 2025 | 18 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 152, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आज होगी हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक 31 मई को दोपहर 12 बजे बुलाई गई है। इस बैठक में पावर कॉरपोरेशन के दिवंगत चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में तीन उच्च अधिकारियों अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा, डीजीपी अतुल वर्मा और एसपी संजीव गांधी के खिलाफ हुई कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। सरकार ने इन अधिकारियों को फिलहाल छुट्टी पर भेजा है। मंत्रिमंडल की बैठक में उनके खिलाफ आगामी कार्रवाई पर मंत्रियों से राय ली जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे पदों को भरने पर विचार किया जाएगा। यह रोजगार सृजन और सरकारी कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को मंजूरी भी दी जाएगी।

### पठानकोट में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** सुरक्षा एजेंसियों ने पठानकोट भारत-पाक सीमा के पास बमियाल सेक्टर में सिंबल पोस्ट से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार किया है। आरोपी को सुबह पकड़ा गया और नारनोट जैमल सिंह थाने में रखा गया है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि वह वहां से कैसे आया? हालांकि, अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले महीने से ही देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। इसी बीच बीएसएफ के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से घुसपैठिए को पकड़ा है। जवानों को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी, तो उसे तुरंत दबोच लिया। बता दें कि पठानकोट सेना के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। यहां एक एयरबेस है, जिसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान हमेशा लगा रहता है। (अनंत ज्ञान)

### इंजीनियर के घर से 2 करोड़ कैश बरामद

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर रेड की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपए के सोने के गहने और महंगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपए के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नोटों की गिनती में लंबा समय लगा। इंजीनियर की पहचान कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर बस स्टैंड पर सीवरेज दिनभर होती रही ओवरफ्लो -पेज 2
- शिमला-मटौर फोरलेन पर निर्माण से पहले 3 मप डंपिंग साइट चिन्हित -पेज 3
- डुईं पंचायत में मनरेगा कार्यों में धांधली -पेज 4
- प्रदेश में अब बेहतर पाइपों से होगी पानी की सप्लाई -पेज 6
- सबसे ऊंचे गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू -पेज 11


# आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी, न थमी : मोदी

## बोले, मैंने बिहार की धरती से जो वचन दिया था, वह पूरा किया



भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति पाकिस्तान और दुनिया ने देखी

**एजेंसी, सासाराम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सासाराम के दुर्गाडीह में जनसभा की। करीब 33 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के 1 दिन बाद मैं बिहार आया था। मैंने बिहार की धरती से जो वचन दिया था, वह पूरा किया। मोदी ने आतंकवाद की तुलना सांप से करते हुए कहा कि दुश्मन जान ले कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है और न थमी है। आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा था कि माताओं का सुहाग उजाड़ने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। ऐसी ही सजा उन्हें दी गई। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में बैठे पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं के ठिकानों को खंडहर में बदल दिया। भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति को पाकिस्तान और दुनिया ने भी देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार से मिले

**पीएम** ने कानपुर में पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार से 8 मिनट मुलाकात की। चकेरी एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के सामने शुभम की पत्नी ऐशन्या, पिता संजय, मां सीमा भावुक हो गई। सभी ने रोते हुए हाथ जोड़े। कहा, हमारे बेटे की मौत जाया न होने पाए। शुभम की पत्नी ऐशन्या फफक-फफक रोने लगीं। मोदी भी उनके आंसू देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर थमा है...खत्म नहीं हुआ, यह आगे भी जारी रहेगा।' पीएम ने शुभम के पिता संजय द्विवेदी के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया।

# एक शिफ्ट में ही होगी नीट पीजी परीक्षा

## 15 जून को होनी है परीक्षा, 2 को जारी होंगे एडमिट कार्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। यह एग्जाम 15 जून को होना है, जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यह तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रूटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया, जब वे राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट पीजी 2025 परीक्षा को दो शिफ्टों में करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थे। (अनंत ज्ञान)

### 22 मई को जारी किए थे पारदर्शिता के निर्देश

**नीट** पीजी परीक्षा में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों ने सितंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। छात्रों की मुख्य मांग थी कि परीक्षा एक ही शिफ्ट में कराई जाए, क्योंकि दो शिफ्ट में परीक्षा होने से नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाई जाती है, जो उन्हें असमान और अनुचित लगती है। इसके अलावा, उन्होंने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NBEMS से प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी सार्वजनिक करने की भी मांग की, ताकि वे अपने परिणाम का आकलन कर सके और तैयारी में सुधार कर सके। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स सार्वजनिक करने का निर्देश देते हुए परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा था।





### छात्रों से न हो अन्याय

**कोर्ट** ने परीक्षा प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। छात्रों की मेहनत और भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की असमानता या अन्याय नहीं होना चाहिए। इस फैसले को लेकर छात्र और अभिभावक वर्ग में संतोष की भावना है।

# हिमाचल में बनेंगे 3 क्रिटिकल केयर यूनिट

## शिमला, सुजानपुर व बड़सर में शुरू होगी सुविधा, केंद्र देगा 78 करोड़

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में तीन क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी है। ये यूनिट सुजानपुर, बड़सर और शिमला जिले के सुन्नी में स्थापित किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए 78 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। प्रत्येक यूनिट में 50 बेड की सुविधा होगी। साथ ही 17 पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें भी स्वीकृत की गई हैं।

सुजानपुर में बनने वाली क्रिटिकल केयर यूनिट पर 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें 17 करोड़ रुपए भवन निर्माण पर और 8 करोड़ रुपए मशीनरी पर खर्च किए जाएंगे। यूनिट में आईसीयू की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यहां विभिन्न बीमारियों का इलाज होगा। इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर नहीं करना पड़ेगा।



वर्तमान में सिविल अस्पताल के रूप में कार्यरत सुजानपुर अस्पताल में 18 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। इनमें 5 स्पेशलिस्ट शामिल हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट के शुरू होने से नए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां भी होंगी।

सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया है। विधायक ने बताया कि उन्होंने इस विषय में मुख्यमंत्री से बात की थी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल से वर्चुअल बैठक की। बैठक में सुजानपुर, बड़सर और सुन्नी को चुना गया था।

### घर-द्वार मिलेंगी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं

**सुजानपुर** की यूनिट से हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा जिले के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। पहले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए टांडा, बिलासपुर या चंडीगढ़ जाना पड़ता था। अब उन्हें घर के पास ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

# एसएसपी ने सीबीआई जांच के खिलाफ दायर अपील वापस ली

**विमल नेगी मामला**

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** विमल नेगी की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने के हाईकोर्ट के एक फैसले को शिमला के एसएसपी ने चुनौती दी थी। एसपी ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट की रजिस्ट्री (अपीलों की जांच करने वाला विभाग) ने इस अपील में कुछ कमियां पाईं। इन कमियों के कारण एसएसपी की ओर से अपील को फिलहाल वापस ले लिया गया है, ताकि इन कमियों को ठीक किया जा सके। एक बार कमियां दूर हो जाने के बाद, वह फिर से अपील दायर कर सकते हैं। एसएसपी ने यह अपील अपनी आधिकारिक हैसियत से दायर की थी, लेकिन इसे सरकार के मुख्य वकील (महाधिवक्ता) के माध्यम से दायर नहीं किया गया था, जो कि नियमों के तहत जरूरी है। कानूनी सलाह का जिक्र नहीं किया गया। अपील में यह भी नहीं बताया गया था कि अपील दायर करने से पहले कानून विभाग से सलाह ली गई थी या नहीं। कुछ पेज अस्पष्ट थे, अपील के कुछ पन्ने ठीक से पढ़े नहीं जा रहे थे। इसके अलावा और भी छोटी-मोटी कमियां थीं। इन कमियों के कारण रजिस्ट्री अधिकारी ने कहा कि अपील की ठीक से जांच नहीं की जा सकती थी। उम्मीद है कि इन सभी कमियों को दूर करके जल्द ही नई अपील दायर की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने वीर सैनिक किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कांग्रेस पार्टी के बलिदान को किया याद**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में आयोजित 'जय हिंद सभा' में 1962, 1965, 1971, कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिभागी हिमाचल प्रदेश के वीर सैनिकों को सम्मानित किया। उन्होंने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए हाल ही में तीर्थन घाटी के शरची गांव की अपनी यात्रा का जिक्र किया, जहां वह पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर अनूप राम के घर ठहरे थे। हिमाचल प्रदेश के लोग और सरकार हमेशा भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बलिदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

### संघर्ष विराम पर सवाल



**मुख्यमंत्री** ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया, लेकिन केंद्र सरकार ने तीनों सशस्त्र बलों को विश्वास में लिए बिना ही संघर्ष विराम की घोषणा कर दी।

# आर्टिकल 370 हटने से जेएंडके में खुशहाली आई : सलमान खुर्शीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा, 'कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है। यह सरकार की सोच में भी झलकता था।' सलमान खुर्शीद ने कहा, '2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में काफी खुशहाली है। (अनंत ज्ञान)



### कोलंबिया का पाकिस्तान को समर्थन निराशाजनक



**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा, 'कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है।' उन्होंने कहा कि भारत ने सेल्फ डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। भारत ने लगभग चार दशकों तक हमलों को झेला है।

# रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप का केस गलत : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस प्रवृत्ति पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# जाति जनगणना से पहले बनेगी कास्ट लिस्ट

## सर्वदलीय बैठक कर सभी पार्टियों से सहमति लेगी केंद्र की मोदी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जाति जनगणना से पहले केंद्र सरकार जातियों की सूची बनाएगी, ताकि सुनियोजित डेटा इकट्ठा हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जाएगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची फाइनल होगी। गृह मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की हाल में हुई बैठक में यह तय हुआ। जातीय जनगणना के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय समन्वयक रहेगा। जातियों की मान्य सूची जरूरी है, क्योंकि अनुसूचित जाति और जनजाति तो गिनती में हैं, लेकिन अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों पर असमंजस है। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है। 2011 की



जनगणना में जाति-उपजाति का आंकड़ा 46.73 लाख मिला था। यह अविश्वसनीय माना गया था। आखिरी जातीय जनगणना 1931 में हुई थी, जिसमें 4,147 जातियां बताई गई थीं। मंडल कमीशन ने 1980 में अनुमान लगाया था कि ओबीसी 52 प्रतिशत हैं। अनुसूचित जाति में 28 राज्यों में 1109 जातियां हैं। अनुसूचित जनजाति में 705 जातियां हैं। सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 30 प्रतिशत और जातियों के बाहर मुस्लिम, ईसाई और अन्य वर्ग की आबादी 12.56 प्रतिशत है। यह संख्या अनुमान और सर्वे आधारित हैं। (अनंत ज्ञान)

### जाति जनगणना को केंद्र ने 30 अप्रैल को दी थी मंजूरी

**केंद्रीय** कैबिनेट ने 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद यह पहली बार होगा, जब जाति जनगणना कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं।

# अंकिता भंडारी मर्डर केस में 3 को उम्रकैद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50 -50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। लाइव लॉ के अनुसार कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को अंकिता का शव चीला नहर में मिला था। कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र सिंह ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा- जिन दरिंदों ने उनकी निर्दोष बेटी को मारा, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)



**नशा** — अस्पष्ट कानूनों और सरकार की ढीली पकड़ से कैंसर की दहलीज पर खड़ा है देवभूमि हिमाचल

# प्रदेश में 'चैनी खैनी' से धड़ल्ले से हो रहा मौत का कारोबार

**तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश आज एक गंभीर नशे की समस्या से जूझ रहा है। सरकार ने भले ही खुले तौर पर नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। विशेषकर 'चैनी खैनी' (चबाने वाला तंबाकू) का सेवन यहां धड़ल्ले से जारी है, जो युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। यह एक ऐसा धीमा जहर है, जो लोगों की सेहत को खोखला कर रहा है।

जानकारों का मानना है कि प्रदेश में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सेवन को लेकर कानून स्पष्ट नहीं है। जहां सिगरेट और अन्य धूम्रपान उत्पादों पर कुछ हद तक नियंत्रण है, वहीं 'चैनी खैनी' जैसे



चबाने वाले तंबाकू उत्पादों पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम दिख रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमारे पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का कोई ठोस और स्पष्ट कानून नहीं है। हम केवल सार्वजनिक स्थानों पर इसके सेवन पर जुर्माना लगा सकते हैं, लेकिन इसकी बिक्री रोकना हमारे अधिकार क्षेत्र से तब तक बाहर है, जब तक राज्य सरकार इसे प्रतिबंधित न करे। यही अस्पष्टता 'चैनी खैनी' के डीलरों और खुदरा विक्रेताओं के लिए एक स्वर्ग बन गई है। छोटे-छोटे किराना स्टोर से लेकर पान की गुमटियों तक पर यह आसानी से उपलब्ध है। अक्सर यह खुलेआम नहीं बेचा जाता, बल्कि इशारों में या मांग पर ही दिया जाता है, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इसे पकड़ना मुश्किल हो जाता है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएस) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 15 से 49 आयु वर्ग के पुरुषों में चबाने वाले तंबाकू का सेवन करने वालों का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यह आंकड़े साफ तौर पर दर्शाते हैं कि यह समस्या कितनी विकराल रूप धारण कर चुकी है।

एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि जब तक सरकार 'चैनी खैनी' को पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं करती, तब तक 'नशा मुक्त हिमाचल' का सपना अधूरा ही रहेगा। यह सिर्फ एक कानून का सवाल नहीं है, बल्कि हिमाचल के भविष्य और उसके नागरिकों के स्वास्थ्य का सवाल है।

### बढ़ते ही जा रहे ओरल कैंसर के मामले

**हिमाचल** प्रदेश में मौखिक कैंसर (ओरल कैंसर) के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में मौखिक कैंसर के मामलों में औसतन 15 से 20 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के ऑन्कोलॉजी विभाग का कहना है कि हमारे पास आने वाले मौखिक कैंसर के अधिकांश मरीज लंबे समय से चबाने वाले तंबाकू का सेवन कर रहे थे। 'चैनी खैनी' में निकोटीन के साथ-साथ कई ऐसे कार्सिनोजेनिक (कैंसर पैदा करने वाले) रसायन होते हैं, जो सीधे मुंह और गले के कैंसर का कारण बनते हैं।

### सस्ते नशे से बढ़ रहा कैंसर का खतरा : डॉ. रामलाल

**दीनदयाल** उपाध्याय अस्पताल रिपन में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रहे चुके डॉ. रामलाल शर्मा ने बताया कि इस तरह के सस्ते नशों से प्रदेश के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। पहले यह प्रतिशतता बेहद मामूली थी, लेकिन अब इसकी रफ्तार 20 से 25 फीसदी के आसपास जा पहुंची है। इसके लिए बड़े स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है और सरकार को अभिलंब जागना होगा और कड़ा कानून लाना होगा, तभी ऐसे जानलेवा सस्ते नशों पर लगाम लगाई जा सकती है।

# अरशद वारसी, पत्नी शेयर मार्केट से बैन



**एजेंसी, मुंबई।** सेबी ने बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी को 1 साल के लिए शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। यह कार्रवाई साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में पंप एंड डंप स्कीम के तहत हेराफेरी के मामले में हुई है। सेबी ने इनपर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इन दोनों के अलावा इस मामले में 57 अन्य एंटिटीज पर भी 1 से 5 साल तक का बैन लगा है। पंप एंड डंप स्कीम एक तरह की शेयर बाजार धोखाधड़ी है। इसमें कुछ लोग मिलकर किसी कंपनी के शेयर की कीमत को गलत तरीके से बढ़ाते हैं। जैसे भ्रामक खबरें फैलाकर या झूठी सलाह देकर। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज़ ब्रीफ

### मैकेनिक, सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 4 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव केहड़रू में स्थित ओम् नमः शिवाय ऑटोमोबाइल्स में मैकेनिक के दो और सिक्योरिटी गार्ड के चार पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 4 जून को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में सुबह साढ़े दस से दोपहर दो बजे तक साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं या बारहवीं पास और मोटर मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मोटर मैकेनिक के पदों के लिए अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को बारह हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### चैलेंज पूरा करने वाले 256 छात्र किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में मासिक ग्रेट काइंडनेस चैलेंज मनाया गया। इसमें प्रतिदिन कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के छात्रों को दैनिक काइंडनेस टिप चैलेंज के रूप में दिया जाता था। इस चैलेंज के साक्ष्य अभिभावक फोटो व वीडियो के माध्यम से स्कूल भेजते रहे। 256 छात्रों ने इस चैलेंज प्रक्रिया को पूरा किया। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला, कार्यक्रम समन्वयक विनता राणा, पूजा शर्मा व विनोद शर्मा ने छात्रों-अध्यापकों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया व काइंडनेस को निरंतर अपने जीवन में सुचारु रूप से चलाने को कहा।

### नादौन कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश कल से



**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नादौन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित करेगा। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एक से 19 जून तक चलेगी, जिसके बाद 12 से 19 जून तक पूर्व-प्रवेश काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची 20 जून को और द्वितीय मेरिट सूची 24 जून को प्रकाशित की जाएगी। चयनित छात्रों को क्रमशः 21 से 23 जून और 25 से 27 जून के बीच ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा करना होगा। प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्रों के लिए 28 से 30 जून तक परिचय सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, एमए पॉलिटिकल साइंस, एमए हिंदी एमएससी कैमेस्ट्री, एमएससी मैथ्स, एम.कॉम, बी.वॉक, रिटेल मैनेजमेंट, बिवर्क हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म माय विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 19 जून तक ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी और इन कक्षाओं के छात्रों को 12 से 23 जून के बीच ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 24 से 30 जून तक पोस्ट-एडमिशन काउंसलिंग, छात्रवृत्ति फॉर्म तथा विद्यार्थी फीडबैक की ऑनलाइन प्रविष्टि की जाएगी। डॉ. गौतम ने सभी विद्यार्थियों से समय पर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है ताकि वे निर्धारित तिथियों में प्रवेश सुनिश्चित कर सकें।

### विद्युत उपकेंद्र गगाल के लिए 1.53 करोड़ मंजूर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नादौन क्षेत्र के लिए एक और सौगात दी है। क्षेत्रवासियों को बिजली की पर्याप्त वोल्टेज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 33 केवी विद्युत उपकेंद्र गगाल (नादौन) में उपकरणों की अपग्रेडेशन के लिए 1.53 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूर की गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के मुख्य अभियंता शमशेर सिंह नेगी की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक योजना के तहत अतिरिक्त बजट के रूप में आवंटित की गई है। 33 केवी विद्युत उपकेंद्र गगाल की क्षमता में बढ़ोतरी से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति एवं वोल्टेज में अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। इससे हजारों उपभोक्ताओं को सुविधा होगी।

### मुस्कान का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी की दसवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान शर्मा ने ईको क्लब के तत्वावधान में प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए उठाए गए उपाय के तहत 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम पर आधारित 23 मई को आयोजित ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान हासिल करते हुए जिला स्तर के लिए चयनित हुई। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने मुस्कान को उसकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि यह स्कूल और क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व का विषय है।

### बाल स्कूल में बच्चों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय विश्व माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नारा लेखन चित्रकला व रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिली मोहम्मद पोसवाल ने पर्यावरण में प्लास्टिक के उपयोग को हानिकारक बताया। इस मौके पर उन्होंने एक बार प्रयोग किए जाने वाले प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में बताया तथा प्रतिभागियों को इनाम बांटे। इस मौके पर प्रवक्ता रसायन विज्ञान सतीश शर्मा, जोगिंद्र सिंह प्रवक्ता वाणिज्य, सुरेंद्र सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी, कुलदीप कुमार प्रवक्ता हिंदी, देवेंद्र कुमार प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, छाया उप्पल टीजीटी इत्यादि उपस्थित रहे।

### बच्चों को समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन एक विशेष प्रेरणात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राजकुमारी ने बतौर रिसोर्सपर्सन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। अपने उद्बोधन में उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, हौसला नहीं छोड़ना चाहिए। जो व्यक्ति हिम्मत हार गया, वह कहीं का नहीं रहता। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविर से मिली शिक्षा को अपने जीवन में उतारने और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मीरा देवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राजकुमारी को विद्यालय प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरेंग मेमोरियल पब्लिक स्कूल, घड़ेह में अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन लता शर्मा ने की। मीटिंग में नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य सुमन लता शर्मा ने बताया कि विद्यालय के सतत विकास में अभिभावकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं आत्म-विश्वास को बढ़ाने में शिक्षक-अभिभावक समन्वय को आवश्यक बताया। इस अवसर पर सुजल शर्मा और अन्य अध्यापिकाओं अनीता, चंद्र किरण, नीता, प्रीति, शिवानी, अनीता ने कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के एफ.ए.-1 परीक्षा परिणामों को साझा किया और विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### कर्नल नीरज ने बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव व नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र में स्रोत व्यक्ति कर्नल नीरज ने बच्चों और अभिभावकों को नशे से दूर रहने के लिए सचेत करते हुए कहा कि नशा हमारे हिमाचल प्रदेश को दिन प्रतिदिन खोखला करता जा रहा है। इस नशे ने कई घरों की नींव को जर्जर कर दिया है। उन्होंने अभिभावकों तथा शिक्षकों से विशेष आग्रह किया कि वह अपने बच्चों और विद्यार्थियों की दिनचर्या पर विशेष ध्यान रखें। तभी इस भयंकर रोग से निजात पाया जा सकता है। अंत में प्रिंसिपल ने स्रोत व्यक्ति कर्नल नीरज राणा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सीवरेज दिनभर होती रही ओवरफ्लो

## बस स्टैंड की लाइन में रेत बजरी फंसने से आई समस्या, लोग हुए परेशान




हमीरपुर बस स्टैंड में सीवरेज की लाइन बंद होने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा और बदबू से परेशान रहना पड़ा।

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** बस स्टैंड हमीरपुर में सीवरेज की लाइन बंद होने से शुक्रवार को दिनभर ओवरफ्लो से गंदा पानी सड़क पर बहता रहा, जिससे बस स्टैंड या पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हमीरपुर शहर में भी सीवरेज के ब्लॉक होना अब आम बात हो गई है, जिस कंपनी को सीवरेज लाइन को रखरखाव करने का टेंडर आबंटित हुआ है, उनके कर्मचारी इसे खोलते हुए देखे जा सकते हैं। बरसात भी अब शुरू होने वाली है ऐसे में अब सीवरेज चैंबर जगह-जगह ओवरफ्लो की समस्या भी बढ़ जाएगी, ऐसा ही हाल बस स्टैंड में देखने को मिला।

हालांकि सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या को लेकर कंपनी के कर्मचारी ओवरफ्लो को ठीक करने का प्रयास करते रहे, लेकिन फिर भी ओवरफ्लो की समस्या हल नहीं हुई। बता दें कि इस बरसात से पहले ही सीवरेज लाइन ओवरफ्लो होना शुरू हो गई है। पहले भी बस स्टैंड पर बरसात के दिनों में ओवरफ्लो होने से सारी गंदगी सड़क पर बहती थी। हालांकि सीवरेज के चैंबरों की सफाई की जाती है, लेकिन बरसात में यह समस्या ज्यादा बढ़ जाती है।

सीवरेज लाइन को दुरुस्त रखने के लिए कंपनी के कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन सीवरेज की लाइन इतनी छोटी है कि इसमें प्रतिदिन कुछ न कुछ फंसता रहता है। बस स्टैंड पर सीवरेज लाइन ठीक करने में लगे कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि सीवरेज लाइन में बारिश का पानी छोड़ने से इसमें रेत और बजरी फंस गई है। उन्होंने बताया कि दिनभर इस सीवरेज लाइन को खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन रेत बजरी होने से इसे पूरी तरह से साफ नहीं किया जा सका।

उन्होंने बताया कि शनिवार तक इस सीवरेज लाइन को साफ कर दिया जाएगा। इस बारे में जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि सीवरेज में रेत और बजरी फंस गई थी, जिसे कल तक निकाल दिया जाएगा।

# कोर्ट के फैसले को भी नहीं मान रहे पंचायत प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**बल्यूट निवासी ने अवैध कब्जा करने के आरोप नकारे**

पंधेड़ पंचायत की प्रधान व अन्य जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से सदर थाना हमीरपुर में 29 मई को दीन बंधु पुत्र स्व ज्ञान चंद गांव बल्यूट के खिलाफ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। दीन बंधु ने अवैध कब्जा करने के सभी आरोपों को निराधार बताया है। शुक्रवार को दीन बंधु ने हमीरपुर में पत्रकारों को बताया कि 23 मार्च 2020 को तत्कालीन तहसीलदार ने निशानदेही को सही करार दिया था और जो जिस सरकार भूमि पर अवैध कब्जे की बात कर रहे हैं, वह 3 मरले भूमि मेरी मलकीयत निकली।

उन्होंने बताया कि उस समय लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने नोटिस दिया था कि सड़क सरकारी भूमि में बन रही है और इस भूमि पर आपका अवैध कब्जा है। उन्होंने बताया कि नोटिस के बाद ही निशानदेही करवाई थी, जिसके बाद यह भूमि मलकीयत निकली। उन्होंने बताया कि सिविल कोर्ट नंबर एक में भी 7 फरवरी 2023 को भी यह निर्णय दिया था कि लोक निर्माण विभाग ने दीन बंधु की जमीन पर सड़क बना दी है। यह फैसला भी दीन बंधु के हक में था, बावजूद इसके पंचायत प्रतिनिधि और अन्य ग्रामीण जबरदस्ती खसरा नंबर 376 में इस सड़क को दर्शा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो पंचायत और न ही पुलिस कोर्ट के फैसले को मान रही है और उसकी जमीन पर अवैध कब्जा घोषित कर रही है।

उन्होंने बताया कि 14 मई को जब कानूनगो निशानदेही के लिए आए जो सड़क मेरे नंबर और जहां पर मैं मकान बना रहा हूं, वहां पर निकाल दी। यह निशानदेही सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि वे सड़क को सरकारी भूमि से नहीं बल्कि मलकीयत भूमि से निकालना चाहते हैं। सड़क बंद होने से आपातकालीन सेवाएं बंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मिल्खी राम का खसरा नंबर 350, 351 पर अवैध कब्जा है, जबकि खसरा नंबर 376 पर अवैध कब्जे को दर्शाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे इस मामले को लेकर एसपी और डीसी से मिलेंगे। यही नहीं वे इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में भी ले जाएंगे।

# क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए भाजपा ने अनुराग, नड्डा और मोदी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला भाजपा ने हमीरपुर के बड़सर और सुजानपुर में दो क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और हमीरपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश को तीन क्रिटिकल केयर यूनिट और हमीरपुर जिले को दो यूनिट की सौगात मिली है।

भाजपा ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण 2014 से पहले यहां के लोगों को उपचार के लिए बाहरी राज्यों में जाना पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद हिमाचल को स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स बिलासपुर, तीन मेडिकल कॉलेज और ऊना में पीजीआई सैटेलाइट सेंटर जैसी ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं। इससे न सिर्फ हमीरपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को घर के नजदीक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हुई हैं।

भाजपा ने बताया कि ये क्रिटिकल केयर यूनिट 50 बेड के होंगे और शिमला के सुन्नी में भी इसी तरह का यूनिट बनाया जाएगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 17 पोर्टेबल एक्स-रे की स्वीकृति भी दे दी है, जो टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग में सहायक सिद्ध होंगे। भाजपा हमीरपुर ने कहा कि यह सौगातें सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के आशीर्वाद और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच से संभव हुई हैं। जिला भाजपा ने केंद्र सरकार और इन जनप्रतिनिधियों का प्रदेश की जनता की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए राणा ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर सिविल अस्पताल के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करके सुजानपुर के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत करने का आग्रह किया था और सुजानपुर को यह तोहफा मिलने से यहां स्वास्थ्य नेटवर्क और मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए सुजानपुर सहित तीन क्रिटिकल केयर यूनिट भारत सरकार ने स्वीकृत किए हैं और इसके लिए केंद्र सरकार 78 करोड़ रुपए देगी। ये यूनिट सुजानपुर, बड़सर और शिमला जिले के सुन्नी में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार देश में लगातार स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में जुटी है।

# शांति निकेतन स्कूल ने जीता वॉलीबाल मैच

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भरेड़ी में सागर स्पोर्ट्स अकादमी ने वॉलीबाल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

उपमंडल भोरंज की भरेड़ी पंचायत स्थित सागर स्पोर्टर्स अकादमी में 14 से 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए वॉलीबाल लीग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भोरंज क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं युवा प्रेरक रोशन लाल कौंडल के करकमलों द्वारा हुआ। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना जैसे जीवन-मूल्यों को भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि कौंडल ने युवाओं के उत्साहवर्धन हेतु सागर स्पोर्ट्स अकादमी के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ₹ 21,000 और खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए ₹ 11,000 की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की खेल गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं आगे आ सकें। प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मुकाबले में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल भरेड़ी को सीधे दो सेटों में हराया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक, खेल प्रेमी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जिले में 8000 किसानों से सीधा संवाद करने का लक्ष्य

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत होगा आयोजन**

**नादौन।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा (नादौन) द्वारा हमीरपुर जिले के बमसन ब्लॉक में कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग तथा आत्मा परियोजना की सहभागिता से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंचायत टिक्कर बुलाह, अम्मन और बफ्रिन के कुल 172 किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से डॉ. विशाल डोगरा तथा डॉ. नवनीत जरियाल के द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी दी गई तथा केंद्र में चल रहे विभिन्न कार्यक्रम के बारे में किसानों को अवगत किया गया। कृषि विभाग की ओर से विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. बनीता के द्वारा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि परियोजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया।

आत्मा परियोजना की तरफ से बीटीएम वीरेंद्र कुमार के द्वारा आने वाले खरीफ मौसम में प्राकृतिक खेती में किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के बारे में बताया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान किसानों की खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान भी किसानों को बताए गए, साथ ही इन सभी विषयों के संबंध कृषि प्रसार प्रशासन भी किसानों को वितरित किए गए। भविष्य में कृषि संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन जैसे किसान हेल्पलाइन, किसान सारथी और कृषि विज्ञान केंद्र के दूरभाष भी किसानों के साथ साझा किए गए।

जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत सभी 6 ब्लॉकों के कुल 8000 किसानों से सीधा संवाद करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग तथा आत्मा परियोजना की टीमें विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन करेंगी।

# धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 7 मैकेनाइज्ड इंफेंट्री प्रथम डोगरा रेजिमेंट का स्थापना दिवस बस्सी पैलेस में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर डोगरा रेजिमेंट के सेवानिवृत्त मेजर जनरल संजीव शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का एक ही उद्देश्य ही पूर्व सैनिक और अधिकारी अपनी सेवा के समय की यादें ताजा करते हैं और अभी तक के अनुभव को साझा करते है।

# पीएम आवास योजना ( शहरी ) को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा ने नगर पंचायत भोरंज में शामिल हुई पंचायतों के सचिवों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 को लेकर नगर पंचायत को लेकर एसडीएम भोरंज ने बैठक की। प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी) के अंतर्गत वे सभी परिवार, पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे पात्र हैं, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है, जिनके पास भारत में पहले से कोई पक्का मकान नहीं है तथा जो नगर पंचायत क्षेत्र में भूमि के स्वामी हैं। इस योजना में पहले चरण के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# एनडीपीएस एक्ट में बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर हुई छह गिरफ्तारियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नशे के कारोबार में संलिप्त छह लोगों की पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनसे चिट्टा और नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने नशा उन्मूलन को लेकर जो अभियान चलाया हुआ है, उसके तहत रोज-रोज ही कोई न कोई अब पकड़ में आ रहा है।

पुलिस ने कुछ दिन पहले 25.26 ग्रांम हेरोइन (चिट्टा), 67.90 ग्राम संदिग्ध कैप्सूल तथा 15500/- नकदी बरामद की गई थी, उसी के तहत जिन आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इनमें अंकुर ठाकुर पुत्र प्रकाश चंद गांव रोहलवीं हमीरपुर, राजेंद्र शर्मा पुत्र कर्म चंद गांव रुढान, शुभम शर्मा पुत्र स्व. विजय कुमार गांव गुदवीं, रमन जसवाल पुत्र हरीश कुमार बलोह, संजय कुमार पुत्र रोशन लाल जाहू, रजनीश ठाकुर पुत्र प्रकाश चंद बलोह शामिल हैं। ये सभी हमीरपुर जिले से ताल्लुक रखने वाले हैं। इन सभी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

एसपी भगत सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ बहुत ही सही तरीके से जिला पुलिस ने जो अभियान इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया है, उसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

# सुजानपुर खंड के होशियार सिंह लगातार पांचवीं बार बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर, जिला हमीरपुर के खंड सुजानपुर तथा खंड भोरंज के ऑनलाइन वर्चुअल बैठक के माध्यम से त्रैवार्षिक चुनाव आयोजित हुए, जिनकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार ने की तथा अश्विनी भारद्वाज राज्य प्रेस सचिव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम सुजानपुर खंड के होशियार सिंह को लगातार पांचवीं बार प्रधान चुना गया तथा आचार्य सुनील को महासचिव, पवन परमार को वित्त सचिव, रमेश चंद्र वरिष्ठ उपप्रधान, नीलम वर्मा को महिला मोर्चा प्रधान, सुषमा कुमारी वरिष्ठ उपप्रधान, नीतू महासचिव सर्वसम्मति से चुना गया। इसके साथ खंड भोरंज का भी वर्चुअल बैठक के माध्यम से ही त्रैवार्षिक चुनाव करवाया गया। इस चुनाव में लेखराज को भोरंज खंड का प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया।

स्वामी लाल को महासचिव, अजय कुमार को वित्त सचिव तथा महिला मोर्चा प्रधान सुमन कुमारी को भी सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि अनिल कुमार को वरिष्ठ उपप्रधान और अश्विनी कुमार को उपप्रधान तथा कुसुम लता व निवेदिता को भी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के रूप में चुना गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी की ओर सेसुमन लता तथा मैडम इंदु गौतम पर्यवेक्षक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार तथा अश्विनी भारद्वाज राज्य प्रेस सचिव ने दोनों खंडों की नवनिर्वाचित खंड कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ-साथ इसमें भाग लेने वाले सभी अध्यापक वर्ग का सहृदय शुभकामनाएं देते हुए आभार और धन्यवाद भी किया।

दोनों खंडों के नवनिर्वाचित प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार सहित सभी का इस खंड स्तरीय त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया को सुचारु ढंग से करवाने हेतु धन्यवाद किया। जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा है कि संगठन भारतीय डिजिटल तकनीक का लाभ उठाते हुए इस बार गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन वर्चुअल चुनावी प्रक्रिया को सफल ढंग से करवाकर जिला सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर ने पूरे राज्य भर में एक अनूठी पहल शुरू की तथा इस ऑनलाइन वर्चुअल बैठक द्वारा जहां एक ओर सभी के समय का सदुपयोग हुआ है, वहीं दूसरी ओर संगठन का ऑफलाइन प्रबंध तथा किराए भाड़े का पैसा भी बचा है। इसके साथ जिला कार्यकारिणी ने शेष बचे दो खंडों क्रमशः खंड हमीरपुर और खंड नादौन का चुनाव भी ऑनलाइन करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से संगठन हित तथा शिक्षक हित में लिया है।

**अनदेखी** कोहली में धंसी पुलिया बनी परेशानी का सबब, सुध न लेने पर दुकानदारों ने चेताया

# प्रोजेक्ट डायरेक्टर कार्यालय का करेंगे घेराव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



धंसी हुई पुलिया और गड्ढे को दिखाते स्थानीय दुकानदार।

नेशनल हाईवे-103 सड़क पर कोहली कस्बे में बनी पुलिया इन दिनों परेशानी का सबब बनी हुई है। दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं, साथ ही उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। वहीं, पुलिया के धंसने से यहां बने गड्ढे के कारण अन्य बड़े वाहन भी अनियंत्रित हो रहे हैं। इस कारण यहां कोई अप्रिय घटना होने का अंदेशा बना हुआ है, जिसको लेकर स्थानीय दुकानदारों व अन्य लोगों में विभाग के प्रति गहरा रोष है।

गौरतलब है कि नेशनल हाईवे 103 अब नेशनल हाईवे अर्थोरिटी ऑफ इंडिया के अधीन है। दुकानदारों में सतीश कुमार, राजन चोपड़ा, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राजकुमार, सुरेंद्र कुमार, पृथीपाल, दिनेश कुमार व सुरेश कुमार आदि ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे 20 मार्च को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कार्यालय हमीरपुर में गए थे और लिखित शिकायत पत्र भी दिया गया था, परंतु आज तक उसे वहां मौके पर देखने कोई कर्मचारी अधिकारी नहीं आया। यदि समय रहते इस पुलिया की मरम्मत नहीं की गई तो यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से बंद हो जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग व प्रशासन से इस पुलिया को जल्द ठीक करने की गुहार लगाई है। दुकानदारों ने चेताया है कि यदि विभाग ने इस पुलिया की सुध नहीं ली तो वह प्रोजेक्ट डायरेक्टर के ऑफिस का घेराव व धरना प्रदर्शन करने से नहीं चूकेंगे ।

**क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर :** इस संबंध में प्रोजेक्टर डायरेक्टर विक्रम सिंह मीणा ने बताया कि कुछ लोग सड़क के पानी को नाली में जाने से रोक देते हैं और जो कि एक बड़ी समस्या है। कर्मचारियों को मौका देखने के आदेश दे दिए हैं और बहुत जल्द ही इस समस्या के हल कर दिया जाएगा ताकि वाहनों की आवाजाही व आम जनमानस को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित करने का मुख्यमंत्री सुक्खू से किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नारायण सेवा समिति बिझड़ी (पंजीकृत) के सभी सदस्यों ने एक मत से प्रस्ताव पारित किया कि शिक्षा निदेशालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित करने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया जाए। शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर में स्थानांतरित करने में पीछे समिति के अधिकतर स्थायी सदस्यों ने यह तर्क दिया कि हमीरपुर हिमाचल प्रदेश का एक ऐसा स्थान है, जहां पहुंचना सभी जिलों के लाभार्थियों को सुगम रहेगा।

शिक्षाविद सेवानिवृत शिक्षा उपनिदेशक कश्मीर सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मोहिंदर सिंह पटियाल, करतार सिंह ढिल्लों, जोगिंदर ढटवालिया, अशोक शर्मा, अमी चंद शर्मा, नरेंद्र पठानिया, कमल देव, इकवाल सिंह, पृथ्वी राज शर्मा, ओपी परमार, रत्न चंद, सेवानिवृत्त प्रवक्ता राजकुमार चैधरी, पुरुषोत्तम शर्मा, सेवानिवृत्त प्रशिक्षित स्नातक राजिंदर गुलेरिया, बल्देव सिंह, सेवानिवृत्त डीपीई तारा चंद, राजीव सिंह, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक बलदेव राणा, अमर चंद, सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षक शाम लाल, सुदेश कुमार, नरेंद्र बनियाल, जगदीश चंद, सेवानिवृत्त शास्त्री रमेश चंद, लेख राम, ठाकुर दास, सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर बिक्रम ठाकुर व अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि शिमला में वर्तमान भीड़ को देखते हुए शिक्षा निदेशालय (प्री प्राइमरी से जमा दो) को हमीरपुर में स्थानांतरित करने की कृपा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### नूरपुर में मां चतड़ी माता मंदिर के पास मिला संदिग्ध गुब्बारा



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर की पंचायत सुलयाली के वार्ड नं छह कछालू मां चतड़ी माता मंदिर के पास एक संदिग्ध गुब्बारा मिला। इस गुब्बारे पर पाकिस्तान चिन्ह चांद तारा तथा पीआईए लिखा हुआ था। शीतल ने बताया कि मैं सुबह घर बाहर निकली तो मैंने झाड़ियों में एक गुब्बारा देखा जिस पर पाकिस्तान का चिन्ह था और पीआईए लिखा हुआ था। इसके बारे में पंचायत प्रधान व पुलिस को सूचित किया और पुलिस टीम इसकी जांच करने मौके पर पहुंच गई। डीएसपी विशाल वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया की हमें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली थी कि सुलयाली के कछालू गांव में एक संदिग्ध पाकिस्तान चिन्हित गुब्बारा पड़ा हुआ है, तो हमने मौके पर पुलिस टीम जांच करने भेजी और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया है।

### श्री खाटूश्याम मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए 1 से 2 जून तक दर्शन रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजस्थान के जिला सीकर स्थित प्रसिद्ध श्री श्याम मंदिर की पंजीकृत कमेटी ने अधिसूचना जारी कर बताया कि विशेष सेवा-पूजा व तिलक के चलते सभी श्रद्धालुओं के लिए एक जून रात 10 बजे से 2 जून की शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए दर्शन बंद रहेंगे। कमेटी ने जारी आदेश में बताया कि सभी श्रद्धालु अपना सहयोग दें और इस अवधि उपरांत ही दर्शन करने पधारें।

### सेना, बीएसएफ पहुंची देहरा, आईबी और एनआईए ने किया संपर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा उपमंडल देहरा के सुकाहर गांव से पकड़े गए जासूसी के आरोपी युवक अभिषेक सिंह भारद्वाज से पूछताछ के बाद मामला अब राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों तक पहुंच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सेना, बीएसएफ, आईबी और एनआईए की टीमें भी हरकत में आ गई हैं। इन एजेंसियों ने देहरा पुलिस से संपर्क कर जांच में सहयोग मांगा है। देहरा के एसपी मयंक चैधरी ने जानकारी दी कि बुधवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभिषेक को उसके घर से गिरफ्तार किया था। वीरवार को उसे देहरा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि रिमांड के दौरान पुलिस को अहम सबूत मिले हैं। आरोपी के मोबाइल फोन से कई संवेदनशील दस्तावेज और चैट्स प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुछ डिलीट भी किए जा चुके हैं। इनकी तकनीकी पड़ताल के लिए फोरेंसिक जांच जारी है।

# शिमला–मटौर फोरलेन पर निर्माण कार्य से पहले तीन मप डंपिंग साइट चिन्हित

## सियौला, संगरीठी और राजपुरा में होगी मलबे की सुरक्षित डंपिंग

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में आधारभूत ढांचे के विकास के तहत शिमला–मटौर फोरलेन निर्माण कार्य की प्रक्रिया में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। फोरलेन के निर्माण से पहले ही मलबे के निष्पादन के लिए तीन मप (मैकेनिकल प्लेसमेंट) डंपिंग साइटों की पहचान कर ली गई है। यह डंपिंग साइटें बिलासपुर जिले के सियौला, संगरीठी और राजपुरा क्षेत्रों में चिन्हित की गई हैं।

यह पहली बार है जब किसी बड़े निर्माण कार्य से पूर्व मलबे के लिए डंपिंग साइटों का चयन किया गया है। इससे पहले, बिलासपुर जिले में फोरलेन और रेलवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू होने के बाद ही डंपिंग साइट चिन्हित की जाती थी। इस बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने पहले ही सख्त दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं, जिससे कार्य प्रारंभ होने से पूर्व ही मलबे के प्रबंधन की ठोस योजना तैयार कर ली गई है।

अनंत ज्ञान खास खबर

बता दें कि यह फोरलेन सोलन जिले के भराड़ीघाट क्षेत्र के गांव कल्लर से शुरू होकर बिलासपुर जिले के नौणी तक बनाया जा रहा है। परियोजना पर अनुमानित लागत 640 करोड़ रुपए है। निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसे दो वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिलासपुर जिले में फोरलेन के दायरे में कुल तीन माइनर ब्रिज भी बनाए जाएंगे।

वहीं, इस फोरलेन को नौणी चौक के पास किरतपुर–नेरचौक फोरलेन से जोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार इस फोरलेन के बनने से भराड़ीघाट से नौणी चौक का सफर 17 किलोमीटर रह जाएगा। वहीं, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी पवन शर्मा ने जानकारी दी है कि बोर्ड की सिफारिशों और दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि फोरलेन से निकलने वाले समस्त मलबे को चिन्हित तीन डंपिंग साइटों पर ही डाला जाएगा। इससे पर्यावरणीय नुकसान को न्यूनतम किया जा सकेगा और साथ ही आसपास की पारिस्थितिकी भी संरक्षित रह सकेगी। इस फोरलेन परियोजना से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र में नए व्यवसायों की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

वहीं, शिमला–मटौर फोरलेन परियोजना हिमाचल प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पर्यावरण सुरक्षा के साथ इस प्रकार की योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य के विकास को एक संतुलित और टिकाऊ दिशा प्रदान करेगा। निर्माण कार्य से पहले डंपिंग साइटों की पहचान करना एक सकारात्मक और अनुकरणीय पहल है, जिससे भविष्य की परियोजनाओं के लिए भी एक मजबूत मिसाल कायम होगी।

> **शिमला** मटौर फोरलेन कार्य के शुरू होने से पहले बिलासपुर जिले के क्षेत्र में तीन मप डंपिग साइट चिन्हित की गई है। इस फोरलेन कार्य के दौरान निकलने वाला मलबा चिन्हित स्थानों पर फेंकना ही अनिवार्य है। बोर्ड द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किया जाएगा।
> **-पवन शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी बिलासपुर।**

# बिलासपुर में युवक की चिट्टे से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वारघाट पुलिस थाना क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत स्वाहण के मैहला गांव में चिट्टे की ओवरडोज से युवक की संदिग्ध मौत हुई है। युवक की बाईं बाजू पर इंजेक्शन लगाने का निशान भी पाया गया।



जानकारी के अनुसार गत रात्रि ग्राम पंचायत स्वाहण के उपप्रधान जसविंद्र सिंह ने थाना स्वारघाट में सूचना दी कि लखविंद्र सिंह (24) पुत्र स्व बुधराम गांव मैहला, जिला बिलासपुर बीच सड़क पर बेहोशी की हालत में गिरा है। सूचना में मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां लखविंद्र की माता प्रेमी देवी, भाई सोढी राम व गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और शव की जांच शुरू कर दी। लखविंद्र सिंह के शरीर में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए, लेकिन बाईं बाजू पर इंजेक्शन लगाने का ताजा निशान पाया गया जिस जगह से खून भी निकला था। पुलिस ने मौका पर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी लखविंद्र सिंह की मृत्यु बारे कोई भी शक जाहिर नहीं किया है। मृतक के भाई व मां ने बताया कि लखविंद्र सिंह चिट्टा पीने का आदी था, जिसे कुछ अरसा पहले नशा मुक्ति केंद्र में भी नशा छुड़ाने के लिए छोड़ा गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्वाहण के मैहला गांव में एक युवक की मौत हुई है, जो मैहला से स्वाहण लिंक रोड के बीच सड़क से ऊपर बेहोशी की हालत में मिला था। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में उमड़ा देशभक्ति का ज्वार: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और इसके बाद 400 से अधिक तिरंगा यात्राओं में जनता के उत्साह पर खुशी जताई। उन्होंने तीनों सेनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना की।



**नड्डा दो जून को सोलन माल रोड पर फहराएंगे तिरंगा**

शिमला से जारी बयान में बिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 2 जून को दोपहर 2 बजे सोलन के माल रोड पर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप और प्रदेश के अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। यात्रा के बाद पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक भी होगी।

बिंदल ने ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस के लगातार सवाल उठाने को निंदनीय और देश के प्रति द्रोह बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह रवैया पाकिस्तान के प्रति उनके स्नेह को दर्शाता है, जबकि खुद कांग्रेस के कई नेता ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन कर रहे हैं।

# हिमाचल में 17 जून को लगेंगी 'डाक अदालतें'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के डाक उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। डाक विभाग ने जनता की डाक संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए 17 जून को दोपहर 3 बजे 'डाक अदालत' के आयोजन की घोषणा की है। यह पहल चीफ पोस्टमास्टर जनरल, हि.प्र. सर्किल, शिमला, द्वारा की गई है, ताकि डाक सेवाओं से जुड़ी किसी भी समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। यह 'डाक अदालत' हिमाचल के परिमंडल कार्यालय के साथ-साथ सभी अधीनस्थ प्रवर अधीक्षक/अधीक्षक डाकघरों के मंडलीय कार्यालयों में एक साथ आयोजित की जाएंगी। यह उपभोक्ताओं को अपने निकटतम स्थान पर अपनी शिकायतें दर्ज कराने का अवसर प्रदान करेगा। जिन भी उपभोक्ताओं को डाक विभाग से संबंधित कोई शिकायत है तो वे अपनी शिकायत 11 जून, 2025 तक अवश्य भेज दें।

**इन पतों पर भेजें शिकायतें:** सहायक पोस्टमास्टर जनरल (जन शिकायत), कार्यालय चीफ पोस्टमास्टर जनरल, हि.प्र. सर्किल, शिमला–171009 अथवा संबंधित क्षेत्र के प्रवर अधीक्षक, अधीक्षक डाकघर।

# इसरो 40 करोड़ से स्थापित करेगा टेलीस्कोप यूनिट

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश जल्द ही दो एकड़ भूमि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) टेलीस्कोप यूनिट स्थापित करने की तैयारी कर रही है।

**दो एकड़ भूमि का चयन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू**

केंद्रीय विवि हिमाचल प्रदेश धर्मशाला के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बताया कि इसरो की ओर से स्थापित किए जाने वाले प्रोजेक्ट के लिए 2 एकड़ भूमि का चयन कर लिया गया है, साथ ही अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट में 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए इसरो के साथ वर्ष 2023 में एमओयू साइन हुआ था, जिसके तहत अब यह प्रोजेक्ट शुरू होगा। प्रो. बंसल ने कहा कि इसके लिए धर्मशाला के साथ लगते क्षेत्र में जगह चयन भी गई है। चिह्नित जमीन के अधिग्रहण को लेकर भी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। नवंबर 2023 में इसरो हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वायुमंडलीय तड़ित संसूचन प्रणाली का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने कहा कि यहां पर स्थापित प्रोजेक्ट से पूरे विश्व स्तर का डाटा इकट्ठा किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से केंद्रीय विश्वविद्यालय में भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग में अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए एक मीटर टेलीस्कोप स्थापित करने के लिए साइट का निर्धारण किया जा रहा है, जिसमें 2000 मीटर की ऊंचाई और अन्य मानदंडों के अनुसार उपयुक्त स्थान चुने जाएंगे।

# भरमौर की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में हुई ताजा बर्फबारी के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में शुक्रवार सुबह ही मौसम के करवट बदलने से यहां की ऊंची पहाड़ियों पर हल्का हिमपात हुआ है। भरमौर की ऊंची पहाड़ियों में हल्की बर्फबारी होने के चलते यहां पर एकाएक ठंड बढ़ गई है। एकाएक ठंड बढ़ जाने से लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। सुबह से ही पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी तो निचले क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है।

जानकारी के मुताबिक भरमौर के मणिमहेश डल झील कुगति जोत जालसू जोत सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 6 इंच से लेकर 8 इंच तक हल्की बर्फबारी हुई है। पहाड़ों में हुई बर्फबारी के चलते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एक ठंड बढ़ गई है और लोग एक बार फिर से रजाई निकालने को मजबूर हो गए हैं। मौसम के मिजाज बिगड़ने से एक बार फिर किसान व बागवान खुश दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है इस समय यहां पर मक्की, राजमा, उड़द, कोदरा कुलथ की बिजाई जोरों पर है। मौसम के एकाएक करवट बदलने के बाद इस बार बंपर फसल होने की उम्मीद किसान कर रहे हैं।

वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों पर लगातार हो रही बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश के चलते लोगों ने गर्मी से भी राहत ली है। बहरहाल, मई महीने के अंतिम दिनों में पहाड़ों पर हुई बर्फबारी को लेकर लोग काफी खुश हैं। कुछ दिन पहले भी जनजातीय क्षेत्र भरमौर के पांगी में भी बर्फबारी हुई थी। लिहाजा जनजातीय क्षेत्र भरमौर में बारिश और ताजा बराबरी के चलते यहां पर पर्यटक भी काफी आनंद ले रहे हैं। मौसम खुशगवार होने के चलते यहां पर प्रर्यटकों की तादाद भी धीरे–धीरे बढ़ने लगी है।

# जय हिंद सभा में कांग्रेस ने सेना के पराक्रम व बलिदान को किया नमन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और सम्मान को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की जय हिंद सभा शुक्रवार को शिमला के पीटरहॉफ में हुई। इसमें कांग्रेस नेताओं ने देश की सुरक्षा के लिए सेना के समर्पण को सलाम किया और बलिदानियों व पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

इस सभा का मुख्य लक्ष्य भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके सम्मान को जन–जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के उन प्रेरक भाषणों के अंशों के प्रसारण से हुई, जिन्होंने देश की सुरक्षा और सेना के महत्व पर जोर दिया था।




जय हिंद महासभा की बैठक में भाग लेते कांग्रेस के वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन और प्रदेश पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और पार्टी विधायक भी इस उपस्थित रहे।

**पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित**

**सभा** के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बलिदानियों के परिजनों, पूर्व सैनिकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हालांकि, इस सभा में कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के केंद्र सरकार के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठाए। सुबह के समय कांग्रेस की इस रैली के कारण शिमला शहर में यातायात जाम की समस्या भी देखी गई। यह सभा भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखने के लिए हिमाचल कांग्रेस का एक प्रयास था।

# एसपी से प्रतिनिधिमंडल ने झुग्गी झोपड़ियां हटाने की रखी मांग

**अनंत ज्ञान, रंगस**

उपमंडल नादौन के अंतर्गत पड़ते रंगस क्षेत्र में झुग्गी–झोपडियों में रह रहे प्रवासियों को वहां से हटाने की मांग जोर पकड़ चुकी है। बजह यह है कि अभी हाल ही में एक भैंस के साथ प्रवासी द्वारा कुकर्म का मामला सामने आया था, जिसकी शिकायत पुलिस थाना नादौन में की गई थी, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस गंभीर समस्या को लेकर रंगस क्षेत्र की कई महिलाएं मुखर हो गई हैं।

शुक्रवार को क्षेत्र की महिलाओं ने बीडीसी सदस्य संतोष कुमारी के नेतृत्व में एसपी हमीरपुर, भगत सिंह ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि रंगस में रह रहे ये प्रवासी खुले में शौच कर खड्डों के पानी को दूषित कर रहे हैं। बता दें कि इन खड्डों के किनारे जल शक्ति विभाग की कई पेयजल आपूर्ति योजनाएं चल रहीं हैं। ये खड्डें आगे चलकर ब्यास नदी में मिलती हैं। जिससे ब्यास नदी का पानी दूषित होने से इसके किनारे बनी पेयजल योजनाओं पर संकट पैदा हो रहा है। जिससे बीमार होने का अंदेशा बना रहता है।

क्षेत्र वासियों ने बताया कि इन प्रवासी लोगों द्वारा क्षेत्र के माहौल को खराब किया जा रहा है। वहीं, इस बारे में एसपी हमीरपुर, भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि महिलाओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मांग पत्र सौंपा है।

# सरेडी बाजार में चोरी करता व्यक्ति दबोचा

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ तहसील के अंतर्गत विनय हार्डवेयर की दुकान से एक व्यक्ति को अन्य दुकानदारों ने रंगे हाथों दबोच लिया यह व्यक्ति लहड़ा पंचायत का रहना वाला है। पिछले कुछ महीनों से बाजार में कुछ दुकानदारों के गल्ले से पैसे चोरी हो रहे थे और इस काम को कोई अनजान व्यक्ति बड़े शातिराना अंदाज में अंजाम दे रहा था। दुकानदार भी इस चोरी की घटना से परेशान हो चुके थे।

**पोल से बांध कर की पिटाई**

विनय हार्डवेयर के ही कुछ दिन पहले आठ हजार रुपए गल्ले से निकल गए थे और आज फिर जब यह दुकान दार अपनी दुकान से कुछ दूर अपने स्टोर पर गया, इस दौरान यह व्यक्ति चुपके से आया और दुकान में घुस पर गल्ले से एक हजार के करीब पैसे निकाल लिए। एक अन्य दुकानदार को इस पर शक हुआ और वह उसके नजदीक आया और यह व्यक्ति डर से भागने लगा। इतने में अन्य दुकानदारों उसे कुछ दूरी पर दबोच लिया और बाजार में लाकर इसे एक पोल से बांध दिया। इस व्यक्ति ने सब कुछ कबूल कर लिया और गलती मान ली लोगों ने इस व्यक्ति की पिटाई भी की माफीनामा और दोबारा ऐसी हरकत न करने की शर्त छोड़ दिया गया। पुलिस को सूचना नहीं दी कई लोगों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया भी वायरल किया।

# सीबीआई जांच से घबराई सुक्खू सरकार: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि विमल नेगी मामले की सीबीआई जांच के आदेश से हिमाचल प्रदेश सरकार में हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार उजागर होने के डर से इस जांच को रुकवाना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री की शह पर शिमला के पुलिस अधीक्षक ने सीबीआई जांच रुकवाने के लिए कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सीबीआई जांच को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि विमल नेगी की मौत के मामले में कुछ बड़ा छिपाया जा रहा है। उन्होंने एसपी द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में एडवोकेट जनरल की सहमति का उल्लेख होने के बावजूद याचिका का निजी वकील द्वारा दायर किए जाने पर भी सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में 'व्यवस्था के पूरी तरह पैरालाइज्ड' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का शासन–प्रशासन पर नियंत्रण समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार सीबीआई जांच करवाने की बात कह रही है, वहीं एसपी सीबीआई के बजाय हाई कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग कर रहे हैं।

जयराम ने मुख्यमंत्री से पूछा कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी है कि वह एक अनुशासनहीन एसपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग भी यह पूछ रहे हैं कि क्या एक मुख्यमंत्री इतना विवश हो सकता है। ठाकुर ने मुख्यमंत्री को आगाह किया कि जिस रास्ते पर वे चल रहे हैं, उसका परिणाम अच्छा नहीं होगा।

# लहसुन से लदी पिकअप चोरी करने वाला काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सिरमौर निवासी यशपाल शर्मा ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह शामती में कमरा लेकर रह रहे है। इनके पास एक महिंद्रा पिकअप न एचपी–64–5498 है।

28 मई को रात 12:10 बजे के आसपास इन्होने अपनी उपरोका मोहिंद्र पिकअप को शामती में अपने किराये के कमरा के समीप खड़ी करके सोने के लिए अपने कमरा में चले गए थे। उक्त महिंद्रा पिकअप में 15 कटरे लहसुन के भी थे। जब यह प्रात घर जाने के लिए अपनी माहिंद्रा पिकअप के पास आये तो वहां पर इनकी महिंद्रा पिकअप खड़ी न थी, जिसकी तलाश इन्होंने अपने तौर पर भी की परंतु कहीं पर भी न मिली। लहसुन की कीमत 10,000 रुपए है।

इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहिंद्रा पिकअप की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान सोलन शहर व राष्ट्रीय उच्चमार्ग तथा टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले में संलिप्त आरोपी की पहचान की गई। 29 मई को आरोपी विरेंद्र (24) पुत्र लेखराम निवासी गोसान, जिला सोलन को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर चोरी हुई महिंद्रा पिकअप को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 से जिसे आरोपी ने लहसुन ग्रेन मार्कीट में बेचने के बाद वहीं पर खड़ी कर दी थी, को बरामद कर लिया।

आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है जिसके विरुद्ध चोरी के 2 मामले पंजीकृत हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, मामले की जांच जारी है।

**कार्यक्रम**

## आईजीएमसी में कार्यशाला में संक्रमण नियंत्रण के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने पर जोर

# स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों का अहम योगदान: अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शुक्रवार को शिमला के आईजीएमसी स्थित अटल सभागार में आयोजित 'संक्रमण के प्रति शून्य सहनशीलता' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।



कार्यशाला को संबोधित करते अनिरुद्ध सिंह।

इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नर्सों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और संक्रमण नियंत्रण के प्रति 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाने पर जोर दिया। अपने संबोधन में अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में संक्रमण की रोकथाम सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि अस्पताल जनित संक्रमण न केवल मरीजों के लिए खतरा पैदा करते हैं, बल्कि पूरी स्वास्थ्य प्रणाली की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को भी प्रभावित करते हैं।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं, बल्कि संक्रमण को रोकने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों को साझा करना भी है। मंत्री ने समाज के निर्माण में नर्सों की अहम भूमिका को स्वीकार करते हुए सभी नर्सों और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी।

उन्होंने हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार दूर–दराज के क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सुल्तानपुरी और चंद्रशेखर के साथ–साथ आईजीएमसी अस्पताल शिमला के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव और प्रधानाचार्य डॉ. सीता ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**नर्सिंग स्कॉलरशिप समिति को दिए एक लाख रुपए**

**इस** मौके पर अनिरुद्ध सिंह ने नर्सिंग स्कॉलर सोसायटी को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत गत रात नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना रेहन के अधीन राजा का तालाब में गस्त के दौरान सुनील कुमार उर्फ नोखा पुत्र मदनलाल निवासी मनारा हरसर तहसील ज्वाली के पास से तलाशी लेने पर 23.98 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी धर्मचंद वर्मा नूरपुर ने बताया के आरोपी पर पहले भी तीन अपराधिक मामले दर्ज हैं जिसमें तथा एक कुख्यात नशा तस्कर है जिस पर अन्य भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। धर्मचंद वर्मा ने बताया कि यह अभियान लगातार नशे के खिलाफ जारी रहेगा।

### ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** मुकेरियां से पठानकोट आ रहे ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान केयर सिंह पुत्र अमीर सिंह निवासी भूर जिला पठानकोट के रूप में हुई है। घटना नंगलभूर क्षेत्र की है। हादसे का पता चलते ही थाना नंगलभूर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जांच अधिकारी एएसआई प्रकाश सिंह ने बताया कि केयर सिंह अपने पोल्ट्रीफार्म के निकट से दूध लेकर घर वापस जा रहा था और जैसे ही वे सड़क क्रॉस करने लगा तो उसके मोटरसाइकिल के हैंडल में दूध वाला बर्तन फस गया जिसके चलते केयर सिंह मोटरसाइकिल से बर्तन को सही करने लगा कि इतने में मुकेरिया साइड से आ रहे लोडेड ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे केयर सिंह की इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों समेत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा केशर सिंह की लाश परिवार को सौंप दी है। वहीं, केयर सिंह के परिवार सदस्यों के बयानों पर पुलिस ने ट्रक चालक महराजू दीन गनी निवासी रिजनी बारा मुल्लहा जेएंडके के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक शादीशुदा था और अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गया है।

### भूतपूर्व अर्धसैनिक बल की त्रैमासिक बैठक सात को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक 7 जून शनिवार को सुबह 10:30 बजे सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में कल्याण संगठन के जिला कांगड़ा अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैटर्न एमएल ठाकुर की अध्यक्षता में होगी। जानकारी देते हुए जिलाउपाध्यक्ष बलदेव राणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों सहित सरकार के पास लम्बित मांगों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रृद्धांजलि भी दी जायेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से बैठक में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर भोजन की भी व्यवस्था भी होगी।

### 19 स्थानों पर लगाए पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पशु रोगविज्ञान विभाग द्वारा मंडी जिले के 19 स्थानों पर घोड़ा आधारित पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविरों का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- नेशनल रिसर्च सेंटर, हरियाणा द्वारा प्रायोजित 'घोड़ा परियोजना' के अंतर्गत आयोजित किए गए। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण घोड़ा पालकों के जीवन स्तर को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने शिविर का नेतृत्व कर रहे डॉ. राकेश कुमार और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की तथा अन्य जिलों में भी ऐसे कार्यक्रमों के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। 'घोड़ा पालन से जुड़े पशुपालकों तक वैज्ञानिक जानकारी और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना न केवल पशु कल्याण को बढ़ावा देता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करता है,' उन्होंने कहा। शिविरों का आयोजन दुगरेन, गोहर, बग, शाला, बर्जोहडू, जच्च, बगस्याड, थुनाग, जंजैहली, करसोग, धरमौर, पंगना, निहरी, रोहांडा, सैगलू, कोटली, गोखरा और कुन गांवों में किया गया। इन शिविरों में घोड़ों, खच्चरों और गधों की स्वास्थ्य जांच, परजीवी नियंत्रण (रक्त व मल जांच के माध्यम से), पोषण संबंधी परामर्श और रोगों की पहचान, रोकथाम व उपचार पर प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सोनाली मिश्रा ने पपरोला में समानांतर शिविर आयोजित कर कांगड़ा जिले में भी इस पहल को आगे बढ़ाया।

# डईं पंचायत में मनरेगा कार्यों में धांधली

## शिकायतकर्ताओं का आरोप-अभी तक नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, डरोह**

ग्राम पंचायत डईं के निवासी कैप्टन धर्म पाल, कैप्टन कपूर सिंह, हवलदार मलकीत सिंह, भगवान सिंह व विक्रम सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि डईं पंचायत में मनरेगा के तहत हुए कार्यों में धांधली हुई है। इसकी पहली बार 04 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, डीसी कांगड़ा व सचिव गृह विभाग शिमला को पत्र द्वारा शिकायत भेजी गई।

दूसरी शिकायत 13 नवंबर, 2024 को उपरोक्त समान विभागों को पत्र द्वारा भेजी गई। इन दोनों शिकायतों की प्रारंभिक जांच 18 अक्तूबर 2024 को खंड विकास अधिकारी व कार्यकारी अधिकारी द्वारा करने के उपरांत यह पाया कि बीडीओ और कार्यकारी अधिकारी से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं थी। परिणाम स्वरूप 17 दिसंबर, 2024 को एक दूसरी जांच

**जांच रिपोर्ट संतोषजनक न होने के कारण उठाई थी दोबारा कार्रवाई की मांग**

की गई जिसने शिकायतों में उठाए मुख्य मुद्दों को सीधे संबोधित किया। दूसरी जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की सिफारिश की गई। इसके साथ-साथ प्रारंभिक जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं थी इस कारण आगे की कार्रवाई की आवश्यकता पड़ी।

इस वजह से एक शिकायत माननीय उच्च न्यायालय में दर्ज की गई। जिसका मामला नंबर एचएच सी/पीआईएल/एफ-3385 है और यह 2 दिसंबर 2024 दिनांक थी। 26 दिसंबर को एक और जांच की गई, जिससे यह भी संज्ञान में आया कि 17 दिसंबर को की गई जांच पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी और उसे बीच में ही छोड़ दिया गया।

### नहीं मिली है नई जांच रिपोर्ट : अधिकारी

शिकायतकर्ताओं द्वारा विकास खंड अधिकारी से संपर्क करने पर उन्हें बताया गया कि अभी तक कोई नई जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है और पहले कोई जांच नहीं हुई थी। जांच के लिए पंचायत निरीक्षक और निरीक्षक को बुलाया गया था लेकिन उनसे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जब उनसे इस संबंध में पत्र लिखवाया गया तो उन्होंने आने वाले विभाग को जिम्मेदार ठहराया गया। इससे यह संदेश मिलता है कि संबंधित विभाग भी इस मामले में शामिल हो सकते हैं। उपरोक्त प्रयासों के बावजूद शिकायतकर्ताओं द्वारा भेजी गई बाद की चार-पांच शिकायतों पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो इस प्रक्रिया में देरी को दर्शाती है।




### विभागीय जांच प्रक्रिया हो चुकी है पूरी : बीडीओ

**बीडीओ** सुलह स्थित भेड़ूमहादेव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि डईं पंचायत में मनरेगा कार्यों में धांधली की कुछ लोगों की शिकायत पर की गई, विभागीय जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता हमारे कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# चांदड़ में बाबा बर्फानी नाथ मेला झंडा रस्म के साथ शुरू




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल के चांदड़ में तीन दिवसीय बाबा बर्फानी नाथ मेले की शुरुआत 29 मई को झंडा रस्म से हो चुकी है, जोकि 31 मई तक चलेगा। ग्राम पंचायत प्रधान अनुपमा पहले मेले के मुख्यातिथि रहे। इस दौरान कमेटी प्रधान मदनलाल व कमेटी सदस्य भी मौजूद रहे। इस मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती है। पहले मेले में स्थानीय पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। मेले के पहले दिन चांदड़ बमियाल पंचायत की प्रधान अनुपमा कुमारी की ओर से गांव की महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लेमन स्पून रेस, चेयर रेस, बेलून रेस, सूई धागा रेस, व डांस पेयर रेस करवाई गई।

इसके साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें देश भक्ति गीत, पहाड़ी गीत, पंजाबी गीत बच्चों द्वारा गाए गए। पंचायत द्वारा सभी को इनाम दे कर प्रोत्साहित किया गया। संजय कुमार, रमेश चंद, श्रेष्ठा गुलेरिया, अंजू कुमारी, कुसमा देवी व बिंता देवी ने इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया।

# अवैध खनन करते जेसीबी, टिप्पर और तीन ट्रैक्टरों का किया चालान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत अवैध खनन लगातार जोरों से किया जा रहा है। इस समय क्रशर वालों के पास दरिया तथा खनन सामग्री न होने के चलते क्रशर वाले व स्थानीय लोग अब पहाड़ों का सीना छलनी करके उसमें से बड़ी मात्रा में खनन सामग्री निकालकर क्रशर वालों को बेच रहे हैं। इस समय तकरीबन 50 से ज्यादा जेसीबी मशीन जोकि स्थानीय लोगों द्वारा खरीद कर ट्रैक्टर ट्रालियों तथा टिप्परों के जरिए यह लोग अवैध धंधा करके लाखों रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं।

वहीं सरकार को भी लाखों रुपए चूना लगा रहे हैं। आज सुबह नूरपुर के माइनिंग ऑफिसर सुरेश ठाकुर द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर फ्लाइंग माइनिंग गार्ड सनी ज सवाल को गांव मिलवां में भेजने पर पाया के एक जेसीबी मशीन



**चालान कर वसूला 80 हजार रुपए का जुर्माना**

तथा एक टिप्पर जो के मौके पर बिना किसी अनुमति के अवैध खनन कर रहे थे, मौके पर 65 हजार का जुर्माना वसूल किया गया तथा तीन ट्रैक्टरों से चक्की दरिया में अवैध खनन करने पर 15000 का जुर्माना वसूल पाया।

इसकी पुष्टि करते हुए माइनिंग ऑफिसर सुरेश ठाकुर ने बताया की अवैध खनन किसी भी तरह का बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पाकिस्तान जासूस को मिले कठोर सजा : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि देव भूमि हिमाचल प्रदेश के मंदिरों से भरे हुए जिला कांगड़ा का निवासी होने के कारण मेरा सिर शर्म से झुक गया है, मैं शर्मिंदा ही नही हूं अपितु आहत भी हूं। उन्होंने कहा कि देहरा के एक जवान अभिषेक भारद्वाज को पाकिस्तान की जासूसी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। समाचार में उसकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दी गई है। सैनिकों का घर कहा जाने वाला कांगड़ा का कोई व्यक्ति सपने में भी सोच नही सकता कि यहां का कोई जवान पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है।



शायद यह पहला मौका है कि ऐसी शर्मनाक घटना हुई है। शांता कुमार ने कहा कि पालमपुर के बनूरी के पास 101 करनाल भूमि को गैर कानूनी तरीके से किसी के नाम किया गया और उसने लाखों रुपए में वह भूमि बेच दी। कानूनी दृष्टि से यह सब कुछ गलत तरीके से हुआ है। उस भूमि पर वर्षों से कुछ परिवार रह रहे हैं। पूरे समाचार से लगता है कि एक योजनापूर्वक तरीके से लाखों रुपए की हेराफेरी हुई है। उन्होंने प्रशासन से विशेष आग्रह किया है कि इन दोनों मामलों में दोषियों को अतिशीघ्र कठोर से कठोर सजा दी जाएं।

# भगवान शिव को अपनी आत्मा मानकर उनकी पूजा करनी चाहिए

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** भगवान सदाशिव की साधना से सब फल की प्राप्ति होती है। भगवान अपने भक्तों को भोग और मोक्ष एक साथ प्रदान करते हैं, जबकि सामान्यत: दोनों का साहचर्य नहीं देखा जाता। जहां भोग है वहां मोक्ष नहीं, जहां मोक्ष है वहां भोग नहीं रहता है, फिर भी शिव उपासक के लिए दोनों एक साथ सुलभ हैं।

उक्त अमृतवचन शिव महापुराण कथा महोत्सव के सप्तम दिवस में परम श्रद्धेय स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने नाग मंदिर, रक्कड़ में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म के लिए शिव पद कि प्राप्ति ही साध्य है। भगवान शिव के चरित्र का श्रवण, कीर्तन एवं मनन, यह तीनों महत्तर साधन कह गए हैं। शिव पुराण को सुनने के प्राय: सभी अधिकारी हैं। चारों वेदों में लिंगार्चन से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है केवल शिवलिंग की पूजा होने पर, समस्त चराचर जगत की पूजा हो जाती है।

अतुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि रुद्राक्ष धारण से एक चौथाई, भस्म धारण से आधा, मंत्र जप से तीन चौथाई और पूजा से पूर्ण फल



प्राप्त होता है। भगवान शिव को अपनी आत्मा मानकर उनकी पूजा करनी चाहिए, इस पृथ्वी पर ऐसा कोई पाप नहीं है, जो शिव प्रदक्षिणा से नष्ट न हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश शर्मा, देशबंधु, अमित शर्मा, अरविंद शर्मा, नरेश शर्मा, राकेश शर्मा, मदन लाल, मनोज शर्मा, अनिल, विजय, सुधीर, अमित कुमार शर्मा, विशाल शर्मा, अश्विनी शर्मा, शेली शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## अनंत कृषि

# फॉल आर्मीवर्म : मक्की की फसल का दुश्मन

**कृषि विवि पालमपुर के वैज्ञानिकों ने 2019 में लगाया इसके प्रकोप का पता**



**विश्व** में मक्की व्यापक रूप से उगाई जाने वाली फसलों में से एक है जिसकी खेती विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के अंतर्गत लगभग 160 देशों में 1500 लाख हेक्टयेर क्षेत्र में की जाती है। भारत में भी मक्की, धान व गेहूं के बाद तीसरी अत्यंत महत्वपूर्ण फसल है। वैसे तो इस फसल की बिजाई से लेकर कटाई तक की विभिन्न अवस्थाओं में 100 से अधिक कीट क्षति पहुंचाते हैं, लेकिन विगत दो वर्षो से हमारे देश में कीट की एक नई प्रजाति, फॉल आर्मीवर्म का गंभीर प्रकोप मक्की में देखा जा रहा है। भारत में सर्वप्रथम यह कीट वर्ष 2018 में कर्नाटक के बंगलौर ग्रामीण और चिक्कबल्लापुर जिलों में पाया गया था। देखते ही देखते यह कीट भारत के दूसरे राज्यों में भी फैल गया। वर्ष 2019 के बाद हिमाचल प्रदेश में मक्की का उत्पादन करने वाले विभिन्न जिलों में इस कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। इस वर्ष कीट विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पालमपुर क्षेत्र से मक्की की फसल में इसके प्रकोप का पता लगाया। 2020 व 2021 में प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस कीट का अत्यधिक प्रकोप रहा तथा इसके उचित प्रबंधन की जानकारी शीघ्र जुटाने की आवश्यकता समझी गई।

**-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।**

### फॉल आर्मीवर्म अत्यंत विनाशकारी कीट?

**इस** कीट ने हमारे देश में विदेश से प्रवेश किया है इसलिए यह एक प्रकार से 'घुसपैठिया कीट' (इनवेसिव पेस्ट) है। वैज्ञानिक भाषा में इसका नाम स्पोडोप्टेरा फ्रुगिपर्डा है तथा यह हानिकारक कीटों के एक महत्वपूर्ण समूह, लेपिडोप्टेरा से संबंध रखता है। इस कीट के परिवार की अन्य कई प्रजातियां पहले से ही हमारे देश में मौजूद हैं जो मक्की के साथ-साथ अन्य विभिन्न फसलों में क्षति पहुंचाती हैं। फॉल आर्मीवर्म अन्य सभी कीट प्रजातियों से अधिक विनाशकारी व मक्की की फसल में भयानक क्षति पहुंचाने वाला कीट है। पिछले दो तीन वर्षों में ही यह कीट विश्व के पचास से अधिक देशों में भारी आर्थिक क्षति पहुंचा चुका है। इस कीट की मुख्य विशेषताएं हैं कि यह बहुभक्षी (पॉलीफैगस) होने के साथ-साथ बहुत जल्दी लंबी दूरी तक प्रवास (माइग्रेशन) करके बहुत बड़े भूभाग में फैल सकता है तथा खाने योग्य पौधों कि उपलब्धता व मौसम अनुकूल होने पर वर्ष भर अपने आप को क्षतिदायक अवस्था में कायम रख पाने में सक्षम है। इन्हीं विशेषताओं के कारण विश्व खाद्य संगठन (एफएओ) इस कीट को लाखों लघु किसानों की जीविका व खाद्य सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा मान कर इसके नियंत्रण के लिए एक विश्वव्यापी कार्रवाई पर अमल कर रहा है।





### कीट प्रभावित फसलें

**फॉल** आर्मीवर्म एक बहुभक्षी कीट है जो 350 से अधिक पौधों की प्रजातियों को क्षति पहुंचाता है, जिसमें मुख्यतः मक्का, धान, ज्वार, जौ, गन्ना, सोयाबीन, कपास, विभिन्न फल व सब्जियां शामिल हैं। हालांकि मक्का, ज्वार, और गेहूं में इस कीट का अत्याधिक प्रकोप देखा जा रहा है।

**क्षति के लक्षण :** फॉल आर्मीवर्म की केवल सुंडी अवस्था ही फसलों को क्षति पहुंचाती है तथा इसके वयस्क (पतंगे) सीधे तौर पर फसल को नुकसान नहीं करते, वे अंडे देने का काम करते हैं। हालांकि इस कीट को पत्ते खाने वाली सुंडी समझा जाता है लेकिन मक्की में यह कीट पौधे के विभिन्न हिस्सों जैसे पर्णचक्र (व्हर्ल), फूल (टैसल) व भुट्टे (इयर्स) को भी क्षति पहुंचाता है। इसके मुख्य लक्षणों में पत्तों में छोटे व गोल छिद्र (शॉट होल्ज), पूरी तरह छलनी किये हुए पत्ते (स्केलेटोनाइज्ड लीव्स), पत्तों में खिडकीनुमा आकृतियां (विंडो पैटर्न), पर्ण चक्रों में कीट की बीठ मिला हुआ हल्के भूरे रंग का कीट द्वारा खाकर छोड़ा गया दानेदार पदार्थ (फ्रास) व भुट्टों में छिद्रों का प्रकट होना शामिल है।

**जीवन चक्र :** इस कीट की चार अवस्थाएं-अंडा, सुंडी, प्यूपा व वयस्क पतंगा होती हैं। वयस्क मादा पतंगे पत्तों की निचली सतह पर तने पर या फिर पौधे के मध्य अग्रभाग (पर्ण चक्र ) के अंदर क्रीम रंग के 800 से 1000 अंडे समूहों में देते हैं जिन्हे वे अपने बालों (हेयरी टफ्ट) से ढक देते हैं। अंडों का व्यास व लम्बाई क्रमशः 0.4 मिमी तथा 0.3 मिमी होती है। अंडे 4-6 दिनों में फूट जाते हैं और इनमें से काले सिर वाली हरे रंग की छोटी-छोटी सुंडियां निकलती हैं जो शुरू में बड़े समूहों में पत्तों के हरे पदार्थ को एक तरफ से खाती है। धीरे-धीरे इन सुंडियों का आकार बढ़ता जाता है और लगभग 14 से 17 दिनों में छह चरणों से गुजरते हुए सुंडी अवस्था को पूरा करती हैं। पूर्णतः विकसित सुंडिया जमीन के अंदर (2 से 8 सेंमी) चली जाती हैं और मिटटी के छोटे-छोटे घर बनाकर उनके अंदर प्यूपा में परिवर्तित हो जाती हैं।

**कीट का समेकित प्रबंधन :** फॉल आर्मीवर्म द्वारा होने वाली क्षति के आर्थिक महत्व व भविष्य की कृषि में भी एक अति महत्वपूर्ण नाशीजीव (पेस्ट) बने रहने की इसकी क्षमता के मद्देनजर यह अत्यंत आवश्यक है कि इसके उचित प्रबंधन के लिए प्रभावी समेकित (इंटीग्रेटेड), कोऑर्डिनेटेड व लचीली प्रणाली (एप्रोच) विकसित की जाए। समेकित नाशीजीव प्रबंधन का मुख्य लक्ष्य है कि पर्यावरण व मनुष्यों को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुंचाने वाली विभिन्न तकनीकों व उपायों को अपनाकर नाशीजीवों की संख्या को उस स्तर तक दबा कर रखना है।

### कीट प्रभावित क्षेत्र

**फॉल** आर्मीवर्म मूलतः उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका महाद्वीपों के उष्ण कटिबंधीय और उपोष्णकटिबंध क्षेत्रों का अति विनाशकारी कीट रहा है। अमेरिका महाद्वीपों के बाहर पहली बार इस कीट का प्रकोप 2016 में पश्चिम व मध्य अफ्रीका के देशों में पाया गया तथा जनवरी 2018 तक यह कीट अफ्रीका के 40 से अधिक देशों में फैल चुका था। एशिया प्रशांत क्षेत्र से सर्वप्रथम भारत में यह कीट मई, 2018 में कर्नाटक राज्य से रिपोर्ट किया गया व उसके बाद अन्य देशों जैसे यमन, बांग्लादेश, म्यांमार, चीन, थाइलैंड, श्रीलंका, नेपाल, फिलीपींस, वियतनाम, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, जॉर्डन, सीरिया, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों में इस कीट का प्रकोप पाया गया।

### कीट की पहचान

**इस** कीट की आरंभिक अवस्था में पहचान करना व मक्की में इस कीट के परिवार की दूसरी प्रजातियों के कीटों से भेद करना थोड़ा मुश्किल है लेकिन बड़ी सुंडियों में इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है। आरंभिक अवस्था की सुंडियों का शरीर काले रंग के सिर के साथ हरे रंग का होता है। इस कीट की बड़ी सुंडियां भूरे काले रंग की होती हैं (लगभग 3.4 सें मी. लम्बी) तथा इनके शरीर पर तीन सफेद धारियां दिखाई देती हैं। इन सुंडियों के शरीर के अंतिम से पहले वाले खंड (सेगमेंट) के ऊपरी हिस्से पर वर्गाकार स्थिति में चार काले रंग के निशान (स्पॉट्स) होते हैं एवं सिर पर अंग्रेजी के अक्षर वाई की उल्टी आकृति में धारियां बनी होती हैं। छूने पर यह सुंडियां खुरदरी प्रतीत नहीं होती जैसा कि मक्की को क्षति पहुंचाने वाली इसी तरह की एक और महत्वपूर्ण प्रजाति, हेलिकोवर्पा जिया की सुंडियां होती हैं। सुंडियां तेज धूप में अपने आप को छुपाने की कोशिश करती हैं।

### कीट के प्रभावी प्रबंधन के उपाय

**इस** कीट के प्रभावी प्रबंधन के लिए आरंभ से ही कीट-निगरानी के साथ-साथ कीट नियंत्रण के विभिन्न उपायों को एक समेकित प्रणाली के रूप में अपनाया जाना चाहिए। फसल की अलग-अलग अवस्था में कीट प्रबंधन के विभिन्न उपाय निम्नलिखित है।

**बिजाई से पहले**

1. खेतों में गहरा हल चलाएं, जिससे इस कीट के प्यूपे तेज धूप व पक्षियों द्वारा नष्ट हो सकें।
2. जहां संभव हो वहीं 200 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से नीम की खली भूमि में डालें
3. खेत की मेढों को साफ रखें व आसपास सूरजमुखी व गेंदा आदि फूल उगाएं, जो इस कीट के विभिन्न शत्रुओं को को आकर्षित करते हैं।



डॉ. कुलदीप धीमान, डिप्टी डायरेक्टर, कृषि, जिला कांगड़ा।



अंजू ठाकुर, विषय विशेषज्ञ, स्टेट बायोकंट्रोल लैबोरेटरी, पालमपुर।

# सोलन में हाई डेंसिटी सेब उत्पादन की तरफ बढ़ा युवाओं का रुझान



**हिमाचल** प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही युवाओं सेब की पैदावार राज्य की आर्थिकी आधार बन चुका है। वैज्ञानिक शोध में सेब की नई किस्में विकसित होने से अब कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी सेब की अच्छी पैदावार होने लगी है। हर वर्ष प्रदेश में सेब का कारोबार 5 हजार करोड़ से अधिक का हो चुका है। वैज्ञानिक शोध की बदौलत अब शिमला, किन्नौर, कुल्लू में ही नहीं बल्कि सोलन सिरमौर के कम ऊंचाई वाली जगहों में भी हाई डेन्सिटी (उच्च घनत्व) सेब की किस्मों का उत्पादन होने लगा है। सोलन मुख्यालय के साथ लगते कायलर, घट्टी, कोठी, सेरी, गलानंग, जौणाजी, धारो की धार और कंडाघाट में पिछले पांच वर्षो में उच्च घनत्व सेब उत्पादन की तरफ युवाओं का रुझान बढ़ा है। सोलन के कई युवा प्रगतिशील किसान अब सेब उत्पादन से अच्छी खासी कमाई करने लगे। यहां के किसान पारंपरिक खेती और बेमौसमी सब्जी का उत्पादन करते हैं। इसमें मुख्यतः टमाटर, शिमला मिर्च, मटर, गोभी की नकदी फसल की पैदावार होती है लेकिन पढ़ाई के बाद खेती को रोजगार के तौर अपना रहे युवाओं का रूझान अब सेब उत्पादन की तरफ बढ़ा है। सोलन में 1600 मीटर की ऊंचाई वाले घट्टी क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में कई युवाओं ने सेब उत्पादन को आमदनी का जरिया अपनाया है।

**-प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन।**

### मिट्टी की गुणवत्ता व पानी की पर्याप्तता

**सोलन** के कोठी गांव में तैयार हुए सेब का स्टैंडर्ड साइज तो है ही क्वालिटी में भी बेस्ट है। इसका कारण कोठी गांव में मिट्टी की गुणवत्ता व पानी की पर्याप्तता मौजूद है। खास बात है कि यह कि यह सेब अर्ली वैरायटी का होने के चलते सबसे पहले मार्केट में पहुंच जाएगा। इससे सेब उत्पादकों को मार्केट में मुंह मांगे दाम मिल सकते हैं। यही कारण है कि सोलन में सेब की पैदावार देखकर अब युवा किसान-बागवान का रुझान इस तरफ बढ़ने लगा है। कपिल मेहता का कहना है कि सेब का बगीचा तैयार करने में शुरू में काफी खर्च आता है पर यदि इसे सफलतापूर्वक तैयार किया जाए तो किसान बागवान को फसल आने के बाद अच्छी कमाई हो सकती है। इसमें मेहनत भी अच्छी खासी लगती है। हालांकि सोलन के युवा प्रयोगात्मक तौर उच्च घनत्व सेब उत्पादन की रुचि लेने लगे हैं।

### दो हजार से अधिक पौधे किए तैयार



**प्रगतिशील** युवा बागवान विक्रांत ठाकुर ने उच्च घनत्व सेब की पैदावार कर से लाखों रुपए की आमदनी अर्जित कर मिसाल पेश की है। इसी तरह कोठी गांव के प्रगतिशील किसान ने कपिल मेहता भी ने भी उच्च घनत्व सेब उत्पादन में हाथ आजमाए हैं। उन्होंने उच्च घनत्व के गाला एम-9, गेल गाला, डार्क बैरन और रेड गाला जैसी सेब के करीब 2000 से अधिक पौधे तैयार किए है। मेहता ने बताया कि सेब के पौधों ने फल देना शुरू कर दिया है। इस बार के सीजन में सेब की अच्छी फसल के साथ उचित दाम मिलने की उम्मीद है।

### कई लोग कर रहे हैं सेब उत्पादन : डॉ. डीपी

नौणी यूनिवर्सिटी के उद्यानिकी विभाग के एचओडी रहे डॉ. डीपी शर्मा का कहना है कि सोलन में उच्च घनत्व सेब उत्पादन की काफी संभावनाएं है। सोलन के आसपास कई लोग अब सेब उत्पादन करने लगे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के खिलाफ अभियान चलाएंगे युवा

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** यूथ अगेनस्ट ड्रग्ज नूरपुर संस्था के युवा क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाएगी। यह बात संस्था के अध्यक्ष रवि मेहरा ने बताया कि इस अभियान के तहत क्षेत्र के प्रत्येक स्कूल में नशे और इससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जायेगा वहीं क्षेत्र की हर पंचायत में जाकर लोगों को भी इस मुहिम में जोड़ा जाएगा। रवि ने कहा कि नूरपुर क्षेत्र से नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए प्रशासन भी सराहनीय कार्य कर रहा है आये दिन नशे के तस्कर कानूनी शिकंजे में आ रही। प्रशासन की इस मुहिम को और मजबूत धार देने के लिए संस्था की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। रवि ने बताया कि उनकी संस्था 2019 से क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है कोरोना काल में भी संस्था की युवा टीम ने बेहतर कार्य किया था इसी के तहत अब संस्था नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ने जा रही है युवा वर्ग को नशों से दूर रखने शिक्षा, स्वास्थ और खेलों की ओर आकर्षित करना संस्था का मुख्य उदेश्य रहेगा। इस अवसर पर संस्था के प्रिंस, कमल, शुभम, पंकज, दीक्षित और अनिकेत चौधरी भी मौजूद रहे।

### युवाओं के लिए लगाया करियर काउंसिलिंग सत्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** युवा मामले और खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत-कांगड़ा हिमाचल प्रदेश द्वारा शहीद स्मारक में युवाओं के लिए एक कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके उपरांत युवाओ को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकित करने और पीएम जन औषधि केंद्र ईएलपी में भाग लेने के लिए भी जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम वेस्ट वॉरियर्स धर्मशाला के समन्वय से करवाया गया। उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने कहा कि युवा समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं तथा इसी दिशा में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं को सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं ताकि युवा शक्ति को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### योल में छबील से छलका मानवता का संदेश



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल गुरुद्वारा के मुख्य गेट और शिल्पी ज्वैलर्स के बाहर शुक्रवार को मीठे शरबत की छबीलें लगाई गईं। इस अवसर पर राहगीरों और आमजन को ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया गया, जिससे गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिली। यह छबील सिख परंपरा की एक विशेष सेवा है, जो मानवता, भाईचारे और नि:स्वार्थ सेवा की भावना को दर्शाती है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव परमिंदर सिंह ने बताया कि इस सेवा कार्य के पीछे प्रेरणा गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान की स्मृति है, जिनकी शहादत के उपलक्ष्य में गर्मी के दिनों में मीठे जल की छबील लगाई जाती है। यह परंपरा समाज में सौहार्द, सहयोग और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने का कार्य करती है।

### बीड़-बिलिंग में चलाया जाएगा सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़ बिलिंग में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक बड़ा सफाई अभियान चलाया जाएगा। यह पहल वेस्ट वॉरियर्स द्वारा स्थानीय समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों, महिला मंडलों, युवा समूहों और सरकारी विभागों के सहयोग से आयोजित की जा रही है। यह सफाई अभियान पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साईट क्योर के जंगल से चौगान बाजार सूर्य क्लासिक होटल, पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट , टेक-ऑफ साइट बिलिंग, अप्पर बीड़ (छोटी कुटिया) से बीड़ पंचायत घर तक सफाई की जाएगी। अभियान में स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थानों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। वेस्ट वॉरियर्स के सीईओ विशाल कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य न केवल कचरा हटाना है, बल्कि लोगों को स्थायी रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित करना है। बीड़ बिलिंग की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और सभी लोगों की भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने के लिए की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान को बढ़ावा दें। प्लास्टिक और कचरा न फैलाने की प्रतिज्ञा लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। यह पहल केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता को बचाने का एक मिशन है। आप भी इस आंदोलन का हिस्सा बन सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दे सकते हैं।

### चिकित्सा शिविर में किया बच्चों-अभिभावकों का चेकअप



**अनंत ज्ञान, योल।** फोर्टिस हेल्थ कांगड़ा ने सूर्य उदय स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में शारीरिक, विकासात्मक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया था। फोर्टिस के डॉक्टरों, दंत चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्ट, ईएनटी विशेषज्ञों और सामान्य चिकित्सकों की एक समर्पित टीम ने विस्तृत स्वास्थ्य जांच, विकासात्मक जांच और सामान्य परामर्श आयोजित किए। 90 से अधिक बच्चों और अभिभावकों ने सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा मूल्यांकन के साथ-साथ, शिविर में देखभाल करने वालों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, पोषण और तनाव प्रबंधन पर जागरूकता सत्र भी शामिल थे, जिससे परिवारों को अपने बच्चों का बेहतर तरीके से समर्थन करने में मदद मिली।

### अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर शाहपुर में संगोष्ठी



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कांगड़ा द्वारा शाहपुर के रैत में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के महान योगदान, उनके जीवन मूल्यों और समाज सेवा में उनके अमूल्य कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस संगोष्ठी में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांगड़ा के विधायक पवन काजल, भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा व पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायी जीवन से अवगत कराना और महिलाओं को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करना रहा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली महान विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि देती है। उन्होंने यह भी कहा कि अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीक थीं, जिन्होंने शासन, धर्म, समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में महिला सशक्तिकरण, धार्मिक स्थलों के निर्माण और गरीबों की सेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य महिलाओं को अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा देना और उनके आदर्शों को समाज में प्रसारित करना है।

## एक वर्ष में इलेक्ट्रिक बसों ने 6,76,443 किलोमीटर का सफर किया तय

# धर्मशाला से 40 रूटों पर चलाई 15 इलेक्ट्रिक बसें : पंकज चड्ढा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**






पत्रकारों को संबोधित करते एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा।

**धर्मशाला।** धर्मशाला से विभिन्न 40 रूटों पर चलाई गई 15 इलेक्ट्रिक बसों ने एक वर्ष में 6,76,443 किलोमीटर का सफर पूरा किया है, जिसमें प्रति किलोमीटर आय बढ़ने के साथ-साथ ईंधन की भी बचत हुई है।

एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने जानकारी दी कि 26 मई, 2024 से 26 मई, 2025 तक इन बसों ने 6,76,443 किलोमीटर का सफर किया है, जिसमें 12 बार ब्रेक डाउन हुआ है, जोकि अपने आप में ही बेहतर सेवा को दर्शाता है। एक वर्ष ईंधन के रूप में करीब 98 लाख रुपए की बचत हुई है जबकि इस वर्ष 27 रुपए प्रति किलोमीटर के आय हुई है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 23 पैसे ज्यादा है। पिछले वर्ष ये 26 रुपए, 77 पैसे थी। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में 1,11,15,67,738 रुपए आय हुई है। उन्होंने जानकारी सांझा करते हुए साफ किया कि इलेक्ट्रिक बसों पर प्रति किलोमीटर 8 रुपए, 56 पैसे खर्च आ रहा है जबकि पहले डीजल बसों में ये 23 रुपए, 14 पैसे था। जिसमें अब 14 रुपए, 58 पैसे की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत मिली इन बसों के संचालन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण था। न केवल पर्यावरण बल्कि प्रति किलोमीटर आय बढ़ने के साथ-साथ इससे ईंधन की भी बचत हुई है। साथ ही इन बसों में सफर किए जाने की दिशा में यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने श्री चामुंडा-वृंदावन धाम के लिए शुरू नई बस सेवा पर अज्ञात लोगों के पत्थर फेंकने के मामले में कहा कि इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है।

इस दिशा में आरएम के निर्देश पर इंस्पेक्टर ने आनंदपुर साहिब थाने में शिकायत भी दर्ज करवा दी है। इस मामले में चालक-परिचालक भी वहां जाएंगे और अधिकारी भी, हमें उम्मीद है कि इस मामले पर पत्थर फेंकने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। एचआरटीसी की ओर से भी इस मामले में पूरा ध्यान है।

# कौशल विकास से युवाओं के लिए खुल रहे रोजगार के द्वार : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा सुख सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाने और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि युवाओं की क्षमता का निर्माण हो सके और छोटे पैमाने के स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए सहयोग प्रदान किया जा सके।

इन भवनों के निर्माण उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास निगम के प्रशिक्षुओं की सुविधा के लिए राज्य में 67 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में उपकरणों के उन्नयन के लिए धन उपलब्ध करवाया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने निगम के आठ निर्माणाधीन भवनों के निर्माण को पूरा करने के लिए 25 करोड़ रुपए आवंटित करेगी।

उन्होंने कहा कि पहली



लोगों की समस्याओं को सुनते हुए आरएस बाली।

**वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 38572 को दिए हैं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र**

जनवरी, 2023 से अब तक 38713 युवाओं को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में नामांकित किया गया है। इनमें से 38572 को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिए जा चुके हैं और 8630 प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट हुई है।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की पहली प्राथमिकता है तथा इस बाबत रोजगार मेलों का आयोजन भी किया जा रहा है ताकि युवाओं को घर द्वार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में वर्ष में दो बार रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं इसके साथ ही युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए गए हैं।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि विकास पुरूष स्व जीएस बाली ने युवाओं को रोजगार तथा बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने का संकल्प लिया था तथा उन्हीं के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं।

# आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए 6 जून को होगी मॉकड्रिल : इशांत

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा में मानसून की तैयारियों को लेकर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों साथ मानसून में किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए हर विषय पर बिंदु बार चर्चा की।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को मानसून आने से पूर्व अपने अंतर्गत आने वाले कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिए गए ताकि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयार रहें। उन्होंने नगर परिषद, खंड विकास कार्यालय और लोक निर्माण विभाग को नालों और चैनलों की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वस्थ्य, सुरक्षा और फायर विभाग को भी तैयार रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर 6 जून को उपमंडल कांगड़ा में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संस्थानों में भी इस दिन मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए जिस से बच्चों को ऐसी स्तिथि में क्या करना चाहिए यह बताया जा सके।

इस बैठक में एसडीएम कांगड़ा सहित तहसीलदार पूजा अधिकारी, नायब तहसीलदार पविंद्र पठानिया, विशाल, अरुण पाराशर, पंकज कुमार, अक्षय भाटिया, संजीव कुमार, पारुल, रमेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

# पालमपुर भ्रष्टाचारियों के लिए बना सुरक्षित जगह : राजेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए राजेश राणु व साथ हैं अन्य।

**पालमपुर।** पालमपुर भू माफिया, नगर निगम माफिया, टूरिज्म विलेज माफिया, अवैध पार्किंग वसूली माफिया का अड्डा बन चुका है। यह शब्द भाजपा के जिला महामंत्री राजेश राणु ने कहे। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते ही पालमपुर में एक बहुत बड़े जमीन घोटाला को लेकर मीडिया ने मामला उजागर किया था लेकिन सप्ताह के बाद भी पालमपुर के शासन व प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है। पालमपुर क्षेत्र जमीन के दर्जनों केस ऐसे है जिन्हें भू-माफियों ने कौड़ियों के भाव से लोगों से खरीद कर करोड़ों रुपए में बेच दी है, लगभग 1 साल पहले भी एक केस सामने आया कि किसी मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति ने यहां पर जाली कृषक प्रमाण पत्र बनाकर एक जमीन खरीद ली। मामला खूब चर्चा में रहा पर आज तक न तो वह व्यक्ति अरेस्ट हुआ और न ही वो फाइल पालमपुर से आगे बढ़कर डीसी ऑफिस तक पहुंची।

ऐसा ही मामला किसी के नाम के पट्टे की जीपीए किसी को मिल जाती है और वह रातों-रात जमीन को करोड़ों रुपए में किसी और को बेच भी देता है, जबकि उसमें भी सरे आम धांधली हुई है और शायद वह केस तो विजिलेंस दफ्तर पहुंच भी चुका है और यह सब विधायक आशीष बुटेल के कार्यकाल में हुआ है जो यह कह रहे हैं कि इस जमीन घोटाले की जांच के लिए मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा।

जिला महामंत्री ने कहा कि एक हफ्ता हो गया इस भूमि घोटाले को सामने आए हुए लेकिन जिन अधिकारियों व कर्मचारियों पर शक की सुई घूम रही है वो ही कर्मचारी इस कार्यालय को चला रहे हैं। रानू ने कहा कि नगर निगम पालमपुर का भी बुरा हाल है। यहां पर अगर अपने घर का नक्शा भी पास करवाना हो तो महीनों दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते हैं। यही हाल इनके भू संरक्षण विभाग का है।

## हैप्पी बर्थडे



पढियार की मिनाक्षी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : भवानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

विधानसभा फतेहपुर के पीएम श्री योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजा का तालाब को सातवें फेज में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। सातवें फेज में प्रदेश के कुल 19 स्कूल को पीएम श्री स्कूल योजना में शामिल किया गया है।

योजना में शामिल होने से अब स्कूल का आधुनिकीकरण होगा। राजा का तालाब स्कूल का नाम पीएम श्री योजना में आने से अध्यापकों, बच्चों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। पीएम श्री स्कूल योजना में आने से स्कूल का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

ज्ञात रहे कि शिक्षा के स्तर को सुधारने और स्कूलों में बुनियादी सुविधा देने के लिए केंद्र सरकार ने 7 सितंबर 2022 को पीएम श्री योजना की शुरुआत की थी। इसी प्रक्रिया के तहत सातवें फेज में हिमाचल के 19 स्कूलों की सूची में राजा का तालाब स्कूल का नाम शामिल किया गया।

प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत प्राथमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक कुल 180 स्कूलों का चयन किया गया है। योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया का कहना है कि राजा का तालाब स्कूल को कुछ अन्य स्कूलों के साथ प्राथमिकता के आधार पर रखा गया था।

स्कूल का डिजिटलाइजेशन होगा। इसके साथ ही योग, खेल, कॅरिअर गाइडेंस व काउंसलिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। आधुनिक आईसीटी लैब, टिंकरिंग लैब, विज्ञान प्रयोगशालाओं का समावेश होगा। इसके अतिरिक्त, हर्बल और मेडिसिनल गार्डन भी विकसित होंगे।

## बाइक और कार की टक्कर में एक घायल

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** पुलिस चौकी योल के तहत श्री चामुंडा के समीप जदरागल में बाइक और कार की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान विकास (20) निवासी थुरल के रूप में हुई है।

पंचायत उपप्रधान सुनील दत्त ने बताया कि दोपहर सुहागिन खड्ड के समीप दोनों बाहनों में टक्कर होने की आवाज सुनाई दी, जिससे बाइक सवार को काफी चोटे आने पर टांडा अस्पताल भेज दिया गया। कार चालक हर शिव खंड वगियाडा निवासी है। सदर थाना धर्मशाला के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है ।

# अस्पताल में डॉक्टरों ने नहीं की ज्वाइनिंग, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में मेडिसिन विशेषज्ञ के ज्वाइन न करने से रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ गया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा 10 अप्रैल को नए डॉक्टरों की नियुक्ति के ऑर्डर निकाले थे, जिसमें धर्मशाला अस्पताल के लिए मेडिसिन विशेषज्ञ की तैनाती की गई थी, परंतु लगभग दो माह बीतने को है ओर मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा धर्मशाला अस्पताल में ज्वाइनिंग नही की गई है, जिससे यहां इलाज के लिए आ रहे रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इनता ही नही अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी पर ताला लटका हुआ है।

इसके अलावा धर्मशाला अस्पताल में दो अन्य डॉक्टरों द्वारा भी ज्वाइन नहीं किया है। अस्पताल में आने वाले रोगियों को निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि रोगियों को टांडा भी रेफर किया जा रहा है। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश गुलेरी से बात की गई तो उन्होंने बताया इस संबंध में पता लगाया जाएगा।

# लुठियाल गांव की महिमा बनी भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**



**फतेहपुर।** फतेहपुर के मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी महिमा पुत्री बलवंत सिंह गांव लुठियाल, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, का चयन भारतीय नौसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत सब लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। महिमा की सलेक्शन होते ही वह आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल धौलपुर अपने परिजनों सहित पहुंची उन्होंने अपनी कामजाबी का श्रेय आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा व समस्त स्टाफ को दिया।

प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत से यह संभव हो सका है। इनके पिता मजदूरी करते है और इस लड़की ने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है।

## मंदिरों में फिर बढ़ने लगे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिले के शक्तिपीठों में फिर से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से कारोबार भी रफ्तार पकड़ने लगा है। भारतीय सेनाओं के माध्यम से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के चलते ज्वालामुखी, चामुंडा और कांगड़ा के बज्रेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने से कारोबार 40 फीसदी कारोबार घट गया था, लेकिन अब कारोबार फिर से पटरी पर लौटने लगा है। कारोबार बढ़ने से दुकानदारों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है।

# अर्नव एंजल स्कूल के हेड ब्वॉय, प्रगुन हेड गर्ल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई।

प्रधानाचार्य ने सभी नवनियुक्त छात्र सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें नेतृत्व और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं के छात्र अर्नव जॉन को हेड ब्वॉय और छात्रा प्रगुन शर्मा को हेड गर्ल को बैज एवं पट्टिकाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न सदनों के प्रतिनिधियों को भी उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य समीर सूद ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

**निर्देश** | जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित, उपायुक्त हेमराज बोले-

# विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का शीघ्र करें निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला प्रशासन ने जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) और के तहत मंजूरी के मामलों में सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं को गति देने के मकसद से सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की वीरवार को धर्मशाला में बैठक ली। बैठक में कांगड़ा जिले में विकास परियोजनाओं से जुड़े एफसीए और एफआरए मामले तथा अन्य विभागीय मंजूरी से संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति और प्रगति को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं को लेकर एफसीए के मंजूरी के मामलों में प्रगति की विभागवार रिपोर्ट ली। उन्होंने अधिकारियों से जाना कि मामलों में क्लीयरेंस की स्थिति क्या है, लंबित होने के क्या कारण हैं, क्या क्या आपत्तियां लगी हैं और उनके निराकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने वन मंजूरी से जुड़े मामलों में लगी आपत्तियों के निदान को लेकर जरूरी मार्गदर्शन किया। उपायुक्त ने कहा कि हमारा फोकस है कि सभी विभाग एफआरए और एफसीए के मामले तैयार करने की सही प्रक्रिया समझें। कई दफा विभागों को एफआरए और एफसीए से संबंधित वन मंजूरी के मामले बनाने में प्रक्रियागत जानकारी नहीं होती, और आधे अधूरे तरीके से आवेदन पर मंजूरी मिलने में देरी होती है। इसमें सुधार की गुंजाइश है।

उपायुक्त ने कहा कि वन भूमि और गैर वन भूमि के मामलों की पहचान को लेकर भी विभागों की मदद में जिला प्रशासन तत्परता से काम करेगा। इससे पहले डीएफओ मुख्यालय राहुल कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए एफसीए से संबंधित मामलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

**बैठक में नए केसों पर किया विचार-विमर्श**

**बैठक** में विभिन्न वन मंडलों के एफसीए प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिनमें धर्मशाला वन मंडल के 32, नूरपुर के 21, पालमपुर के 12 तथा देहरा वन मंडल के 13 केस शामिल थे। इसके अतिरिक्त कुछ नए केसों पर भी विचार-विमर्श किया गया । इस अवसर पर लोक निर्माण, जल शक्ति, शिक्षा, पुलिस, उद्योग सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंडित संतराम और राजीव गांधी आयुर्वेदिक महाविद्यालय ने मिलाया हाथ

**जितेंद्र कौशल अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ एवं राजीव गांधी राजकीय स्नातकोतर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

विद्यार्थियों को पौधों पर आधारित औषधि विकास और औषधीय अनुप्रयोगों के अध्ययन का अवसर मिलेगा। छात्रों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय सीखने का मंच मिलेगा। दोनों संस्थानों के अधिकारियों ने इस समझौते को भविष्य की शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। इस समझौते के अनुसार दोनों संस्थान मिलकर व्यावहारिक प्रशिक्षण, संयुक्त कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यान और अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को एक समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कोंडल ने कहा कि यह समझौता न केवल विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है, बल्कि इससे दोनों संस्थानों के शैक्षणिक प्रयासों को एक नई दिशा और गति मिलेगी।

राजकीय स्नातकोतर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के प्राचार्य डॉ. विजय चौधरी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान सदैव गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान एवं शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में हुई हिमाचल में मानकीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्यस्तरीय समिति की बैठक

# प्रदेश में अब बेहतर पाइपों से होगी पानी की सप्लाई

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश सचिवालय में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) परवाणू और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सहयोग से राज्य स्तरीय मानकीकरण समिति (एसएलसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की, जिसमें सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए मानकीकरण के महत्व पर जोर दिया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड को पूरे हिमाचल प्रदेश में आईएस 10500 के अनुसार पाइप से पेयजल प्रबंधन प्रणाली लागू करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न विभागों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों के



सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

लिए नोडल अधिकारियों को नामित करने और युवा सरकारी अधिकारियों को मानक निर्माण कार्यों में शामिल करने के लिए कहा गया। मुख्य सचिव ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का पालन सुनिश्चित करने और राज्य सरकार की खरीद नीति में भारतीय मानक विशिष्टताओं को शामिल करते हुए भारतीय मानकों के अनुरूप उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

इसके अतिरिक्त केयर ऐप के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया, और सार्वजनिक सेवा वितरण की गुणवत्ता बढ़ाने, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने तथा प्रशासनिक उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु मानकीकरण को एक एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम को करें शुरू

**बैठक** में एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से शुरू करते हुए सार्वजनिक-संपर्क वाले विभागों में लागू करने और स्वास्थ्य सेवाओं में सेवा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को अपनाने का भी निर्देश दिया गया।

## गुणवत्ता से परिपूर्ण जागरूकता को दें बढ़ावा

**मुख्य** सचिव ने भारतीय मानक ब्यूरो, परवाणू शाखा कार्यालय के प्रयासों की सराहना की, विशेष रूप से सरकार के स्कूलों और कॉलेजों में स्टैंडर्ड क्लबों के गठन के माध्यम से युवाओं में मानकीकरण गतिविधियों और गुणवत्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए।

## स्नेह लता और सुभाष चंद्र नाइक ने सार्वजनिक सेवा प्रदायगी में बताया मानकीकरण का महत्व

**उपमहानिदेशक** (उत्तर) स्नेह लता और बीआईजस परवाणू शाखा के प्रमुख सुभाष चंद्र नाइक ने सार्वजनिक सेवा प्रदायगी में मानकीकरण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य सचिव ने बीआईएस की पहलों की सराहना करते हुए सभी संबंधित विभागों को प्रस्तावित बिंदुओं को शीघ्रता से लागू करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रशासनिक सचिवों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग संघों और उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# चिट्टा मामले में बाप-बेटे को 7 साल कैद और 50 हजार जुर्माना

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

▶ जुर्माना अदा न करने पर भुगतना होगा 6 माह का अतिरिक्त कारावास

**रोहड़ू।** विशेष सत्र न्यायालय रोहड़ू अनिल शर्मा की अदालत ने 30 मई को अहम फैसला सुनाते हुए चिट्टा मामले के आरोपी पिता हीरा सिंह (56) व पुत्र राकेश कुमार (36) गांव चंद्रपुर तहसील जुब्बल को 7 साल का कठोर कारावास व पचास हजार रुपए का जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

बता दें कि 27-01-2022 को विशेष दल शिमला के सदस्यों में सहायक उप निरिक्षक अम्बी लाल व साथी कर्मचारियों में मुख्य आरक्षी ललित, अमित, सुनील, भुवनेश व धीरज गश्त एवं अपराध की रोकथाम के लिए हाटकोटी में मौजूद थे। उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बाप-बेटा अपने घर से चिट्टा बेचने का काम काफी समय से कर रहे हैं। पुलिस को घर से 50.20 ग्राम चिट्टा व 26,990 करंसी नोट भारतीय बरामद हुए हैं। जिस पर पुलिस थाना जुब्बल में अभियोग संख्या 10/2022 पंजीकृत हुआ है। अभियोग का अन्वेषण सहायक उप निरिक्षक अम्बी लाल अन्वेषणाधिकारी विशेष दल शिमला व सहायक उप निरिक्षक जगदीश चंद अन्वेषणाधिकारी पुलिस थाना जुब्बल द्वारा अमल में लाया गया। वहीं चालान हीरा सिंह व राकेश कुमार के खिलाफ तैयार कर विशेष सत्र न्यायालय रोहडू में पेश किया।

विशेष अदालत में आरोपी हीरा सिंह व उसके पुत्र राकेश कुमार पर जुर्म जेर धारा 21-61-85 एनडीपीएस एक्ट में आरोप सिद्ध हुए। अभियोजन के दौरान तेरह गवाहों के बयान अदालत में दर्ज किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद व जुर्म साबित होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है। सरकार की तरफ से अभियोग की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुचित्रा अग्रवाल द्वारा की गई।

# शैक्षणिक नेतृत्व में एआई नहीं, आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता जरूरी: प्रो. मदन मोहन गोयल

अनंत ज्ञान, शिमला

**शैक्षणिक** नेतृत्व में नीडो-गवर्नेंस के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कहीं अधिक आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता है। यह बात भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला के विजिटिंग प्रोफेसर एवं तीन विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति प्रो. मदन मोहन गोयल ने शुक्रवार को व्याख्यान में कही। नीडोनॉमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक प्रो. गोयल ने अपने व्याख्यान में कहा कि शिक्षा जगत में तकनीकी दक्षता के साथ आत्मज्ञान, नैतिकता और विवेक का समन्वय जरूरी है। उन्होंने बल दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल जानकारी दे सकती है, निर्णय नहीं - निर्णय विवेक से आते हैं और विवेक आध्यात्मिक चेतना से उपजता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का प्रयोग केवल सहायक भूमिका में होना चाहिए, जबकि नेतृत्व के



निर्णय सत्य, सेवा और संतुलन के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए।

इस व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता प्रो. जेके राय ने की, जिन्होंने इसे शैक्षणिक शासन के लिए एक नवोन्मेषी और गीता-प्रेरित मॉडल बताया। उन्होंने प्रो. गोयल के स्वधर्म आधारित दृष्टिकोण की सराहना की और भगवान राम को समाज-सेवा में आदर्श नेतृत्व का प्रतीक बताया। सत्र में संस्थान के सचिव एम.सी. नेगी, एआरओ प्रेम चंद, हेम राज, राष्ट्रीय व टैगोर फेलो, आईयूसी एसोसिएट्स और अन्य विद्वानों ने भाग लिया। प्रो. गोयल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में नीडो-गवर्नेंस आधारित स्पष्ट सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि नीडो-रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पेपरवेट से खेलने जैसी सामान्य बातों में भी सशक्तिकरण और आत्मबोध का दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

# हिमाचल विस की लोक लेखा समिति 9 जून से चंबा दौरे पर

अनंत ज्ञान, शिमला

▶ पांगी में 10 को विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ करेगी बैठक

▶ चंबा में 11 को अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित

▶ 12 को लोक लेखा समिति डलहौजी से धर्मशाला के लिए होगी रवाना

**प्रदेश** विधानसभा की लोक लेखा समिति 9 से 12 जून तक जिला चंबा के दौरे पर रहेगी। यह दौरा समिति द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण के उद्देश्य से किया जा रहा है। विभागीय प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समिति के सभापति अनिल शर्मा के नेतृत्व में लोक लेखा समिति 9 जून को चंबा के जनजातीय उपमंडल पांगी पहुंचेगी, जहां उनका रात्रि ठहराव निर्धारित किया गया है।

10 जून को समिति पांगी स्थित आवासीय आयुक्त कार्यालय में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसके उपरांत समिति चंबा जिला मुख्यालय के लिए रवाना होगी और वहीं रात्रि विश्राम होगा। 11 जून को प्रात: 10 बजे जिला मुख्यालय चंबा में समिति की विभागीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक प्रस्तावित है। बैठक के बाद समिति दोपहर में डलहौजी के लिए प्रस्थान करेगी, जहां रात्रि ठहराव होगा। 12 जून को दोपहर 3 बजे, लोक लेखा समिति डलहौजी से धर्मशाला के लिए रवाना होगी और इस प्रकार चंबा जिले का यह चार दिवसीय निरीक्षण दौरा संपन्न होगा। यह दौरा शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ब्लू पाइन ईको क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान

## स्कूल परिसर से कुफरी बाजार तक निकाली रैली, प्लास्टिक कचरा किया इकट्ठा




अनंत ज्ञान, शिमला

▶ लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे किया जागरूक

**पर्यावरण** को स्वच्छ एवं प्रदूषण बनाने के उददेश्य से शुक्रवार को कुफरी के ब्लू पाइन इको क्लब ने प्लास्टिक तटस्थता अभियान का आरंभ किया। बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम को साकार करने के लिए स्कूल इको क्लब ने विद्यालय परिसर से लेकर कुफरी बाजार एवं चीनी बंगला तक रैली निकाली व प्लास्टिक कचरा को इकट्ठा किया। रैली के दौरान सभी लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे मे जागरूक किया गया।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने प्लास्टिक तटस्थता अभियान को प्रभावी ढंग से आरम्भ करने व प्लास्टिक कचरा एकत्रित करन लिए सभी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय की इको क्लब प्रभारी लता शर्मा, रणवीर प्रवक्ता गणित, जीत राम प्रवक्ता हिंदी, सतीश कुमार बांस्टू प्रवक्ता अर्थ शास्त्र, वीरेंद्र प्रताप डीपीई, दीपक चौहान, सरिता शर्मा, सारिका, मोनिका व किरण ठाकुर मौजूद रहे।

बारिश और तूफान ने बिलासपुर में मचाई भारी तबाही, मची अफरा-तफरी

# उपायुक्त कार्यालय के बाहर चलते ऑटो पर गिरा पेड़, बाल-बाल बची सवारियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

शुक्रवार सुबह बिलासपुर जिला में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज तूफान के साथ मूसलधार बारिश ने पूरे इलाके को अपने प्रभाव में ले लिया। जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं और बारिश ने कई जगहों पर तबाही भी मचाई। सबसे बड़ा हादसा बिलासपुर उपायुक्त कार्यालय के गेट के बाहर देखने को मिला, जहां एक भारी-भरकम पेड़ अचानक एक चलते ऑटो पर गिर गया। घटना के समय ऑटो में सवार लोग बाल-बाल बच गए और किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। हालांकि ऑटो को इस हादसे में गंभीर क्षति पहुंची है और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना सुबह के समय उस वक्त हुई



जब तेज हवाएं चल रही थीं और बारिश शुरू हो चुकी थी। अचानक कार्यालय परिसर के बाहर खड़ा एक पुराना पेड़ जोरदार आवाज के साथ ऑटो पर गिर पड़ा। मौके पर उपस्थित राहगीरों और अन्य वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन की ओर से तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया गया।

## खतरनाक पेड़ों की जल्द हो छंटाई

नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पेड़ को हटाया और ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य किया। उपायुक्त कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सौभाग्य से इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। हम पेड़ों की हालत की समीक्षा कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इस घटना ने नगर प्रशासन को पुराने और जर्जर पेड़ों की समय-समय पर जांच की जरूरत का अहसास दिलाया है। स्थानीय लोगों ने भी मांग की है कि ऐसे संभावित खतरनाक पेड़ों की छंटाई या हटाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

# जंगल में पकड़ी 12 ड्रम कच्ची शराब

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।

▶ बरामद कच्ची शराब को मौके पर किया नष्ट

श्री नयना देवी थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में चल रही कच्ची शराब की भट्ठी का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई डीएसपी विक्रांत की अगुवाई में थाना कोट पुलिस टीम द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दवट और रोड जामन क्षेत्र के जंगलों में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जंगल में छापेमारी कर 12 ड्रम कच्ची शराब बरामद की। डीएसपी विक्रांत ने बताया कि यह सारा सामान मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है, ताकि इसका दोबारा उपयोग न हो सके।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस ऑपरेशन को अवैध शराब माफिया के खिलाफ एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

# राजस्व लोक अदालत ने 38 मामलों का किया निपटारा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

▶ लोग शिविरों में भाग लेकर समस्याओं का मौके पर करवाए निपटारा

उपमंडल सदर की राजपुरा पंचायत में राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें पटवार सर्किल राजपुरा, छाड़ोल और जामली से संबंधित राजस्व मामलों की सुनवाई की गई। इस मौके पर कुल 38 राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा किया गया। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल ने दी। उन्होंने बताया कि म्यूटेशन, सीमांकन, भूमि बंटवारे और राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों जैसी समस्याओं को लेकर आम जनता को बार-बार पटवारी, कानूनगो और तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन समस्याओं का समय पर समाधान न होने के कारण लोगों में असंतोष बना रहता है।

उपायुक्त ने बताया कि इन्हीं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजस्व लोक अदालतों की अभिनव पहल शुरू की गई है, जिसके तहत जिला प्रशासन नियमित रूप से पंचायत स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में संबंधित राजस्व अधिकारी मौके पर ही मामलों की सुनवाई कर उनका समाधान करते हैं।

जिला बिलासपुर में 1 मार्च 2024 से अब तक 2922 म्यूटेशन, 65 भूमि बंटवारे, 241 सीमांकन तथा 37 राजस्व रिकॉर्ड सुधार मामलों का निपटारा किया जा चुका है। यह प्रक्रिया सतत जारी है और प्रत्येक माह विभिन्न पंचायतों में राजस्व लोक अदालतें आयोजित की जा रही हैं। उपायुक्त राहुल कुमार ने आम जनता से आग्रह किया कि वे इन शिविरों में भाग लेकर अपने दस्तावेजों व समस्याओं को मौके पर प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों या न्यायालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और समय पर न्याय मिल सके। लोक अदालत में तहसीलदार सदर बाल कृष्ण सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर में पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ




**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिले में राष्ट्रीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ बिलासपुर जिले में हो गया है। इस अभियान की शुरुआत सदर उपमंडल की नौणी पंचायत से हुई, जहां प्रथम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई खंड विकास अधिकारी बबिता धीमान ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी बबिता धीमान ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि सफाई केवल एक दिन की क्रिया नहीं, बल्कि यह हमारी दिनचर्या का हिस्सा बननी चाहिए। स्वच्छ वातावरण में रहने से न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण हमारे जल, वायु और मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित होते हैं, जिससे संपूर्ण पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खंड विकास अधिकारी ने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, विद्यालयों और समुदायों में स्वच्छता को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि बच्चे समाज में बदलाव के सशक्त माध्यम होते हैं। यह एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष अभियान लोगों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, ताकि वे व्यवहार में बदलाव लाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा सकें और सतत भविष्य के लिए सकारात्मक योगदान दे सकें।

# सड़क पर झाड़ियां लगाकर हाईवे की एक साइड को किया बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

शिमला-मटौर मार्ग पर मंगरोट में भूमि को लेकर चल रहा विवाद अभी तक नहीं सुलझ पाया है। शुक्रवार को राजनकांत ने एक बार फिर सड़क पर झाड़ियां आदि लगाकर करीब दो मीटर रास्ता वन वे कर दिया। राजनकांत ने सुबह नौ बजे झाड़ियां लगाकर रास्ता एक तरफा कर दिया। सूचना मिलने के बाद एसडीएम सदर ने राजस्व विभाग व पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा, लेकिन खबर लिखने तक विभागीय अधिकारी रास्ता नहीं खुलवा सके थे।

जानकारी के मुताबिक हाईवे की यह भूमि राजनकांत की मां सीता देवी के नाम है। राजनकांत ने गत तीन अप्रैल को लिखित तौर पर प्रशासन को कहा था कि एक सप्ताह में अगर प्रशासन ने अपना कब्जा नहीं हटाया तो वह मार्ग बंद कर देगा। यहां बता दें कि यह विवाद 2022 से चल रहा है। जनवरी में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर तहसीलदार एवं राजस्व विभाग ने



दूसरी बार इस भूमि की निशानदेही भी की थी। निशानदेही में 17 बिस्वा जमीन राजनकांत के मां के नाम निकली है, जिसकी रिपोर्ट तहसीलदार ने एसडीएम कोर्ट में जमा भी करवा दी है। राजनकांत ने कहा कि अपना हक लेने के लिए वह रुकेगा नहीं।

> शिमला मटौर मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा एक तरफा रास्ता बंद करने की सूचना मिली थी। इसके बाद राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। मैंने नया नया कार्यभार संभाला है। नई फाइल रिपोर्ट मांगी गई है। अब इसके बाद ही आगामी कार्रवाई हो सकेगी।
>
> -राजदीप, एसडीएम सदर।

सुविधा | शहर की यातायात व्यवस्था होगी बेहतर

# बस स्टैंड एग्जिट रोड का निर्माण कार्य आरंभ

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान

▶ सड़क घुमारवीं बस स्टैंड से आरंभ होकर सीर खड्ड पुल के पास होगी समाप्त

**घुमारवीं।** शहर में घुमारवीं बस स्टैंड एग्जिट रोड का निर्माण कार्य प्रशासन द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद आरंभ कर दिया गया है। यह परियोजना न केवल शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेगी, बल्कि बस स्टैंड के संचालन को भी और अधिक व्यवस्थित बनाएगी।

प्रशासन ने इस सड़क के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं करीब छह महीने पूर्व ही पूर्ण कर ली थीं। इसके बाद इस एग्जिट रोड की विस्तृत रूपरेखा और नक्शा तैयार किया गया। अब इस योजना पर जमीनी कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सड़क घुमारवीं बस स्टैंड से आरंभ होकर सीर खड्ड पुल के पास समाप्त होगी। जिसकी कुल लंबाई लगभग करीब 800 मीटर होगी। इस एग्जिट रोड के निर्माण पर करीब डेढ करोड रुपए खर्च होंगे। इस सड़क के निर्माण हेतु प्रशासन द्वारा चार परिवारों की कुल 639 वर्ग मीटर (18 विश्वा) भूमि का अधिग्रहण भी पहले ही किया जा चुका है। एग्जिट रोड का निर्माण परिवहन निगम द्वारा बस स्टैंड परिसर में स्थापित डीजल पंप से शुरू होगा। यह सड़क तहसील रोड से होते हुए पुलिस थाना परिसर के भीतर से गुजरकर सीधा सीर खड्ड पुल के समीप निकलेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बस स्टैंड से बसों के आगमन और प्रस्थान के लिए एक ही मार्ग होने के कारण शहरवासियों को प्रतिदिन जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बसों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि तथा सीमित स्थान के चलते बस स्टैंड अब छोटा पड़ने लगा था। एक ही सड़क से बसों के आने-जाने के कारण पूरे दिन घुमारवीं शहर की सड़कों पर भारी दबाव बना रहता है।

अनंत ज्ञान खास खबर

> बस स्टैंड एग्जिट रोड का निर्माण कार्य सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शुरू कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य को को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि जनता को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।
>
> -गौरव चौधरी (उपमंडलीय अधिकारी, घुमारवीं)।

> बस स्टैंड एग्जिट रोड की रूपरेखा तथा नक्शा तैयार करने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस निर्माण में करीब डेढ़ करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान है विभाग के पास करीब 51लाख रुपए की पहली किस्त आ गई है। तय समय सीमा के तहत निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
>
> -अनुज पराशर (सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग घुमारवीं)

## व्यावसायिक ज्ञान से युवाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अडानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (सक्षम), बरमाणा अडानी फाउंडेशन की एक पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार से जोड़ना है। सेंटर में युवाओं को व्यावसायिक दक्षता और व्यवहारिक ज्ञान को लेकर एक विशेष आयोजन का कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान सेंटर इंचार्ज विनय मेहता ने बताया कि इस केंद्र में वर्तमान में छह प्रमुख ट्रेड्स चलाए जा रहे है, जिनमें रिटेल सेल्स एसोसिएट, होटल मैनेजमेंट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और ड्रोन पायलट। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को व्यावसायिक दक्षता और व्यवहारिक ज्ञान दिया जाता है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस संस्थान में मात्र सात दिनों के भीतर ड्रोन पायलट बनने में योग्यता साबित की है। पिछले दो वर्षों में 200 से अधिक छात्र यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें से अधिकतर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

## गुरुद्वारा कलगीधर में लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गुरुद्वारा कलगीधर साहिब बिलासपुर में गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व के अवसर पर अखंड पाठ का आयोजन किया गया और भोग डाला गया। इस अवसर पर तख्त केशगढ़ साहिब आनंदपुर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरचरन सिंह, भाई अनूप सिंह मस्ताना तथा गुरुद्वारा कलगीधर साहिब बिलासपुर के प्रमुख ग्रंथी सरदार राकेश सिंह ने कथा दीवान सजाया तथा गुरुवाणी सुनाई। श्रद्धालुओं के लिए छबील व अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया।

## श्रीकृष्ण के हाथों कंस वध का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए भक्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत औहर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन प्रवचन करते हुए पंडित बृजेश गोस्वामी वृंदावन वाले ने श्रीकृष्ण के हाथों कंस वध का प्रसंग सुनाकर भाव विभोर किया। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पर पाप अधिक हो जाता है तो भगवान पापियों का नाश करने के लिए स्वयं अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब कंस के पाप अत्यधिक बढ़ गए तो सभी भयभीत हो गए। ऐसे में कंस को भी भय था कि उसके प्राणों का घातक न सिर्फ जन्म ले चुका है बल्कि सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया है। शिशु रूप कान्हा को मारने के लिए कंस ने कागासुर, बकासुर तथा पूतना जैसे राक्षकों को भेजा लेकिन ईश्वर ने उनका वध कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### मौके पर किया समस्याओं का निवारण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कैप्टन (सेवानिवृत्त) अनुमेहा पाराशर, उप निदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय, चंबा ने बताया कि सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने जम्मू-कश्मीर राइफल रिकॉर्ड्स द्वारा शुक्रवार को एक वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में 7 पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने हिस्सा लिया। मीटिंग के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी समस्याओं को रिकॉर्ड ऑफिसर, जबलपुर, कैप्टन राजेश शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया जिसका उन्होंने मौके पर ही इन समस्याओं का निवारण भी किया।

### भरमौर में आपदा से निपटने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ब्वॉय) भरमौर में आपदा प्रबंधन को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार भरमौर तेजराम ने की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन का पहला चरण खतरों की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं को विभिन्न तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाती हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता और न ही उन्हें रोका जा सकता है, लेकिन सजगता और तैयारी से उनके प्रभाव को कम अवश्य किया जा सकता है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा भी छात्रों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, जैसे भूकंप, भूस्खलन, आगजनी, बाढ़ आदि से निपटने की रणनीतियों तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई।

### भलेई वाली माता भजन से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गांव कुटला भनोता स्थित प्राचीन शेषनाग मंदिर में पारंपरिक जागरण और भंडारे का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक राकेश कुमार शर्मा और पुष्पा भारद्वाज ने माता के भजनों की



ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। जागरण की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद चलो बुलावा आया है, मां की लाल चुनरिया, भलेई वाली माता, शेषनाग तेरी महिमा अपरंपार जैसे कई भजनों ने माहौल भक्तिमय बना दिया। राकेश शर्मा, जो एक साधारण परिवार से हैं, ने अपनी सुरीली आवाज से सभी का मन मोह लिया। सुबह हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर सुख-शांति की कामना की। मंदिर की देखरेख में पुजारी सरोज कुमारी शर्मा और तिलक राज शर्मा ने बताया कि हर वर्ष नाग पंचमी के अवसर पर यह आयोजन धूमधाम से होता है। इस अवसर पर करमचंद शर्मा, जनक राज शर्मा, जयशंकर शर्मा, देवराज शर्मा, अक्षय शर्मा, नवीन शर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

### प्रभावित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गांव जोढन में 29 तारीख की आधी रात को दो परिवारों – केशव राम और उनके छोटे भाई ओंकार सिंह के घरों में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दोनों घरों के रसोईघर और एक कमरा पूरी तरह जलकर राख हो गया। आगजनी की इस घटना से परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही कंचन पुरी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पहल करते हुए दोनों पीड़ित परिवारों को 5000-5000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

वरिष्ठ पत्रकार की माता एवं युवा पत्रकारों की दादी का देहांत

### चरणो देवी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंडोह से वरिष्ठ पत्रकार राधा कृष्ण वर्मा की माता एवं युवा पत्रकार गौरव कृष्ण वर्मा, विशाल वर्मा और सौरभ वर्मा की 102 वर्षीय दादी चरणो देवी का शुक्रवार दोपहर को देहांत हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। शनिवार को पंडोह स्थित शमशानघाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। चरणो देवी सामाजिक और धार्मिक कार्यों से जुड़ी रही। प्रेस क्लब मंडी और पंडोह के पत्रकारों व व्यापार मंडल पंडोह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने चरणो देवी के देहांत पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## चंबा जिले में खेल गतिविधियों को दिया जाएगा नया आयाम : उपायुक्त

# पौहलाणी माता मंदिर से जोत तक बनाया जाएगा साइकिल ट्रैक : मुकेश

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में खेलों की भूमिका बेहद अहम है। इसके लिए जिला स्तर पर सभी खेल संघों एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त रेपसवाल ने आयोजित डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जिले में अधिक से अधिक खेल केंद्र स्थापित किए जाएं ताकि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की प्रतिभाएं उभरकर सामने आ सकें।



डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त रेपसवाल।

उन्होंने जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी को विभिन्न खेलों में स्वयंसेवी प्रशिक्षकों की सूची तैयार करने को भी कहा, जो प्रशिक्षण के इच्छुक हों। इसके साथ ही सभी खेल संघों से आग्रह किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण और प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

चंबा को पर्यटन और खेल गतिविधियों का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपायुक्त ने जिला साइकलिंग एसोसिएशन को निर्देश दिए कि पौहलाणी माता मंदिर से जोत तक साइकिल ट्रैक विकसित करने की कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही इस ट्रैक पर भविष्य में राष्ट्रीय स्तरीय साइकिलिंग इवेंट आयोजित करने की योजना भी बनाई जाए।

### बनीखेत खेल स्टेडियम में किए जाएंगे बदलाव

**बैठक** में बनीखेत खेल स्टेडियम से संबंधित मामलों पर भी निर्णय लिया गया। आगामी आषाढ़ नाग मेले के दौरान मैदान की अस्थायी नीलामी से प्राप्त राजस्व का 10 प्रतिशत हिस्सा मैदान के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। साथ ही, यहां खेल और गैर-खेल गतिविधियों के आयोजन हेतु शुल्क निर्धारण को भी मंजूरी दी गई।

# सलूणी-हिमगिरी मार्ग पर बस की ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला




अनंत ज्ञान, भरमौर

**कटोशी के पास पेश आया हादसा, 15-20 यात्री थे सवार**

**चंबा** जिले में एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया जब सलूणी-हिमगिरि मार्ग पर कटोशी के पास एक निजी बस की ब्रेक अचानक फेल हो गई। बस में उस समय लगभग 15 से 20 यात्री सवार थे। यह बस सलूणी से चुराह क्षेत्र के भंजराडू गांव जा रही थी और सुबह 7 बजे अपने निर्धारित समय पर चल रही थी। घटना के समय चालक ने ब्रेक फेल होने की आशंका को तुरंत समझते हुए सतर्कता दिखाई और बस को सड़क किनारे एक पैराफिट से टकरा दिया। यह कदम संभवतः बड़ा हादसा रोकने में निर्णायक साबित हुआ। जैसे ही बस पैराफिट से टकराई, यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। हालांकि, चालक और परिचालक ने यात्रियों को शांत करवाया और सभी को सुरक्षित रूप से बस से बाहर निकाला गया।

इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चालक की समझदारी और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने कई जिंदगियां बच गईं।

# महिलाओं को चरखा योजना के तहत वितरित किए 18000 रुपए

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** हथकरघा बुनाई कौशल और आत्मनिर्भरता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निर्माणाधीन कुटहेर जल विद्युत परियोजना ने शुक्रवार को चरखा योजना के तहत महिलाओं को उनके उत्पाद के बदले 18000 रुपए वितरित किए। यह रकम इन महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के बाद दी गई।



इसके लिए बकायदा परियोजना ने इन महिलाओं को धागा व संबंधित सामान दिया था। इन महिलाओं के उत्पादों को भेजने के लिए बकायदा परियोजना प्रबंधन ने इन्हें लिंकस भी मुहैया करवा दिए हैं। ताकि उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद आसानी से बिक जाए। इस दौरान कई कारीगरों ने असाधारण शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया और असाधारण गुणवत्ता वाले ट्वीट कपड़े तैयार किये जो अनुभवी बुनकरों के कपड़ों के बराबर थे। परियोजना प्रबंधन के द्वारा हैंडलूम डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत महिलाओं को ट्रेंड किया गया था। जिसके तहत महिलाओं को हथकरघा बुनाई कौशल और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके तहत महिलाओं में शानदार उत्पाद तैयार किए थे। लिहाजा परियोजना ने चरखा कार्यक्रम के तहत इन महिलाओं का उत्पाद खरीदी के उन्हें 18000 रुपए का उनका मेहनताना वितरित किया गया।

इस मौके पर जेएसडब्ल्यू कुठेहर परियोजना प्लांट हैड अजय नाथ और संजीव महाजन ने महिलाओं को चेक वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा है की अपनी खुद की आय अर्जित करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और व्यावसायिक विकास के लिए एक शक्तिशाली प्रेरक है। वही इस मौके पर सीएसआर के प्रभारी जितेंद्र ठाकुर ने कहा है कि भविष्य में भी परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में इस तरह और कार्यक्रम का आयोजन करती रहेगी। इस मौके पर महिलाओं ने हैंडलूम के एक्सपर्ट विशाल लालिया का भी आभार व्यक्त किया है।

# समलेउ के कंडेई गांव में खोली जाए पीएचसी

## समाजसेवी पंकज ने डीसी के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा मांग पत्र

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जनसेवा के लिए समर्पित इंजीनियर एवं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज शर्मा ने एक और सराहनीय पहल करते हुए भट्टियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत समलेउ के गांव कंडेई में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोलने की मांग को लेकर जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त चंबा, आईएएस मुकेश रेपसवाल से भेंट की।



समाजसेवी पंकज शर्मा उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

इस अवसर पर पंकज शर्मा ने जनहित से जुड़ा एक महत्वपूर्ण ज्ञापन उपायुक्त महोदय के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, सेवानिवृत्त कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल को सौंपा। ज्ञापन में गांव कंडेई की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और 1200 से अधिक की आबादी के स्वास्थ्य अधिकारों का उल्लेख करते हुए मांग की गई कि जल्द से जल्द वहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्रामीणों को मामूली इलाज और स्वास्थ्य जांच के लिए भी कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

पंकज शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होता है। गांव कंडेई में पी.एच.सी की स्थापना से न केवल स्थानीय लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि यह कदम जनकल्याण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आग्रह किया कि स्वास्थ्य मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त कर संबंधित विभाग यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की भी मांग रखी।

उल्लेखनीय है कि पंकज शर्मा डलहौज़ी क्षेत्र के निवासी हैं और वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जन समस्याओं को संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से उठाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहते हैं।

# मॉक ड्रिल : घायलों को प्राथमिक उपचार देकर भेजा स्वास्थ्य केंद्र

## एसडीएम भटियात ने की स्वयं मौके पर रहकर समूचे राहत एवं बचाव अभ्यास की निगरानी

अनंत ज्ञान, चंबा

**आपदा** की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वय के परीक्षण हेतु चंबा जिला प्रशासन द्वारा एक सघन मॉक ड्रिल का आयोजन भटियात उपमंडल के ग्राम कालिघर (काली माता मंदिर के समीप), लाहड़ू में किया गया। इस ड्रिल का नेतृत्व उपमंडलाधिकारी (ना.) भटियात पारस अग्रवाल ने किया।

भूस्खलन की काल्पनिक स्थिति में आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य आमजन, प्रशासनिक इकाइयों एवं आपात सेवाओं की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन करना था। यह मॉक ड्रिल चंबा जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित की गई। जैसे ही भूस्खलन की सूचना प्राप्त हुई, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल ने तत्काल सभी संबंधित विभागों को सक्रिय किया। त्वरित कार्रवाई में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग, होम गार्ड्स, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाहड़ू से चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी, तथा 'आपदा मित्र' योजना से जुड़े 5 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों सहित टास्क फोर्स के सदस्य मौके पर पहुंचे। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और घायलों को प्राथमिक उपचार देकर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। एसडीएम भटियात स्वयं मौके पर मौजूद रहकर समूचे राहत एवं बचाव अभ्यास की निगरानी करते रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतरीन समन्वय की सराहना की तथा स्थानीय लोगों को जागरूक और सतर्क रहने का संदेश दिया।




मॉक ड्रिल के दौरान घायलों का रेस्कयू करते हुए।

उन्होंने कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल्स न केवल प्रशासन की तत्परता को बढ़ाती हैं, बल्कि आमजन को भी संकट की घड़ी में सजग और सहयोगी बनाती हैं। ड्रिल के पश्चात सभी प्रतिभागी विभागों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें अभ्यास से प्राप्त अनुभवों को साझा किया गया। बैठक में भविष्य की आपदा प्रबंधन रणनीतियों को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

# बीएससी नर्सिंग शैक्षणिक के लिए 2 जून तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** मेडिकल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश (मंडी) के तहत बीएससी नर्सिंग शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करवाने की तिथि को यूनिवर्सिटी के द्वारा 2 जून तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी बट्ट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने दी। उन्होंने कहा कि अब पात्र इच्छुक अभ्यर्थी 2 जून दोपहर दो बजे तक तक आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भर सकते हैं। बट्ट ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए अटल मेडिकल रिसर्च यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा नहीं देने वाले अभ्यर्थी बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे।ऐसे में इच्छुक अभ्यर्थी जल्द अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा दें। बट्ट ने कहा कि ऑनलाइन फार्म भरने हेतु बट्ट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बोंखरीमोड़ के द्वारा कॉलेज में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जहां कि पात्र अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से आकर अपना आवेदन निशुल्क भरवा सकते हैं। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन भरने की बढ़ाई गई समयावधि का लाभ उठाने की अपील की है।

# बड़ाग्रां से धर्मशाला के लिए सीधी बस चलाने को लेकर आवाज बुलंद

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** छोटा भंगाल घाटी तथा चौहार घाटी के लोगों ने बड़ाग्रां से धर्मशाला के लिए सीधी बस चलाने मांग को एक बार फिर से अपनी आवाज को बुलंद किया है।

इस बस से लाभान्वित होने वाले इन दोनों घाटियों के लोगों में जसवंत सिंह, सुदर्शन कुमार, प्यार चंद, अजय कुमार, रूप लाल, उत्तम चंद, पूर्ण चंद कश्मीर सिंह, प्रेम सिंह, मेद राम, श्याम सिंह, रोशन लाल व बलदेव सिंह आदि का कहना है कि दोनों घाटियों में सरकारी तथा निजी बसों के रूट मंडी तथा पालमपुर तक ही सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं, मगर यहां के लोगों को अगर शीतकालीन राजधानी धर्मशाला जाना हो तो लोगों को सीधी बस न मिलने से पालमपुर से धर्मशाला तक जाने के लिए दूसरी बस में जाना पड़ता है, जिस कारण उन्हें कई प्रकार की मुशिकलों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि धर्मशाला में लगभग सभी विभाग के मुख्य कार्यालय स्थित है, जिसके चलते उन्हें प्रतिदिन ही कोई न कोई कार्य निपटाने के लिए धर्मशाला जाना पड़ता है, इसलिए छोटाभंगाल घाटी के अंतिम बस ठहराव बड़ाग्रां से एक सरकारी बस सीधा धर्मशाला के लिए चलाया जाना अति आवश्यक हो गया है। इन लोगों सहित घाटियों के समस्त लोगों का कहना है कि अगर सरकार बड़ाग्रां से धर्मशाला के लिए सीधी बस चालू कर देती तो इसका घाटीवासियों को भरपूर लाभ मिलेगा।

इससे दोनों घाटियों को पर्यटन क्षेत्र में और भी बढ़ावा मिल सकता है। दोनों घाटियों के समस्त लोगों ने सीएम सुक्खू से मांग की है कि बड़ाग्रां से धर्मशाला तक सीधी बस चलाई जाए।

### सूडोकु नवताल- 7446

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7445 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरकाघाट में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या अनिता आज़ाद ने की। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण जागरूकता रैली से हुई, जिसमें छात्रों ने हाथों में संदेशवाहक तख्तियां लेकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात वक्तृत्व प्रतियोगिता, श्लोक लेखन, चित्रकला, नारा लेखन और क्विज़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपने ज्ञान और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।वक्तृत्व प्रतियोगिता में प्रियाशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, साक्षी द्वितीय और पूनम तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अंशुल और आदित्य की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम शुरू

अनंत ज्ञान, भरमौर

**12** जून तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) चंबा द्वारा कृषि, बागवानी और आत्मा परियोजना एवं विभागों के सहयोग से जिले के विभिन्न ब्लॉकों के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. धर्मिंद्र और डॉ. जया चौधरी, डॉ. केहर सिंह और नेहा धीमान, डॉ. सुशील धीमान ने चंबा ब्लॉक के दुल्ला, फोलगत, घोल्टी, मेहला ब्लॉक के लोथल और बकान तथा सलूणी ब्लॉक के लानोट, सलूणी और ग्रोट में जागरूकता गतिविधियां की गई।

इसमें स्थानीय समुदायों के लोगों से बातचीत की गई। कार्यक्रमों में कई विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें कृषि उप निदेशक डॉ. भूपिंद्र कुमार भी शामिल थे, जो कार्यक्रमों के दौरान मौजूद थे। आउटरीच के हिस्से के रूप में सरकारी योजनाओं, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और ग्रामीण विकास पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को प्रासंगिक साहित्य और सूचनात्मक सामग्री वितरित की गई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 31 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** पंचमी (08:18): **नक्षत्र** पुष्य (09:08), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** वृद्धि (10:43), अभीजित (11:51 - 12:46)। **राहुकाल** (08:51-10:35)।

### विशेष दिन

- 31 मई 2025: विश्व धूम्रपान निषेध दिवस आज
- 31 मई 2025: महादेव विवाह उत्सव आज (ओडिशा में)।

**मेषः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे।

**वृषः** वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुनः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क**: लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंहः** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्याः** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**तुलाः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनुः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मकरः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कुंभः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीनः** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

# भाजपा का 'घर-घर सिंदूर' अभियान महिलाओं की गरिमा व आस्था का अपमान : मनीष सरीन

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'घर-घर सिंदूर' अभियान पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा चुनाव प्रत्याशी मनीष सरीन ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस अभियान को महिलाओं की गरिमा, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक मान्यताओं का खुला अपमान करार दिया है।

मनीष सरीन ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्त्री की मांग में सिन्दूर भरना केवल उसके पति का अधिकार होता है, किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं। भाजपा वोटों की राजनीति में इतनी अंधी हो गई है कि अब उसे भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं का भी लिहाज़ नहीं रहा। उन्होंने कहा कि सिन्दूर मात्र एक सौंदर्य प्रसाधन नहीं, बल्कि वैवाहिक जीवन की पवित्रता और सामाजिक स्वीकार्यता का प्रतीक है। सरीन ने कहा कि जब एक पुरुष देवी-देवताओं को साक्षी मानकर विवाह की सभी विधियों के साथ अपनी पत्नी की मांग में सिन्दूर भरता है, तभी यह धार्मिक और सामाजिक रूप से मान्य होता है।



भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी इस गहन धार्मिक प्रतीक का राजनीतिक लाभ के लिए प्रयोग कर रही है, जो न केवल परंपराओं का अपमान है, बल्कि महिलाओं की भावनाओं के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

मनीष सरीन ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान का सामाजिक रूप से विरोध करें और अपने घरों में आए भाजपा कार्यकर्ताओं से सिन्दूर लेने से इनकार करें। उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि क्या भाजपा विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं के घर जाकर भी सिन्दूर देगी? यह सीधा-सीधा हमारी बहनों और बेटियों की भावनाओं के साथ अन्याय होगा।

उन्होंने भाजपा से इस अभियान को तत्काल बंद करने की मांग की और कहा कि आस्था को राजनीति का साधन बनाना निंदनीय ही नहीं, बल्कि समाज को गुमराह करने वाला कृत्य है। भाजपा को यह समझना होगा कि धार्मिक प्रतीकों का दुरुपयोग उन्हें राजनीतिक लाभ नहीं, बल्कि जनआक्रोश दिलाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अन्हेच**
**विकास खंड सोलन , जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अन्हेच द्वारा वर्ष 2025-26 में करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। 1. रेत प्रति cft 2. बजरी प्रति cft 3. गटका प्रति cft 4. ईट प्रति pec 5. सिमेंट ढुलान प्रति बैग धर्मपुर से ग्राम पंचायत अन्हेच 6. शटरिंग लोहे की प्रति cft 7. शटरिंग लकड़ी की प्रति cft 8. JCB कटिंग प्रति घंटा उपरोक्त लिखित सामग्री की कोटेशने दिनांक 06/06/2025 तक सायं 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत अन्हेच में पहुंच जानी चाहिए । इसके उपरांत प्राप्त कोटेशनं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । उपरोक्त दिनांक 06/06/2025 तक प्राप्त कोटेशनों को ग्राम पंचायत क्रय समिति द्वारा 09/06/2025 को दोपहर 1 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जाएंगी । **शर्तें निम्न प्रकार से निर्धारित की गई :-** 1. कोटेशनें सील सहित बन्द लिफाफा बंद होनी चाहिए । 2. निविदादाता पंचायत का देनदार नही होना चाहिए । 3. ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक ही दर देय होगी 4. निविदादाता का GST नं. होना अनिवार्य है। जिसकी प्रतिलिपि कोटेशन के साथ संलगन होना चाहिए । 5 निविदादाता से प्राप्त कोटेशनों को क्रय समिति द्वारा खोला जाएगा व तुलनात्मक सूची तैयार की जाएगी तथा न्यूनतम दर वाले निविदादाता को सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए अधिकृत किया जायेगा । 6 सफल निविदादाता को सही गुणवता की सामग्री उपलब्ध करवानी होगी। यदि सामग्री में तकनिकी कर्मचारी द्वारा कोई खामियां पाई जाती है। तो फर्म को किसी भी प्रकार की अदायगी नही की जाएगी । और निविदा रद्द कर दी जाएगी । 7 सफल निविदादाता से नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी व खनन सामग्री उपलब्ध करवाने पर M. फॉर्म या ट्रांजिट फार्म देना अनिवार्य होगा । 8 ग्राम पंचायत को कभी भी निविदा रद्द करने का अधिकार होगा प्रस्ताव सर्वसम्मती से स्वीकार है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत अन्हेच**
**विकास खंड सोलन , जिला सोलन (हि.प्र.)**

**न्याय** वह नींव है जिस पर एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। –**अहिल्याबाई होलकर**

## संपादकीय

# देश की सुरक्षा सर्वोपरि

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के देहरा से 19 वर्षीय युवक को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार करना वाकई चौंकाना वाला मामला है। इस उम्र में देश की खुफिया जानकारी दुश्मन देश पाकिस्तान को देना कतई सही नहीं है? निश्चित रूप से इसे देशद्रोह ही कहा जाएगा। आरोपी युवक पर काफी दिन से पुलिस की नजर थी। यह युवक अपने फोन से खुफिया जानकारी साझा कर रहा था। कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता कई सवाल खड़े कर रही है। यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अभिषेक नामक युवक की फेसबुक प्रोफाइल की कवर फोटो में एके-47 रखी गई है और गोलियों के जरिए उसका नाम लिखा गया है। इन हरकतों से संदेह गहराना वाजिब है।

यह भी हो सकता है कि युवक ने सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए यह किया हो, लेकिन सवाल यह है कि आखिर उसे ऐसा हथकंडा अपनाने की जरूरत क्यों पड़ी? फोन में संवेदनशील और आपत्तिजनक कंटेंट मिलने से युवक संदेह के घेरे में आ गया है। यह देशद्रोह का मामला है या फिर पैसों की भूख जिसके चलते युवक ने अपना जमीर और स्वाभिमान बेच दिया। जिस व्यक्ति को अपने देश से प्रेम होता है वह कभी भी अपने देश की सीक्रेसी किसी को नहीं बताता। पुलिस और खुफिया टीमें गहनता से छानबीन करें तो और बहुत कुछ निकलकर सामने आ सकता है। यह गैर-जिम्मेदाराना कृत्य है। देश के प्रति निष्ठा और प्रेम की भावना आमतौर पर हर भारतीय में होती है, विशेषकर युवाओं में, लेकिन जब कोई युवक कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो यह न केवल समाज के लिए खतरे की घंटी है, बल्कि यह हमारे तंत्र की भी विफलता दर्शाता है।

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम अपने युवाओं को सही मार्गदर्शन और संस्कार देने में चूक रहे हैं? अभिषेक की फेसबुक प्रोफाइल बताती है कि उसके भीतर कुछ अलग कर दिखाने की या सुर्खियों में आने की तीव्र लालसा थी। कवर फोटो में एके-47 और गोलियों से लिखा गया नाम उसकी मानसिकता को दर्शाता है। यह तस्वीर सिर्फ स्टाइल या शौक के लिए नहीं, बल्कि एक मानसिक विचलन और खतरनाक विचारधारा की ओर इशारा करती है। यह भी संभव है कि उसने यह सब सोशल मीडिया पर 'गैंगस्टर' छवि गढ़ने के लिए किया हो, लेकिन जब मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा हो, तो यह मजाक नहीं हो सकता। क्या इसके पीछे कोई कट्टरपंथी विचारधारा है, जो उसके मन में घर कर चुकी थी? कुल मिलाकर मामला बेहद गंभीर है। अगर सिर्फ पैसों की चाह में उसने अपने जमीर को बेच दिया, तो यह हमारे सामाजिक ताने-बाने पर भी प्रश्नचिन्ह है। वहीं, अगर यह विचारधारा से प्रेरित था, तो यह दर्शाता है कि युवाओं को भटकाने वाली ताकतें कितनी सक्रिय और प्रभावशाली हैं।


गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियां काफी समय से इस युवक पर नजर बनाए हुए थीं। यह निश्चित रूप से उनकी सजगता का परिणाम है कि एक संभावित खतरा समय रहते पकड़ में आ गया, मगर यह भी स्पष्ट है कि यदि वे कुछ और देर करते, तो नुकसान की आशंका अधिक थी। यह मामला इस ओर भी इशारा करता है कि देश की खुफिया एजेंसियों को अब सोशल मीडिया गतिविधियों पर और गहन निगरानी की जरूरत है। 19 वर्षीय युवक का इस प्रकार भटक जाना केवल उसका व्यक्तिगत दोष नहीं कहा जा सकता। इसमें कहीं न कहीं परिवार, समाज और शिक्षा प्रणाली की भी भूमिका है। क्या माता-पिता ने कभी उसके विचारों और सोशल मीडिया गतिविधियों पर ध्यान दिया? क्या उसके कॉलेज या शिक्षकों ने उसकी मानसिकता को समझने की कोशिश की? जब तक हम घर और विद्यालय स्तर पर जागरूकता और नैतिक मूल्यों का विकास नहीं करेंगे, तब तक इस प्रकार के मामले दोबारा सामने आ सकते हैं।

ऐसे मामलों को लेकर राज्य और केंद्र सरकार दोनों को गंभीरता से ठोस नीति बनानी चाहिए। युवाओं को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी जैसे विषयों की शिक्षा देनी होगी। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से वर्कशॉप्स आयोजित कर युवाओं को बताया जाए कि साइबर अपराध, जासूसी और देशद्रोह जैसे अपराधों के क्या गंभीर परिणाम होते हैं। यह एक युवक की गिरफ्तारी मात्र नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि देश विरोधी ताकतें युवाओं को टारगेट कर रही हैं। यदि एक 19 वर्षीय लड़का जासूसी गतिविधियों में शामिल हो सकता है, तो यह संभव है कि और भी कई युवा इसी राह पर हों या जा रहे हों। सोशल मीडिया, इंटरनेट और ऐप्स के माध्यम से दुश्मन देश हमारी कमजोर कड़ियों की तलाश में रहते हैं। इस मामले की केवल सतही जांच पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों को इसकी जड़ों तक पहुंचना होगा। युवक के संपर्क, कॉल रिकॉर्ड्स, बैंक ट्रांजैक्शन्स, सोशल मीडिया नेटवर्क और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की बारीकी से जांच होनी चाहिए। यह भी संभावना है कि यह युवक केवल एक मोहरा हो और इसके पीछे एक पूरा गिरोह काम कर रहा हो। ■

# कृषि संकल्प अभियान : विकसित भारत का आधार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय कृषि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उनकी दूरदर्शी सोच और किसान कल्याण को समर्पित ऐतिहासिक निर्णयों ने हमारे किसान भाइयों-बहनों को समृद्ध व सशक्त बनाया है, साथ ही 'विकसित भारत' के विराट संकल्प को नई मजबूती दी है। आज हमारे अन्नदाता न केवल देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि विश्व के कई देशों में खाद्यान्न निर्यात करके भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं।



लेखक : शिवराज सिंह चौहान
कृषि, किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री

कृषि विकसित और किसान आत्मनिर्भर बनें, लैब में होने वाले शोध सही समय में खेतों तक पहुंचे, इसी लक्ष्य को लेकर हम राज्यों के साथ मिलकर 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' के रूप में कार्य कर रहे हैं। देश की समृद्धि का आधार कृषि और किसान हैं। हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने अनेक शोध किए है। कृषि वैज्ञानिक नई तकनीक, उन्नत बीज, खाद इत्यादि से कम लागत पर फसल उत्पादन बढ़ाने के काम में जुटे हुए है। हमारे वैज्ञानिकों के शोध किसानों तक सही समय (रियल टाइम) पर पहुंचे, उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, मिट्टी के पोषक तत्वों, उर्वरकों की सही मात्रा सहित कृषि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से देश के 700 से अधिक जिलों के लगभग 65 हजार गांवों में वैज्ञानिकों की 2170 टीमें पहुंचेगी।

इस दौरान लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि को विकसित बनाना और किसानों का जीवन बदलना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में समृद्धि लाने का महायज्ञ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), राज्यों के कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, नवाचार से जुड़े संस्थान सभी एकजुट होकर, एक टीम के रूप में 'विकसित कृषि और समृद्ध किसान' के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे।

यह अभियान प्रधानमंत्री जी के 'लैब टू लैंड' के मंत्र को साकार कर किसानों की तकदीर और भारतीय कृषि की तस्वीर बदलेगा। वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और लैब में होने वाली रिसर्च की जानकारी किसानों को देंगे। साथ ही, किसानों के अनुभवों से भी सीखकर कृषि अनुसंधान को व्यवहारिक बनाएंगे। हमारे विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रयासों और किसानों के अथक परिश्रम से, एक हेक्टेयर में एक क्विंटल भी उत्पादन बढ़ता है तो देशभर में 20 टन खाद्यान उत्पादन बढ़ाने में हम यह सफल होंगे। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी पर निर्भर है।

यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसमें विकसित खेती और समृद्ध किसान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीते 11 वर्षों में किसानों को सशक्त करने के लिए सरकार ने बीज से बाजार तक हर वो फैसला लिया है, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। हाल ही में लिए गए निर्णय जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हो या प्याज और चावल से निर्यात शुल्क को हटाना, फसलों की जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली किस्मों के विकास से लेकर किसान हितैषी योजनाओं के विस्तार तक मोदी सरकार की प्राथमिकता में सदैव किसान कल्याण रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में छलांग लगाई है। कृषि उत्पादन को देखे तो इसमें ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन के 3309 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

खरीफ चावल 1206 लाख टन, गेहूं 1154 लाख टन और सोयाबीन 151 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर हैं। सोयाबीन की उत्पादकता 985 किलो प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1169 किलो प्रति हेक्टेयर हो गई है। बागवानी क्षेत्र में भी उत्पादन 3621 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है। ये उपलब्धियां दर्शाती हैं कि हमारे किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों की शोधपरक क्षमता और मोदी सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियां मिलकर कृषि क्षेत्र को नित-नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। व्यापक विजन, समग्र सोच, स्पष्ट नीति और नेक इरादों के साथ किसानों की आय बढ़े, उनके पसीने का उचित मूल्यांकन हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए केंद्र सरकार ने 6 सूत्री रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत घटाने, उत्पादन के ठीक दाम देने, प्राकृतिक आपदा में राहत की ठीक राशि देने, कृषि का विविधिकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहा है। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का एक महाभियान है। मेरी किसान भाइयों-बहनों से अपील है कि आप सभी इस महअभियान से जुड़े, इस कार्यक्रम का लाभ उठाए। वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सलाह को मानकर अपनी कृषि को उन्नत करे। उत्पादन बढ़े, लागत घटे और किसानों को लाभ हो, इसी उद्देश्य के साथ विकसित कृषि का यह महायज्ञ है, जो विकसित भारत का आधार बनेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सुपर कंडक्टिविटी क्षेत्र में रॉबर्ट का सराहनीय योगदान

जॉन रॉबर्ट श्राइफर, एक भौतिक विज्ञानी जिन्होंने सुपरकंडक्टिविटी के अग्रणी सिद्धांत को विकसित करने के लिए 1972 के नोबेल पुरस्कार में हिस्सा लिया, रॉबर्ट श्राइफर का जन्म 31 मई, 1931, तल्हासी, फ्लोरिडा में हुआ एक अमेरिकी भौतिक विज्ञानी और विजेता थे, जॉन बार्डीन और लियोन एन. कूपर के साथ, बीसीएस सिद्धांत (BCS), सुपरकंडक्टिविटी का पहला सफल सूक्ष्म सिद्धांत विकसित करने के लिए 1972 का नोबेल पुरस्कार जीता।




लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

श्राइफर ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कैम्ब्रिज और इलिनोइस विश्वविद्यालय, अर्बाना-शैंपेन में शिक्षा प्राप्त की, जहां उन्होंने 1957 में पीएचडी प्राप्त की। वह इलिनोइस विश्वविद्यालय में बार्डीन के अधीन काम करने वाले एक युवा स्नातक छात्र थे, जब उन्होंने यह समझाने में मदद की कि धातुएं बहुत कम तापमान पर अपना विद्युत प्रतिरोध क्यों खो देती हैं। श्राइफर ने यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (1957-59) और यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस (1959-62) में पढ़ाया, इससे पहले कि वे यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया, फिलाडेल्फिया के संकाय में शामिल हो गए, जहां 1964 में उन्हें मैरी अमांडा वुड भौतिकी के प्रोफेसर के रूप में नामित किया गया।

1992 में फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी में जाने से पहले श्राइफर कॉर्नेल यूनिवर्सिटी (1969-75) में एंड्रयू डी. व्हाइट प्रोफेसर थे और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सांता बारबरा (1980-91) में भौतिकी के प्रोफेसर थे। उन्होंने 1964 में थ्योरी ऑफ सुपरकंडक्टिविटी प्रकाशित की। अपने सहकर्मियों जॉन बार्डीन और लियोन कूपर के साथ मिलकर, श्राइफर को BCS सिद्धांत विकसित करने के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसे अतिचालकता का पहला सफल सूक्ष्म सिद्धांत माना जाता है, जिसमें कुछ सामग्रियों की व्यवहारिक रूप से शून्य प्रतिरोध के साथ बिजली का संचालन करने की क्षमता शामिल है अमेरिकी भौतिकविदों जॉन बार्डीन, लियोन एन. कूपर और जॉन आर. श्राइफर द्वारा बीसीएस सिद्धांत अतिचालक पदार्थों के व्यवहार को समझाने के लिए विकसित एक व्यापक सिद्धांत है। जब अतिचालक को पूर्ण शून्य के करीब तापमान पर ठंडा किया जाता है, तो वे अचानक विद्युत प्रवाह के लिए सभी प्रतिरोध खो देते हैं।

कूपर ने पाया था कि सुपरकंडक्टर में इलेक्ट्रॉन जोड़े में समूहीकृत होते हैं, जिन्हें अब कूपर जोड़े कहा जाता है और एक एकल सुपरकंडक्टर के भीतर सभी कूपर जोड़ों की गति सहसंबद्ध होती है; वे एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करते हैं जो एक एकल इकाई के रूप में कार्य करती है। सुपरकंडक्टर पर विद्युत वोल्टेज के अनुप्रयोग से सभी कूपर जोड़े गति करते हैं, जिससे करंट बनता है। जब वोल्टेज हटा दिया जाता है, तो करंट अनिश्चित काल तक बहता रहता है, क्योंकि जोड़े किसी विरोध का सामना नहीं करते हैं।



जयंती विशेष

करंट को रोकने के लिए, सभी कूपर जोड़ों को एक ही समय में रोकना होगा, जो एक बहुत ही असंभव घटना है। जैसे ही एक सुपरकंडक्टर गर्म होता है, उसके कूपर जोड़े अलग-अलग इलेक्ट्रॉनों में अलग हो जाते हैं, और सामग्री सामान्य या गैर-सुपरकंडक्टिंग बन जाती है। श्राइफर ने याद किया कि जनवरी 1957 में वे न्यूयॉर्क शहर में एक सबवे पर थे, जब उन्हें गणितीय रूप से सुपरकंडक्टिंग इलेक्ट्रॉनों की मूल अवस्था का वर्णन करने का विचार आया। श्राइफर और बार्डीन के सहयोगी कूपर ने पाया था कि सुपरकंडक्टर में इलेक्ट्रॉन जोड़े में समूहीकृत होते हैं, जिन्हें अब कूपर जोड़े कहा जाता है और यह कि एक एकल सुपरकंडक्टर के भीतर सभी कूपर जोड़ों की गतियां सहसंबद्ध होती हैं और फोनॉन-इलेक्ट्रॉन इंटरैक्शन के कारण एक एकल इकाई के रूप में कार्य करती हैं। श्राइफर की गणितीय सफलता प्रत्येक व्यक्तिगत जोड़े के बजाय एक ही समय में सभी कूपर जोड़ों के व्यवहार का वर्णन करना था। इलिनोइस लौटने के अगले दिन, श्राइफर ने अपने समीकरण बार्डीन को दिखाए, जिन्होंने तुरंत महसूस किया कि वे समस्या का समाधान थे। सुपरकंडक्टिविटी के इस खोज हेतु वैज्ञानिक को इस क्षेत्र में एक नई दिशा विज्ञान के विकास में मिली इनका बीसीएस सिद्धांत विज्ञान की दुनिया में आज भी लोग याद करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** में नशे के खिलाफ जारी लड़ाई अब बेहतर परिणाम देनी लगी है। प्रदेश सरकार ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसने का जो संकल्प लिया है, वह अब धरातल पर भी दिखने लगा है। चिट्टा यानी सिंथेटिक ड्रग्स के धंधे में संलिप्त तस्करों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई से अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति अब सुरक्षित नहीं रहेगी। आने वाले समय में चिट्टा तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए ड्रग नेटवर्क की जड़ तक पहुंचना होगा। सिर्फ छोटे-मोटे तस्करों को पकड़ना समस्या का समाधान नहीं है। असली चुनौती है इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना, जो सीमावर्ती राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के बीच सक्रिय है। नशे के खिलाफ जनजागरूकता के लिए मीडिया एक सशक्त माध्यम है। स्थानीय अखबार, एफएम रेडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियमित रूप से अभियान चलाए जाएं, ताकि नशा करने से पहले कोई 100 बार सोचे।

**–साहिल, नगरोटा बगवां**

# आखिरकार कब तक तंबाकू इंसान के जीवन को खाता रहेगा ?

विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर वर्ष 31 मई को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य तंबाकू की वजह से मनुष्य के जीवन को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाना है। डब्ल्यूएचओ हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। इस वर्ष 2025 की थीम अनमास्किंग द अपील- तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, (हि.प्र.)

तंबाकू एक धीमा जहर है तंबाकू में निकोटीन सहित अन्य कई प्रकार के जहरीले पदार्थ पाए जाते हैं। तथा अधिकतर लोगों की जान तंबाकू की वजह से होने वाली बीमारियों के कारण ही जाती है। तंबाकू की वजह से अनेक बीमारियां जैसे मुंह तथा फेफड़ों का कैंसर, हृदय के रोग, मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप जैसे गंभीर रोग लगते हैं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस की घोषणा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य राष्ट्रों द्वारा सन 1987 की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य तंबाकू के कारण होने वाले भयंकर रोगों से पूरी दुनिया को अवगत करवाना था। विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रत्येक वर्ष तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए सरकारों, संगठनों तथा व्यक्तियों को उनके द्वारा किए गए प्रयासों के लिए सम्मानित करता है। भारत तंबाकू का दूसरे नंबर पर सबसे बड़ा उत्पादक तथा उपभोक्ता देश भी है। भारत में हर वर्ष तंबाकू की वजह से लाखों लोगों की मौतें होती हैं। आजकल सबसे बड़ी चिंता की बात है कि नौजवान बच्चे भी तंबाकू की लत में झुलस चुके हैं। तथा उनका संपूर्ण जीवन इस तंबाकू के सेवन से बर्बाद हो रहा है। नौजवान पीढ़ी अज्ञानता तथा स्वास्थ्य जागरूकता की कमी के कारण तंबाकू को शौकिया तौर से इस्तेमाल करना शुरू करते हैं तथा कुछ सोचते हैं कि इसका सेवन करने से हम नायक दिखेंगे तथा हमारे मन का डर खत्म होगा और हमारे मन तथा मस्तिष्क को शांति मिलेगी।

इन सब भ्रांतियों के कारण तंबाकू का सेवन करना शुरू कर देते हैं तथा अपने जीवन को मौत रूपी कुएं में धकेल देते हैं। स्कूलों तथा कॉलेजों के 100 गज के दायरे को तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के लिए हमारे देश में अनेक सख्त से सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि नौजवान पीढ़ी को नशे की आदत से बचाया जा सके।

अनेक शोधों से यह पाया जा रहा है कि आजकल महिलाओं को भी बड़े स्तर पर धूम्रपान तथा तंबाकू की आदत लग चुकी है जो कि समस्त समाज के लिए एक बहुत ही बुरी बात है। तंबाकू के पैकेट पर बड़े-बड़े शब्दों में चेतावनी लिखना, सार्वजनिक स्थान 100 प्रतिशत धूम्रपान मुक्त करना, धूम्रपान छोड़ने वाले लोगों की सहायता करना, तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में लोगों को जागरूक करना, स्कूलों तथा कॉलेजों के 100 गज के दायरे में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाना, तंबाकू की खेती करने वाले किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर मोड़ना, तंबाकू के विज्ञापनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करना, तंबाकू के ऊपर अधिक से अधिक कर लगाना अनेक उपाय किए जा रहे हैं, परंतु जब तंबाकू इतना भयंकर जानलेवा पदार्थ है जो कि आदमी के जीवन को ही मौत के कुएं में धकेल देता है, तो संपूर्ण विश्व के देशों को इसके ऊपर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना चाहिए।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष

तंबाकू का उत्पादन व उपयोग पूर्ण रूप से बंद करना चाहिए। धूम्रपान हमारे पर्यावरण पर बहुत ही बुरा प्रभाव डालता है। धूम्रपान से निकलने वाला धुआं पर्यावरण में वायु प्रदूषण करता है। तंबाकू उत्पाद इसका सेवन करने वाले लोगों के लिए अत्यधिक हानिकारक होने के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण पर भी बहुत बुरा प्रभाव डालता है। इससे सालाना लगभग 1,70,331 टन कचरे का उत्पादन हो रहा है। अखिल भारती आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर के साथ मिलकर इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रीवेंशन एंड रिसर्च द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि तंबाकू के सभी उत्पाद जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तथा अन्य उत्पाद बड़े स्तर पर कचरे का उत्पादन करते हैं। जो कि पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर समस्या है।

अत: संपूर्ण विश्व के देशों की सरकारों तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन को इस भयंकर समस्या की तरफ पूर्ण रूप से ध्यान देना चाहिए तथा तंबाकू को संपूर्ण विश्व में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर देना चाहिए। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विद्यालयों तथा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विभिन्न प्रकार के नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करवाना चाहिए। ताकि युवा पीढ़ी में नशों के दुष्प्रभावों की जागरूकता पनपे तथा वे नशे की लत से दूर रहे। विभिन्न प्रकार के नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना करनी चाहिए, ताकि हमारा समाज, देश तथा संपूर्ण विश्व तंबाकू मुक्त बन जाए। कहा भी गया है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है और स्वस्थ शरीर तथा स्वस्थ आत्मा ही संपूर्ण विश्व का कल्याण कर सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार

**वनराज** भाटिया भारतीय हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार थे। उन्होंने अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर के अभिनय से सजी फिल्म 'अजूबा' का संगीत दिया था। 'तमस', 'अंकुर', 'मंथन', 'मंडी', 'जुनून' और 'कलयुग' जैसी फिल्मों में भी वनराज भाटिया ने संगीत दिया। वनराज भाटिया को 1988 में गोविंद निहलानी की फिल्म 'तमस' में सर्वश्रेष्ठ संगीत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। उन्होंने 60 के दशक में कई मशहूर ऐड फिल्मों का संगीत देते हुए अपने संगीतमय करियर की शुरुआत की थी। संगीत निर्देशक वनराज भाटिया का जन्मबॉम्बे, ब्रिटिश भारत में हुआ था। उन्हें सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है। सन 1989 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित वनराज भाटिया ने लंदन स्थित रॉयल अकादमी ऑफ म्यूजिक से वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक की शिक्षा ली थी। ■



वनराज भाटिया
जन्म : 31 मई, 1927
मृत्यु : 7 मई, 2021

## कविता: छोड़ो नशा



गर्वित, कक्षा दसवीं, रावमवि लड्डा, जिला चंबा

*मनुष्य जो करता नशा, उसकी होती दुर्दशा।*

*जिसके मन में नशे का वास, आदमी सदा वह रहे उदास।*

*जो लगाए सिगरेट के दम, सांसे उसकी हो जाए कम।*

*जो पीए चाव से खूब शराब, किडनी उसकी हो जाए खराब।*

*खाता है जो खैनी व गुटका,*
*जीवन उसका न बीमारी से छूटता।*

*जो नशे के चक्कर में पड़ गया, समझो समय से पहले मर गया।*

*जो पीता भांग, अफीम व गांजा, मृत्यु ने उसे अपने चंगुल में बांधा।*

*नशे को समझो कफन समान, मौत का है यह खुद फरमान*

*छोड़ो नशा और जीवन चुन लो, तुम पुकार यह मेरी सुन लो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चुनाव तक सीमित हो राजनीति, तत्पश्चात एक समान हो क्षेत्रों का विकास

जैसा कि हम सभी को विदित है कि हमारे देश प्रदेश में अगर कोई सबसे चर्चित और प्रभावशाली क्षेत्र माना जाता है तो वह है (राजनीति) जो कि यकीनन हर व्यक्ति की जुबान पर रहतीं हैं, तो वहीं राजनीति का उद्देश्य ही देश प्रदेश की राजनीति के माध्यम से निस्वार्थ भाव से सभी विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों को विकास के परिप्रेक्ष्य में विकसित करना माना जाता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिन विभिन्न समस्याओं और विशेषताओं को समय-समय पर स्थानीय जनप्रतिनिधि से जनता की हमेशा अपेक्षा रहती है, जिन अपेक्षाओं में कुछ जनप्रतिनिधि खरे उतरने और जनता के दिलों में जगह बनाने में सफल होते हैं, तो कुछ जनप्रतिनिधि राजनीति को निजी स्वार्थ और आय का जरिया बना देते हैं, आज हम आप सभी तक राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित रखने के परिप्रेक्ष्य में सुझाव एवं चर्चा करने का प्रयास करेंगे। जिस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश की अनेक विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों की जनता में राजनीति के परिप्रेक्ष्य में खासी दिलचस्पी देखने एवं सुनने को मिलती हैं और हम वर्षों दशकों तक किसी भी राजनीतिक विचारधाराओं और मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाते, परंतु यहां पर इस बात को स्वीकार करने और आत्मचिंतन करने की शायद परम् आवश्यकता है कि हम सभी प्रदेश वासियों को राजनीति को केवल चुनाव तक सिमित रखना चाहिए अथार्थ जिस भी राजनीतिक विचारधाराओं में हम विश्वास और उचित समझते हैं, क्योंकि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में ऐसे अनेक क्षेत्र मानें जाते हैं।



जिन क्षेत्रों में आज भी राजनीति के लिए हम अपने व्यक्तिगत रिश्तों तक को दाव पर लगा लेते हैं, जबकि यह भी एक कटु सत्य है कि जिन राजनेताओं के लिए हम अपने रिश्ते तक दाव पर लगा रहे हैं, उनमें अनेक राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के आपस में अप्रत्यक्ष रूप से मधुर रिश्ते और दशकों से विभिन्न प्रकार के व्यापारिक कारोबार देखने एवं सुनने को मिलते हैं, इस प्रकार हम सभी को राजनीति से ऊपर उठकर मिलकर अपने क्षेत्र को स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से समय-समय पर विभिन्न समस्याओं को हल करवाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में हम सभी को मूलभूत सुविधाएं, रोजगार के उचित अवसर, बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं और विभिन्न क्षेत्रों का विकास करवाया जा सकें, क्योंकि अनेकों क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलता है।

जहां पर एक राजनीतिक विचारधाराओं के लोग अन्य राजनीतिक विचारधाराओं के लोगों के साथ मिलकर जनप्रतिनिधि तक आवाज उठाने से गुरेज करते है, तो वहीं पुरानी राजनीतिक मानसिकता के शिकार हो जाते हैं, जिस पुरानी राजनीतिक मानसिकता के कारण ही हम अपने क्षेत्र समाज के पिछड़ने का भी एक बड़ा कारण माना जाता है, जबकि हिमाचल प्रदेश के ऐसे अनेक विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र मानें जाते हैं जिन क्षेत्रों में राजनीति मात्र चुनाव तक देखने एवं सुनने को मिलती हैं तत्पश्चात मिलकर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और सभी लोग राजनीति से ऊपर उठकर मिलकर जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास किए जाते हैं।

क्षेत्र समाज के बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों का यह भी मत रहता है कि किसी विशेष राजनीतिक विचारधाराओं के प्रति अंधभक्ति और चमचागिरी के कारण किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत स्वार्थ तो पूर्ण हो जाते हैं, परंतु अगर हम क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आंकलन करने का प्रयास करें, तो हम किसी भी सामूहिक और जनहित के कार्यों को करने में असमर्थ हो जाते हैं, क्योंकि हम अधिकांश समय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने निजी स्वार्थ तक ही सीमित हो जाते हैं। तो वहीं जनप्रतिनिधियों और राजनेताओं को आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जैसी महान शख्सियतों के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए जिनका मानना था कि राजनीति स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए होनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच प्रभावितों ने चोलथरा में किया चक्का जाम

## तीन घंटे हाईवे पर लगा रहा जाम, एसडीएम, डीएसपी और मोर्थ के प्रभारी अभियंता भी रहे उपस्थित

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ चोलथरा में चक्का जाम करते हुए प्रभावित।

- प्रोजेक्ट डायरेक्टर के हस्ताक्षर के बाद ही धरने से उठे प्रदर्शनकारी
- कंपनी को दस दिन में सुधार करने का दिया अल्टीमेटम

**सरकाघाट।** धर्मपुर में निर्माणाधीन अटारी-लेह एनएच में बरती जा रही अनियमितताओं और बदहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों पर प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बावजूद अब जनता बिना किसी डर के सड़कों पर उतर आई है। जिसके चलते शुक्रवार को प्रभावितों ने चोलथरा में 10 से 1 बजे सड़क पर धरना दिया गया। जिसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला, व्यापार मंडल के प्रधान बिहारी लाल, किसान सभा के रणताज राणा ने किया। इस दौरान एसडीएम, डीएसपी और मोर्थ के प्रभारी अभियंता तन्मय महाजन भी उपस्थित रहे। एनएच निर्माण से चोलथरा में बाई पास बनने के कारण मेन बाजार, स्कूल, पंचायत घर, बैंक, सहकारी समिति व दुकानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दमसेहड़ा के प्रदर्शन से सबक लेकर चोलथरा में शुक्रवार को प्रदर्शन के आह्वान को देखते हुए पुलिस सुबह से ही तैनात थी बाद में एसडीएम स्वाति डोगरा और डीएसपी संजीव गौतम भी धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन लोग लिखित एग्रीमेंट करने के लिए तीन घंटे अड़े रहे और उसके हमीरपुर से परियोजना निदेशक के साढ़े बारह बजे पहुंचने पर लिखित एग्रिमेंट हुआ और उसके बाद धरना खत्म हुआ, जिसके अनुसार चोलथरा और सरौन ग्राम पंचायतों की समस्याओं को समयानुसार अगले 15 दिनों में हल करने का समझौता हस्ताक्षरित किया गया। कंपनी ने अगले 15 दिनों में बाजार की तोड़ी हुई सड़कें और नालियां बहाल करने, बाईपास सड़क को और घटिया किस्म डाली पुलिया को सुधारने, घरों के पास सुरक्षा दीवारें लगाने, तोड़े गए रास्तों और जलस्रोतों को जल्दी निर्मित करने, जल निकासी के लिए नालियां बनाने तथा लोगों की निजी भूमि पर से अवैध डंपिंग हटाने और सड़क को पक्का करने बारे लिखित में एग्रीमेंट किया है।

# शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्ती, दुकानों की होगी जांच : एडीएम

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर व उपस्थित अन्य।

**मंडी।** सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (कोटपा) के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और जनजागरूकता को लेकर मंडी जिले में गठित जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने की। बैठक का उद्देश्य जिले में कोटपा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की अनुपालना की स्थिति की समीक्षा करना तथा इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में स्थित दुकानों की विशेष निगरानी की जाएगी और यदि कोई दुकानदार उक्त क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों, पुलिस और नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें। राठौर ने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे 'तंबाकू मुक्त मंडी' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिपाली शर्मा ने जिला स्तर पर आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम विजय कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरिंदम रॉय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। तंबाकू मुक्त पंचायत को 5 लाख का पुरस्कार मिलेगा, वहीं 755 चालान और 76,400 रुपए जुर्माना वसूला गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### साईगलू में 3 जून को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू विनीत ठाकुर ने बताया कि 3 जून को 33/22 केवी विद्युत उपकेंद्र साईगलू की नियमित वार्षिक परीक्षण का कार्य सुरक्षा एवं निरीक्षण टीम द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के दृष्टिगत साईगलू विद्युत उपमंडल के तहत आने वाले गांव साईगलू, गोखड़ा, बीर, कोटली, भरगांव, कड़कोह, कसाण, सदयाणा, साई, पपराहल, कस्सी, बृहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रंधाड़ा, पधियूं, तांदी, पतरौण, बीर, यलाग, सदोह, तरनोह, धंयारी, बरयारा, समराहण, सुराही, सैण, अलग, कोट, कून, डवाहण, लागधार, सताहण तथा खलायु में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### विद्यार्थियों ने सीखे प्रज्ञा योग के गुण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** देव संस्कृति विवि शांति कुंज हरिद्वार के विद्यार्थियों ने हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट के विद्यार्थियों को प्रज्ञा योग और सूर्य प्रणाम का प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने नैतिक शिक्षा पर अपने विचार बच्चों के साथ साझा किए और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का संक्षिप्त परिचय दिया और एक अच्छा इंसान बनने और सभ्य समाज बनाने के लिए गुरु और गायत्री के महत्व के बारे में बताया ताकि हमारा भारत महान बन सके। इस मौके पर स्कूल कमेटी के चेयरमैन सेवानिवृत प्रधानाचार्य राज कुमार शर्मा इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया कल से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से आरंभ हो रही है, जो 19 जून तक चलेगी। इस बार महाविद्यालय प्रशासन ने अपनी वेबसाइट www.gcdharampur.in को और भी सरल, उपयोगकर्ता अनुकूल व पूर्णतः ऑनलाइन प्रवेश व्यवस्था से सुसज्जित किया है, जिससे छात्र-छात्राएं घर बैठे ही आसानी से आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालय में वर्तमान में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के अंतर्गत स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थी अपनी रुचि एवं करियर की दिशा के अनुरूप विषयों का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के बाह्य पूर्वाग्रहों या भ्रांतियों से प्रभावित हुए बिना इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

### हटगढ़ स्कूल के मेधावियों को बांटी किताबें



**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ की तीन मेधावियों को दसवीं के परीक्षा परिणाम में अपने स्कूल में टॉपर आने पर सेवानिवृत्त इंजीनियर जेपी गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ उन्होंने इन मेधावियों को शिक्षण सामग्री और किताबें भी दी। जेपी गुप्ता ने बताया कि हटगढ़ स्कूल में वह और उनके सहयोगी पढ़े हैं। इसी स्कूल के प्रति कृतज्ञता को चुकाने के लिए पिछले दो सालों मेधावी बच्चों को आगे लाने के लिए जेपी गुप्ता ने मुहिम शुरू की। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ने बताया कि जेपी गुप्ता के प्रयास से कई गरीब जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक तंगी के बावजूद आगे बढ़ने का मौका मिला है। अब तक इन्होंने 15 बच्चों की मदद की हैं।

### अढ़ाई साल से नहीं हुआ जेसीसी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल पेंशनर्स महासंघ की राज्य कोर कमेटी की आवश्यक बैठक प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रदेश महासचिव प्रदेश, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश वित्त सचिव व प्रदेश के अन्य पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बारे में चर्चा हुई तथा कार्यकारिणी के गठन करने का निर्णय लिया गया। उसके अलावा अनेक अन्य विषयों पर चर्चा हुई तथा प्रस्ताव पारित किये। बैठक में सीएम सुक्खू से पेंशनरों की जेसीसी का गठन करने की मांग की गई क्योंकि सरकार का ढाई वर्ष का कार्यकाल हो चुका है लेकिन अभी तक सरकार ने पेंशनरों की जेसीसी का गठन नहीं किया है जिसके कारण पेंशनरों की लंबित मांगों पर कोई भी कार्य वाही नहीं हो रही है।

### वॉलीबाल स्पर्धा के सेमीफाइनल में मंडी जीता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कबड्डी का सेमीफाइनल मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला सोलन और कांगड़ा के मध्य खेला गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला सोलन ने जिला कांगड़ा को हराया। वॉलीबाल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला मंडी और ऊना के मध्य खेला गया, जिसमें मंडी ने ऊना को हराया। बैडमिंटन प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला ऊना और कुल्लू के मध्य खेला गया, जिसमें ऊना जीता। खो-खो प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला मंडी और शिमला के मध्य खेला गया, इसमें शिमला विजयी रहा। एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ में कांगड़ा के नीरज प्रथम स्थान, 200 मीटर में चंबा के वरुण कपूर प्रथम स्थान। 400 मीटर में शिमला के मोहन लाल प्रथम स्थान। 800 मीटर में चंबा के अभिषेक प्रथम। 1500 मीटर में चंबा के अभिषेक प्रथम स्थान हासिल किया।

### बरोट में किया जाए जिला स्तरीय कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल तथा चौहार घाटी जैसी दुर्गम घाटी में छुपी हुई कई प्रतिभाओं को उभारने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए दोनों घाटियों के केंद्र स्थल बरोट में एक बार फिर से जिला स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित करने की मांग की गई है। घाटियों के सुभाष ठाकुर, राजकुमार, भागमल, काजू राम, दीपू रिस्की, सुनील कुमार, विजय कुमार, श्याम सिंह, मेद राम, बलदेव सिंह आदि का कहना है कि इन दुर्गम घाटियों में रह रहे सैकड़ों युवक-युवतियों में अनेक प्रतिभाएं छिपी हुई है, लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभाओं को उजागर करने का मौका ही नहीं मिल पाता है। इन युवाओं ने मंडी लोक संपर्क विभाग के अधिकारी व जिला भाषा अधिकारी से आग्रह किया है कि बरोट में जिला स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर इन दुर्गम घाटियों के युवक व युवतियों को अपनी प्रतिभाएं उजागर करने का मौका दिया जाए।

### कोटली कॉलेज में कल से शुरू होंगे दाखिले

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से आरंभ हो रही है। इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर जाकर अपनी रुचि के विषय में प्रवेश फार्म भर सकते हैं। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को दसवीं और 12वीं का रिजल्ट कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। साथ ही, एडमिशन फॉर्म के साथ एंटी रैगिंग फॉर्म भरना भी अनिवार्य किया गया है। महाविद्यालय में कला एवं वाणिज्य विषयों के योग्य और अनुभवी शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपने शैक्षणिक भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती देविका वैद्य जी ने दी है।

# सुंदरनगर के किसानों ने सीखे सुगंधित पौधों की खेती के गुर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**उद्यान** विभाग जिला मंडी की महक योजना द्वारा वित्त पोषित सुगंधित पौधों की खेती पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मौहल कुल्लू स्थित जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में संपन्न हुआ, इसमें मंडी के सुंदरनगर एवं बल्ह खंड के 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा सुगंधित पौधों की खेती से संबंधित जानकारी दी गई। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान और अन्य सहयोगी संस्थानों के विशेषज्ञों ने किसानों को सुगंधित पौधों की पहचान, वैज्ञानिक खेती के तरीके, नर्सरी तैयार करना, भूमि तैयार करना, रोपण, सिंचाई, कीट और जैविक खेती तकनीकों पर जानकारी प्रदान की। किसानों को कटाई और कटाई के बाद का प्रबंधन, उचित सुखान और प्रारंभिक प्रसंस्करण विधियों की भी सिखाया गया।

इस दौरान उद्यान विभाग के विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. पूजा शर्मा, उद्यान विकास अधिकारी अनुपमा मेहरा, शिवाली, सह-विकास अधिकारी दीनानाथ ने किसानों को विभिन्न जानकारी दी। इस अवसर पर जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान की ओर से कार्यक्रम समन्वयक ई. आरके सिंह, संयोजक डॉ. सरला शाशनी, सह संयोजक डॉ. मनीष त्रिपाठी, डॉ. वसुधा अग्निहोत्री, डॉ. किशोर कुमार, उद्यान प्रसार अधिकारी कर्म सिंह और नारायण मौजूद रहे।

# एनडीए से पास आउट जोगिंद्रनगर के सृजन, एक साल बाद बनेंगे लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



**जोगिंद्रनगर** नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 निवासी सृजन गोस्वामी ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डीबीपीएस स्कूल के होनहार छात्र रहे सृजन अब एक वर्ष के अतिरिक्त प्रशिक्षण के लिए देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शामिल होंगे।

इस प्रशिक्षण के बाद वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त होंगे। सृजन गोस्वामी ने एन.डी.ए. में तीन वर्षों का कठोर प्रशिक्षण पूर्ण किया है। एक साल के आई.एम.ए. प्रशिक्षण के बाद वह सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करेंगे। सृजन की इस उपलब्धि पर जोगिंद्रनगर में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सृजन अब न केवल अपने परिवार बल्कि समूचे क्षेत्र और प्रदेश का मान बढ़ाएंगे।

# सुंदरनगर-कपाही मार्ग पर नाली में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शिनाख्त के लिए रखा सुंदरनगर अस्पताल

**सुंदरनगर** उपमंडल में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब बीबीएमबी जलाशय के सुंदरनगर-कपाही सड़क मार्ग के साथ बनी नाली में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव को सबसे पहले सुबह की सैर के लिए निकले कुछ लोगों ने देखा और तुरंत इसकी सूचना सुंदरनगर पुलिस थाना को दी। सूचना मिलते ही डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण, थाना प्रभारी नानक चंद सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी।

पुलिस को मृतक के पास 29 मई की तारीख का नग्गर से कुल्लू के लिए बस का टिकट भी मिला है। इससे मृतक के कुल्लू जिले से संबंधित होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया। जहां नियमानुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने उसका हुलिया कुल्लू, मनाली, पतलीकुल, उदयपुर और केलांग क्षेत्रों के पुलिस थानों के साथ सांझा कर दिया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो वे तुरंत सुंदरनगर पुलिस थाना से संपर्क कर सकते हैं।

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गुरबाणी से संगत को किया निहाल

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

- गुरुद्वारे के बाहर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए लगाई छबील

**जोगिंद्रनगर।** सिख धर्म के इतिहास में अद्वितीय बलिदान और आध्यात्मिक महानता के प्रतीक श्री गुरु अर्जुन देव के पवित्र शहीदी दिवस पर जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को गुरु सिंह सभा की ओर से भव्य और श्रद्धा से परिपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गुरुद्वारा दर्शनी डयोढ़ी में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरुद्वारा साहिब में शब्द कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें रागी जत्थों ने गुरबाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारे के बाहर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई गई। स्वयंसेवकों ने प्रेमपूर्वक सेवा करते हुए राहगीरों को शरबत पिलाया। तेज धूप में यह सेवा राहत और सुकून का माध्यम बनी। हेड ग्रंथी सेवा सिंह ने श्री गुरु अर्जुन देव जी के जीवन और शहादत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी सिख धर्म के पहले शहीद थे, जिन्होंने सत्य, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए प्राण न्योछावर किए। 'आदि ग्रंथ' का संकलन कर सिख धर्म को दिशा और आधार दिया। स्वर्ण मंदिर (हरिमंदिर साहिब) का निर्माण भी उन्हीं की देन है। मुगल सम्राट जहांगीर द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयास पर तपती ईंटों पर बैठकर जान कुर्बान कर दी। यह बलिदान मानवता के लिए अमर प्रेरणा है। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था रही, जिसमें सभी ने मिल-बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गुरप्रीत सिंह, सचिव सरदार जगजीत सिंह, अन्य सेवादार और संगत के सदस्य उपस्थित रहे।

# कुफरी स्कूल में 80 विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

कविता, अनंत ज्ञान




**पधर।** स्वास्थ्य खंड पधर के सौजन्य से शुक्रवार को कुफरी स्कूल में 'अपना विद्यालय' मेरा स्कूल मेरा गर्व कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पधर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ. विक्रांत द्वारा 80 विद्यार्थियों की दंत जांच के अलावा एनीमिया और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के साथ-साथ कुफरी बाजार में 10.30 सुबह और बडीधार बाजार में दोपहर 1.30 बजे विशेष रूप से एक मोबाइल एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध करवाई गई, जिससे छाती के रोगों की जांच की गई। डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि विद्यालय व आंगनबाड़ी स्तर पर इस तरह की स्वास्थ्य जांच शिविर पूरे स्वास्थ्य खंड में रखे जा रहे हैं ताकि छात्रों को प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर समय पर इलाज मिल सके। साथ ही, नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नशा मुक्ति पर केंद्रित जागरूकता सत्र भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नशे के प्रति छात्रों को जागरूक व सामाजिक और मानसिक क्षति तथा इससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर डॉ. शैली द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी व चेतन ने करियर काउंसलिंग पर छात्रों को जानकारी दी। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कुफरी एवं बड़ी धार में नि:क्षय शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें एक्सरे मशीन से 96 लोगों की जांच की गई। इसके अलावा 120 लोगों का रक्तचाप जांच गया।

# एशियाई ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के 2 खिलाड़ी दिखाएंगे दम



एशियाई ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल के खिलाड़ी रवाना होते हुए।

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग एशियन ग्रेपलिंग चैंपियनशिप जिसका आयोजन 1-4 जून तक उज्बेकिस्तान के अंदिजन में आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए शुक्रवार को भारतीय टीम रवाना हो गई है। उज्बेकिस्तान गई भारतीय टीम में दो खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश से संबंध रखते हैं। हिमाचल एमेच्योर ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष संजय कुमार तथा कोच एवं एशियाई पदक विजेता जितेंद्र चौहान ने बताया रवाना हुई टीम में हिमाचल से मनदीप 62 किलोभार वर्ग में व राघव जम्वाल 71 किलोभार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी पदक जीत कर लौटेंगे व देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# छोटा भंगाल घाटी की 7 पंचायतों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, मंडी।** केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनहित की कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं, मगर छोटाभंगाल घाटी की सात पंचायतों के लोग इन योजनाओं का भरपूर लाभ ही नहीं उठा पा रहे हैं। सरकार का प्रचार तंत्र यहां ऐसी योजनाओं की सूचना उपलब्ध ही नहीं करवा पाता है और न ही सरकार द्वारा प्रशिक्षण या जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं। मत्स्य पालन विभाग ने प्रदेशभर में निजी क्षेत्र के तहत मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने के लिए अत्यंत लाभकारी एवं रोजगारन्मुख योजनाएं चला रखी है, मगर युवा इसका लाभ ही नहीं ले पा रहे हैं। छोटाभंगाल घाटी के युवाओं में विकास ठाकुर, नवीन कुमार, शेर सिंह, नरेश कुमार, बुद्धि सिंह, अजय कुमार, बलवीर सिंह, चंद्रेश कुमार आदि ने बताया कि चौहार घाटी की तर्ज पर वह भी मछली पालन का व्यवसाय अपनाना चाहते हैं, मगर मत्स्य पालन विभाग पालमपुर से कोई भी निर्देश न मिलने से वे वंचित है। घाटी की लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर ने बताया कि यह घाटी बहुमूल्य मछली पालन के लिए उपयुक्त जलवायु, ठंडा पानी व अन्य वांछित आधारभूत ढांचा होने के बावजूद लंबे समय से दुर्गम घाटी की मत्स्य विभाग की अनदेखी ही होती आ रही है। तिलक ठाकुर सहित इन सभी युवाओं ने सरकार से निजी मछली पालन की स्वीकृति प्रदान करने व यहां पर समय-समय पर शिविर लगाने की जोरदार मांग की है।

# करसोग में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने संभाला कार्यभार



**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान, करसोग।** शुक्रवार शाम 3 बजे के करीब कांग्रेस कमेटी करसोग सदस्य उत्तम चौहान ने बताया करसोग अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती कर दी गई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ईशु मेहता ने शुक्रवार को अस्पताल में पदभार संभाल लिया है। अस्पताल में अब स्त्री रोग विशेषज्ञ से अब अस्पताल में आने वाली गर्भवती व सामान्य उपचार के लिए महिलाओं को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## प्रेम लाल प्रधान व योगराज बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिमाचल राज्य गुज्जर कल्याण परिषद के द्रंग खंड कार्यकारिणी के चुनाव लखदाता मंदिर गांव रोपी में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस चुनाव के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष तिलक राज बरगट ने की। सर्वसम्मति से आयोजित इन चुनावों में प्रधान प्रेम लाल, उपप्रधान योगराज, महासचिव रूप सिंह कटारिया, कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद यादव व वरिष्ठ सलाहकार बुद्धि सिंह को बनाया गया। बैठक के दौरान परिषद को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने पर मंथन किया गया। इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष तिलक राज बरगट ने कहा कि जिला मंडी में परिषद की खंड स्तरीय कमेटियों के गठन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जून माह के अंत तक जिला के सभी खंडों में कमेटियों का गठन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मर्ज स्कूलों में डीपीई के पद को न करें समाप्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ललित चौहान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि संघ का मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग करते हैं कि गर्ल और ब्वायज स्कूलों को मर्ज करने पर इन स्कूलों के डीपीई के पद को समाप्त नहीं किया जाए। बल्कि जिन स्कूलों में डीपीई के पद स्वीकृत नहीं हैं उन स्कूलों में डीपीई के पद स्वीकृत किए जाएं, क्योंकि ऐसे स्कूलों संख्या 400 के लगभग है और बच्चे भी शारीरिक विषय पढ़ रहे हैं, लेकिन स्कूलों में डीपीई की पोस्ट स्वीकृत नहीं है। यह एक चिंतनीय विषय है सरकार इस गंभीरता से विचार करे। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से शारीरिक शिक्षकों की पदोन्नति पर स्टे लगा हुआ था। 23 मार्च को उच्च न्यायालय ने शारीरिक शिक्षकों की पदोन्नति पर स्टे हटा दिया और शारीरिक शिक्षकों की डीपीई के पद पर पदोन्नति करने का रास्ता साफ कर दिया है, लेकिन विभाग ने अभी तक इस पर कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है। इसी प्रकार 870 शारीरिक शिक्षकों की भर्ती पर उच्च न्यायालय से स्टे लगा हुआ था। उच्च न्यायालय ने इसी माह निर्णय देते हुए स्टे हटा दिया है, अब शारीरिक शिक्षकों की भर्ती शुरू करने पर कोई भी स्टे नहीं है। सरकार इन दोनों मामलों को प्राथमिकता के आधार विचार करे और सरकार द्वारा स्वीकृत 870 शारीरिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करे।

## अप्रेंटिसशिप के 50 पद के लिए साक्षात्कार 3 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने बताया कि ऑरो टेक्सटाइल (प्रिंटिंग डिवीजन) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बद्दी द्वारा अप्रेंटिसशिप के 50 पदों के लिए भर्ती अधिसूचित की गई है। कंपनी द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास एवं आईटीआई उत्तीर्ण होनी चाहिए। साक्षात्कार का आयोजन 3 जून को उप रोजगार कार्यालय सुंदरनगर में, 4 जून को उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट में, 5 जून को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी में और 6 जून को उप रोजगार कार्यालय बालीचौकी में सुबह 10:30 बजे से निर्धारित स्थानों पर किया जाएगा।

**जागरूक** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत कृषि संवाद कार्यक्रम आयोजित

# किसानों को खरीफ सीजन के बारे में दी सलाह

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**केंद्रीय** कृषि मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मंडी द्वारा जिला मंडी के सुंदरनगर, बल्ह, सरकाघाट, धर्मपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों पतसल, धर्मपुर, सयोह, घरवासरा, गरली, चतरैना संधोल सहित अन्य स्थानों में कृषि संवाद कार्यक्रम अयोजित किए गए। इसमें एक हजार से अधिक किसानों ने भाग लिया।

केंद्र के प्रभारी डॉ. पंकज सूद ने बताया कि केंद्र के विज्ञानियों के साथ-साथ कृषि, बागवानी, जीका, आतमा से अधिकारी किसानों से सीधा संवाद करने के साथ आने वाले खरीफ सीजन के बारे में सलाह दी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य कृषि को टिकाऊ, आधुनिक और किसानों की आय बढ़ाने वाली बनाना है। यह अभियान विकसित भारत-2047 दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत किसानों को नवीनतम तकनीकों, प्राकृतिक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे न केवल कृषि क्षेत्र में समग्र विकास और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके बल्कि जलवायु परिवर्तन और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों का भी सफलतापूर्वक सामना कर सकें।

स्थानीय पंचायतों के सहयोग से गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जहां किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और उनका लाभ उठाने के लिए मार्गदर्शन भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अभियान के तहत ड्रोन तकनीक, सैटेलाइट आधारित फसल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि खेती को अधिक वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाया जा सके। फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन को भी सशक्त किया जा रहा है ताकि किसान बाजार से सीधे जुड़ सकें।

### सरकारी योजनाओं-प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती, उच्च तकनीक बागवानी, पशुधन प्रबंधन और अनुदानों की जानकारी दी गई। साथ ही, किसानों को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले सहायता अनुदान, प्रशिक्षण, एवं क्लस्टर विकास के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए और किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनके सवालों के उत्तर भी दिए गए। इस संवादात्मक सत्र में किसानों ने अपनी समस्याएं भी साझा की, जिन पर अधिकारियों ने समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### गंगोट में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** गंगोट पंचायत के प्रांगण में 31 मई को सुबह फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे, जिनमें सामान्य चेकअप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस ए, बी और सी, बीपी, एचआईवी, सिफिलिस और एसटीआई, यूटीआई, एसटीडी टेस्ट शामिल हैं। इस कैंप में न केवल निशुल्क टेस्ट होंगे, बल्कि दवाएं भी निशुल्क बांटी जाएंगी। पंचायत के सभी निवासियों से अनुरोध है कि इस सुविधा का लाभ लें और अपना निशुल्क चेकअप करवाएं।

### इन्नरव्हील क्लब ने छात्रा को दी आर्थिक मदद




**अनंत ज्ञान, ऊना।** इन्नरव्हील क्लब ऊना ने एक छात्रा को शिक्षा में मदद कार्यक्रम के तहत 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। क्लब सदस्यों ने चड़तगढ़ गांव की छात्रा कृतिका को वकालत की पढ़ाई में सहयोग के रूप में यह राशि दी। उक्त छात्रा ने हाल ही में जमा दो की परीक्षा 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की है तथा उसने बढ़ेडा लॉ कालेज में एडमिशन ली, जिसके लिए फीस में सहयोग के रूप में उसे यह राशि दी गई। क्लब की प्रधान रमा कंवर ने बताया कि इन्नरव्हील क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, व अन्य समाजसेवा के क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी एक छात्रा को क्लब ने 41 हजार रुपए की राशि फीस अदा करने के लिए प्रदान की थी। वहीं, क्लब द्वारा प्रवासी मजदूरों के बच्चों को भी शिक्षा के लिए स्टेशनरी व अन्य मदद प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्लब लगातार कार्य कर रहा है। क्लब ने एक किडनी रोगी को भी सहायता के रूप में एक हजार रुपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर क्लब सचिव शोभा सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, सुमन पुरी, रंजना बख्शी, अमरजीत बबली व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### विवेकपूर्ण ढंग से करें मताधिकार का प्रयोग : अनिल



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में चुनावी साक्षरता क्लब के सौजन्य से स्कूली विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जमा दो के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने भावी मतदाताओं को अपने मताधिकार का विवेक पूर्ण ढंग से प्रयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य अनिल कुमार व राकेश कुमार व प्रभारी चुनावी साक्षरता क्लब बुधान व राजीव डोगरा , सतीश कुमार मौजूद रहे।

### पूर्व डिप्टी डायरेक्टर के निधन पर संघ ने जताया शोक

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य प्रेस सचिव राजन शर्मा, जिला कार्यकारिणी के प्रधान शशि सैनी, महासचिव संजीव कुमार, प्रिंसिपल विनोद बनियाल ने पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जगत मोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया। स्मरण रहे जगत मोहन ने वर्षों शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं और इलाके के विकास में उनका सदैव महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसको सदैव याद रखा जाएगा।

# बड़े अधिकारियों तक अवैध खनन माफिया का नेटवर्क

## अनंत ज्ञान के अभियान में खुलासा : संबंधित विभाग के कुछ प्रमुख अधिकारी बने हैं मुखबिर



स्वां नदी के तटबंधों से अवैध खनन में जुटी जेसीबी और टिप्पर।

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** अवैध खनन करने वाले गिरोह और माफिया के तार कई सरकारी विभागों के साथ भी जुड़े हुए हैं। इसका खुलासा तब हुआ, जब अनंत ज्ञान की टीम द्वारा अवैध खनन माफिया के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत स्वां नदी और आसपास के क्षेत्र में हो रही खनन गतिविधियों की पड़ताल की। इस दौरान कई जगह अवैध खनन करते हुए मशीनें और टिप्पर नदी के तटबंधों के समीप खनन करते पाए गए, हालांकि उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई तो जरूर अमल में लाई गई, लेकिन जो उससे पहले हुआ उससे साफ जाहिर है कि अवैध खनन माफिया की जड़ें कई विभागों के कुछ उच्च अधिकारियों तक भी पहुंची हुई हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

बता दें कि बीते तीन दिन में अनंत ज्ञान की टीम की ओर से गगरेट के आसपास स्वां नदी में जो अभियान अवैध खनन को लेकर शुरू किया गया था, उसके तहत ही कई जगह नदी के किनारे तटबंध के समीप मशीन द्वारा खनन किए जाने के सबूत थे। कुछ खनन करने में व्यस्त थे। इस संबंध में जब उन लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर नाम नहीं लिया, लेकिन सांकेतिक प्रतिक्रिया दी। इसके बाद जैसे ही टीम द्वारा खनन मैप में के एक उच्च अधिकारी से संपर्क किया गया तो अवैध खनन का नाम सुनकर उस अधिकारी का मोबाइल ही नेटवर्क क्षेत्र से बाहर चला गया। इसके बाद जब फोन मिला तो वह अधिकारी कुछ भी न सुनाई देने की बात करते हुए बहाने बना लगा।

हालांकि टीम की ओर से उसे अधिकारी को जब लिखित मैसेज किया गया, तब उन्होंने उसका रिप्लाई दिया और कहा कि वह अपने स्तर पर छानबीन करते हैं। हैरानी की बात तो तब हुई, जब अधिकारी के फोन के 10 मिनट बाद ही अवैध खनन में लगे माफिया से जुड़े कुछ लोगों का फोन टीम को आने लगा। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं अवैध खनन में लगे माफिया का नेटवर्क इतने ऊपर तक है कि उसे किसी को भी खतरा हो सकता है। टीम द्वारा जब देखा गया तो उन्होंने फिर से अधिकारी को फोन करके जानकारी लेनी चाही तो कोई उत्तर संतोषजनक नहीं था। अब ऐसी स्थिति से साफ है कि अवैध धंधों का जाल पूरे जिले में बिछा है और कई अधिकारी मायाजाल के कारण उचित कार्रवाई की जगह महज माफिया के एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। शुक्रवार को भी गुप्त सूचना से जानकारी मिली कि गगरेट के समीप एक जगह पहाड़ी को काटकर प्रकृति से सीधे छेड़छाड़ की जा रही है। ऐसे में इस स्थान पर एक पोकलेन और टिप्पर पहुंचे थे, जो कथित तौर पर किसी ईंटों के भट्ठे तक मिट्टी लेकर जा रहे थे। ऐसे में जब सूचना संबंधित विभाग को दी गई तो भी दूसरे ही मिनट माफिया से जुड़े लोगों के फोन आने शुरू हो गए।

कुछ लोग पत्रकार के घर भी पहुंच गए। हालात इतने बुरे हैं कि जो लोग मामला रफा-दफा करने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी पर किसी डिजिटल मीडिया का और प्रेस अंकित कर रखा था। ऐसे में यह मीडिया की आड़ में माफिया का साथ देने वाला नेटवर्क का हिस्सा था।

इस संबंध में जिला खनन अधिकारी निरजकांत का कहना है कि वे अपने स्तर पर मामले की छानबीन करा रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आई महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते मलाहत रेलवे क्रॉसिंग के समीप हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से प्रवासी महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सुष्मिता कुमारी पुत्री जवाहर मेहतो निवासी गांव बेबी चौकी बंसीपुर जिला लखीसराय उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो कि पिछले लंबे समय से आईटीआई ऊना के समीप झुग्गियों में रहती थी। रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक वीरवार रात्रि ऊना से नई दिल्ली जा रही हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही मलाहत के पास पहुंची, तो एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे की जानकारी लोको पायलट ने रेलवे पुलिस ऊना को दी। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। महिला की पहचान के लिए रेलवे पुलिस ने रात्रि के बाद शुक्रवार सुबह भी स्थानीय लोगों व झुग्गी झोपड़ी वालों से पूछताछ की। दोपहर बाद महिला की पहचान सुष्मिता कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक महिला के दो बच्चे हैं और पति उसे छोड़ चुका था। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## हिम आंचल पेंशनर्स बंगाणा खंड के कल होंगे वार्षिक चुनाव

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड बंगाणा की द्वितीय वार्षिक चुनावी प्रक्रिया एक जून को आयोजित की जाएगी। यह महत्त्वपूर्ण आयोजन उपमंडल बंगाणा के थानाकलां स्कूल परिसर में संपन्न होगा, जिसमें संघ के सभी सदस्य सक्रिय भागीदारी करेंगे। इस द्वितीय वार्षिक चुनाव में बलदेव धीमान, राममूर्ति लट्ठ, रोशन लाल चौधरी पर्यवेक्षक होंगे।

संघ के अध्यक्ष पद सहित अन्य प्रमुख पदों के लिए चुनाव होंगे। चुनाव प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर बाद तक चलेगी। चुनाव के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने हेतु एक चुनाव समिति गठित की गई है, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व अध्यक्ष शामिल हैं। हिम आंचल पेंशनर्स संघ का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष उठाना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। संघ के माध्यम से सेवानिवृत्त सदस्यों को स्वास्थ्य, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया जाता है तथा समय-समय पर शिविरों व बैठकों का आयोजन किया जाता है।

खंड बंगाणा में संघ की सक्रियता लगातार बढ़ रही है, जिससे अब तक सैकड़ों पेंशनभोगी जुड़ चुके हैं। आगामी चुनाव में नए चेहरे मैदान में हैं, जिससे सदस्य वर्ग में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि इस चुनाव के बाद संघ की गतिविधियों को और गति मिलेगी। संघ के निवर्तमान अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाएं और संगठन को मजबूत करें। चुनाव परिणामों की घोषणा चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन की जाएगी।

### स्कूल के गेट पर गिरा पेड़, बड़ा हादसा टला



**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** शुक्रवार सुबह अचानक आंधी चलने से उपमंडल हरोली में कई पेड़ टूट गए। आंधी के चलते पीपल के पेड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भदसाली के गेट पर गिर गया, जिससे स्कूल का गेट पूरी तरह टूट गया। इस स्कूल की चारदीवारी को भी खासा नुकसान हुआ है। आंधी सुबह सबेरे चलने से यह हादसा हुआ, अगर स्कूल समय यह हादसा होता तो बड़ा नुकसान भी हो सकता था। पेड़ गिरने से स्कूल के अंदर जाने का रास्ता भी बंद हो गया। स्कूल स्टाफ द्वारा पहले पेड़ को कटवाया गया, फिर जाकर स्कूल सुचारु रूप से चल पाया।

## तूफान से स्थगित श्याम वंदना महोत्सव अब 2 जुलाई को होगा

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** श्री श्याम मित्र मंडल संतोषगढ़ (ऊना) रजि. की ओर से 24 मई को संतोषगढ़ नगर परिषद में आयोजित चतुर्थ वार्षिक श्री श्याम वंदना महोत्सव जो कि भारी बारिश व तूफान चलने की वजह से मंडल की ओर से स्थगित कर दिया गया था, उसे अब 2 जुलाई को नगर में सिल्वर ऑक पैलेस में आयोजित किया जाएगा। इस बारे में श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने वीरवार शाम को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया है।

श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी मुकेश बस्सी, मोहिंदर, सुमित चावला, संजू, हितेश, नंदन, वंश, साहिल मेहन, राकेश सोनी, गोविंद, अंकुश, चेतन चब्बा व परीक्षित, पुष्पराज ने बताया कि ऊना जिले में चौथी बार करवाए जा रहे श्री श्याम बाबा (खाटू वाले) व श्री सालासर बाला जी के कीर्तन को फिलहाल वे मौसमी बारिश व आंधी तूफान के चलते स्थगित करना पड़ा था, जिसे अब दोबारा से आयोजित करवाने की तैयारियां शुरू की जा रही हैं। सभी सदस्यों ने बताया कि अब दोबारा से 2 जुलाई को आयोजित किए जा रहे श्री श्याम वंदना महोत्सव में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन प्रवाहक संजय मित्तल, मध्य प्रदेश से कनिका ग्रोवर व ऊना से नमिश बस्सी श्री श्याम बाबा के गुणगान के लिए पहुंचेंगे, जबकि कार्यक्रम में पटियाला पंजाब से प्रसिद्ध कलाकार आदित्य गोयल भी कार्यक्रम में बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 2 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा के भव्य दरबार के साथ-साथ, मेहंदीपुर बालाजी एवं सालासर बालाजी महाराज के सोने-चांदी के स्वरूप एवं भव्य दरबार भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे।

## चुकानी गांव की टूटी सड़क बनी मुसीबत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बंगाणा, उपमंडल के अंतर्गत आने वाले पीपलू पंचायत के चुकानी गांव की सड़क की खस्ता हालत ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। गांववासियों का कहना है कि हल्की सी बारिश के बाद भी इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, वहीं दोपहिया या चौपहिया वाहन गांव तक पहुंच ही नहीं पाते। ग्रामीणों ने लोनिवि बंगाणा से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत कर इसे पूरी तरह पक्का किया जाए, ताकि गांव को सही मायनों में सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

स्थानीय वीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया ने कहा कि चुकानी गांव को जोड़ने वाली सड़क अधूरी और असंतुलित अवस्था में है। सड़क का एक हिस्सा पक्का है, तो दूसरा हिस्सा पूरी तरह कच्चा और उबड़-खाबड़। इस स्थिति में किसी भी वाहन का आना-जाना नामुमकिन है। थोड़ी सी भी बारिश होती है तो सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे

**बारिश में सड़क बन जाती है दलदल : राजकुमार**



पैदल चलना भी एक चुनौती बन जाता है। राजकुमार मनकोटिया ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा सड़क सुविधा के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। इस गांव में दो से अधिक परिवारों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, परंतु वह सुविधा अधूरी और असुविधाजनक है। इससे बेहतर होता कि सड़क को वैसे ही छोड़ दिया जाता, जैसी पहले थी। कम से कम लोगों को उम्मीदें तो न जगतीं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांव के लोग कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। राजकुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग बंगाणा के जेई महिंद्र सिंह से भी इस बारे में बात की थी और सड़क की दुर्दशा से अवगत करवाया था, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। विभाग की तरफ से न कोई मरम्मत कार्य शुरू हुआ और न ही भविष्य में कोई योजना स्पष्ट की गई। उनका कहना है कि चुकानी गांव में आज भी सड़क पहुंच की बजाए सड़क से दूरी बनी हुई है। टूटी सड़क के कारण गांव में एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं तक समय पर नहीं पहुंच पातीं, जिससे कई बार गंभीर हालात उत्पन्न हो जाते हैं।

राजकुमार मनकोटिया ने लोक निर्माण विभाग से अपील की है कि वे तत्काल इस सड़क की मरम्मत करवाएं और इसे पूर्ण रूप से पक्का करें, ताकि गांव के लोगों को भी मूलभूत सुविधाओं में शामिल सड़क सुविधा का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह केवल विकास का सवाल नहीं है, बल्कि इंसानी गरिमा और जीवन की सुरक्षा का भी मुद्दा है। अगर जल्द ही समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ग्रामीणों की यह पीड़ा न केवल चुकानी गांव की सच्चाई है, बल्कि उन सैकड़ों गांवों की कहानी है, जहां विकास की रोशनी अब तक नहीं पहुंची।

## सुखदेव सिंह संधू को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**



सुखदेव को सम्मानित करते गणमान्य।

**पंजावर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ा जसवालां में मुख्य अध्यापक सुखदेव सिंह संधू ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 28 वर्षों की निरंतर सेवाओं के उपरांत रिटायरमेंट के एक दिन पहले नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अध्यापक सुखदेव सिंह संधू ने बच्चों को विभिन्न मनमोहन उपहार भेंट किए।

उन्होंने नन्हें-मुन्ने बच्चों के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी प्रबंध किया था। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों ने भी मुख्य अध्यापक सुखदेव सिंह संधू को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभिन्न उपहारों से सम्मानित किया व उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने दूर-दराज के विभिन्न स्कूलों जैसे भरमौर, चंबा, बनीखेत, लोहारली, कुठेरा आदि में अपनी सेवाएं दी है।

इस अवसर पर उनके पारिवारिक सदस्यों में उनकी पत्नी बेटी, बेटा व विभिन्न स्कूलों के अध्यापक संजीव कुमार, संदीप शर्मा, राजीव राणा, सूरज हांडा, राकेश शर्मा, कुलदीप कंग, राजकुमार, विनय ठाकुर, दीपक गुलेरिया, अरुण राणा, वंदना ठाकुर, सर्वजीत सिंह, इंदुमाला, नेहा मेहता, देवेंद्र भाटिया, सुरजीत सिंह, बलविंदर कुमार और विकास ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को मतदान का बताया महत्व

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली में इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में विद्यालय के कप्तान और उपकप्तान के चुनाव मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से संपन्न करवाए गए। क्लब के मुख्य संयोजक सुनील कुमार ने बताया कि चुनाव विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में कक्षा छठी से लेकर बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने मतदान किया।

क्लब द्वारा विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया, चुनाव प्रणाली, मतदान की शक्ति और लोकतंत्र के महत्व के प्रति जागरूक किया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और छात्रों द्वारा संचालित रही, जिसमें शिक्षकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने चुनाव कर्मचारियों की भूमिका बहुत ही अच्छे ढंग से की। कप्तान के लिए इस वर्ष मोहित मान और अक्षित कुमार के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अक्षित कुमार ने जीत हासिल की। उपकप्तान के लिए सारिका भारद्वाज और तन्मय आमने-सामने थे, जिसमें तन्मय ने विजय हासिल की।



मंदली स्कूल में मतदाता जागरूकता शिविर में मौजूद प्रतिभागी और प्रबंधक।

चुनाव के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान ने सभी विद्यार्थियों, चुनाव संयोजक सुनील कुमार, अनुज शर्मा एवं समस्त शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा किभारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्कूल के विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित करवाना आज की आवश्यकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और अधिकारों के प्रति समझ को विकसित करती हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं मतदान के महत्व को समझें, बल्कि अपने परिवार व समाज को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में भी जानकारी दें।

स्कूल के सभी विद्यार्थी मतदान करने के उपरांत बहुत ही उत्साहित थे। स्कूल के नवनिर्वाचित कप्तान अक्षित कुमार एवं तन्मय ने कहा कि सभी नागरिकों को मतदान के पर्व को एक त्योहार की तरह मनाना चाहिए और अपने वोट का अधिकार अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, रणबीर, सुभाष चौहान, अंजना कुमारी, मीना, सुदर्शन, राजेंद्र कौर, पवन कुमारी, ब्रह्मदास, राजकुमार और स्कूल के सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

## विधायक के प्रयासों से अंदौरा अपर में 1.17 करोड़ से बनेगा पंचायत भवन परिसर : राघव

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट की अंदौरा अपर पंचायत में एक करोड़ सत्रह लाख रुपए की लागत से नए पंचायत भवन परिसर का निर्माण होगा, जिसके लिए ग्राम पंचायत को पहली किस्त के रूप में 34 लाख रुपए की राशि आवंटित भी हो चुकी है। प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रांतीय महासचिव राघव ठाकुर ने कहा कि जब-जब राकेश कालिया विधायक बने, तब-तब पंचायत अंदौरा अपर का भरपूर विकास हुआ। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण पंचायत अंदौरा प्पर के लिए पंचायत भवन परिसर के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध होने के साथ अंदौरा अप्पर के लिए नाबार्ड से सड़क निर्माण के लिए धन राशि मंजूर होना भी है।

शुक्रवार को अंदौरा अपर के बाबा सिद्ध चानो मंदिर में आयोजित भंडारे में शिरकत करने पहुंचे युकां के प्रांतीय महासचिव राघव ठाकुर ने कहा कि यूं तो विधायक राकेश कालिया के कार्यकाल में विकास खुद व खुद गति पकड़ता है लेकिन अंदौरा अपर के साथ विधायक राकेश कालिया का विशेष प्रेम ही है कि यहां पेयजल, सिंचाई सुविधा के साथ अन्य जितनी भी विकासात्मक गतिविधियां हुईं, वे सबसे ज्यादा विधायक राकेश कालिया के कार्यकाल में ही हुई हैं।

राघव ठाकुर ने कहा कि राकेश कालिया शुरू से ही विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। चाहे उन्होंने विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी का प्रतिनिधित्व करते हुए चिंतपूर्णी क्षेत्र में विकास को पंख लगाए और चाहे विधानसभा क्षेत्र गगरेट का प्रतिनिधित्व करते हुए विकास को नई उंचाइयों पर पहुंचाया। अंदौरा अपर अब वह अंदौरा नहीं रहा जो आज से पच्चीस साल पहले हुआ करता था। अंदौरा अपर में नया सड़क मार्ग बनने से यहां की सब बस्तियां पक्की सड़क सुविधा से जुड़ जाएंगी। यही नहीं नया पंचायत भवन परिसर बनने से भी यह पंचायत आदर्श पंचायत बनने की ओर अग्रसर होगी।

**मंथन** डीसी की अध्यक्षता में हुई मंदिर ट्रस्ट की बैठक में वर्ष 2025-26 का बजट मंजूर

# भूमि अधिग्रहण के बाद संवरेगा चिंतपूर्णी मंदिर

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को उपायुक्त ऊना एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर के समग्र विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए अनेक दूरगामी निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि वर्ष 2025-26 के बजट को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

**मंदिर सौंदर्यीकरण परियोजना को गति :** बैठक में मंदिर सौंदर्यीकरण परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण के लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। यह परियोजना मंदिर के दीर्घकालिक एवं समग्र विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं** श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल को चौबीसों घंटे शौचालय संचालन के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। वहीं, अंब रेलवे स्टेशन पर मां चिंतपूर्णी की भव्य छवियां और डिजिटल डिस्प्ले लगाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए, ताकि यात्रियों को स्टेशन पर उतरते ही एक दिव्य अनुभूति प्राप्त हो।



बैठक में उपस्थित मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जतिन लाल और अन्य गणमान्य।

**गोशाला के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ :** पशु कल्याण के दृष्टिगत उपायुक्त ने एसडीएम अंब को निर्देशित किया कि मुबारिकपुर से चिंतपूर्णी के मध्य गोशाला हेतु उपयुक्त भूमि की पहचान कर शीघ्र हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

**मौसम से सुरक्षा के उपाय :** श्रद्धालुओं को बारिश व धूप से बचाव हेतु माधव टिल्ला से मंदिर के गेट नंबर 1 व 2 तक टिन शेड लगाने की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई, ताकि मंदिर दर्शन के लिए आने वाले यात्री मौसम की कठिनाइयों से सुरक्षित रह सकें।

**डिजिटल प्रचार और लाइव दर्शन** मंदिर की डिजिटल उपस्थिति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मर्स पर सक्रिय प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। साथ ही भरवाई में स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव आरती और दर्शन का सीधा प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के समापन पर उपायुक्त जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रयास श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध करने तथा मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक सुविधाओं और डिजिटल तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ मंदिर की परंपरा व संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, मंदिर अधिकारी अजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की शक्ति रखती है : गणेश दत्त

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** भागवत कथा के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को चंबोआ धर्म, श्रद्धा और भक्ति में डूबा नजर आया। मरियाणे ब्राह्मण गोत्र परिवार चंबोआ द्वारा आयोजित इस संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन की शुरुआत कलश यात्रा और श्रीमद् भागवत महिमा के प्रसंग से हुई।

शुक्रवार की कथा के मुख्य यजमान रूद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा और अश्वनी कुमार रहे। कथा के पहले दिन कथा वाचक आचार्य गणेश दत्त शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का रस पूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का सार है, जो मनुष्य को परमात्मा से जोड़ने का साधन है। उन्होंने कहा कि इस युग में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण ही मोक्ष का श्रेष्ठ मार्ग है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल बाणी नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, उपदेशों और भक्ति अमृत धारा है। यह ग्रंथ कलयुग में साक्षात श्रीहरि का रूप है, जो श्रोता के हृदय को पवित्र कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की भक्ति रखता है। उन्होंने कहा कि जैसे अंधकार में दीपक राह दिखाता है, वैसे ही यह कथा हमारे जीवन में भक्ति ज्ञान और वैराग्य का प्रकाश फैलाती है। भागवत कथा से जन्म-जन्मांतर के पाप क्षीण होते हैं और मनुष्य के हृदय में शुद्ध प्रेम और परमानंद का संचार होता है। शास्त्री ने कहा कि सबसे सुलभ प्राप्ति यदि किसी माध्यम से है, तो वह है श्रीमद् भागवत कथा।

कथा के इस अवसर पर कथा समिति के अध्यक्ष सतपाल शर्मा, उपाध्यक्ष ओंकार दास शास्त्री, कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष रिटायर्ड सूबेदार जयलाल शर्मा, सचिव पंकज शर्मा, अजय शर्मा, सत्येंद्र, जगदीश, तारू, अमन, संतोष कुमारी, रीना देवी, मोनू शर्मा, रेणुका, कल्पना, ज्योति, संदला शर्मा, रक्षा, बीना, रिंकी, पिंकी, अनु, पूजा, पायल, सुषमा, निर्मला, राज, सोनू, शीला, अंजू, मंजू, उर्मिला, सीता, कमला, कमलेश, आशा, निशा, रूद्र शर्मा, अनीश, तनिष, सुनील, टोनी आदि उपस्थित रहे।

# पहाड़ों में हल्की बर्फबारी से मौसम हुआ सुहावना

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान



**केलांग/कुल्लू।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को मौसम ने सुबह ही करवट बदली और दोनों जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। वहीं, निचले क्षेत्रों बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 13,050 फुट रोहतांग दर्रा व इसके आसपास की ऊंची पहाड़ियों में भी बर्फ के फाहे गिरे।

लाहौल घाटी में हुई ताजा बर्फबारी से सौंदर्य निखर गया है। रोहतांग दर्रा के साथ कुंजम और बारालाचा में बर्फ गिरी। वहीं, जिला कुल्लू में कुछ जगह हल्की बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है, जबकि कुछ जगह बीते दिन अंधड़ व ओले गिरने से फसलों को नुकसान भी हुआ है। उधर, रोहतांग दर्रा, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क व लाहौल की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल के निचले इलाकों में भी बादल जमकर बरसे। इससे आलू की बिजाई कर रहे किसानों के लिए संजीवनी बनी है। मनाली के निचले इलाकों में हल्की बारिश की फुहारें गिरी हैं। मई माह के अंतिम सप्ताह में मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बाद कुल्लू व लाहौल-स्पीति का तापमान गिर गया है।

तापमान में गिरावट के चलते लोगों को गर्मी से निजात मिली है। शुक्रवार को मनाली की ऊंची चोटियों सहित मकरवे, शिकरवे, सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट में ताजा बर्फबारी हुई है। दर्रे में हल्की बर्फबारी के बीच वाहनों की आवाजाही सुचारू है। रोहतांग सहित कुल्लू, लाहौल की ऊंची चोटियों पर हिमपात का सिलसिला इस बार मई में लगातार जारी रहा है। वहीं, दूसरी ओर निचले कुछ इलाकों में अंधड़ ने बागवानों को परेशान कर रखा है। अंधड़ से लगातार बागवानों व किसानों को सीजन से पहले ही नुकसान उठाना पड़ रहा है। बीते दिन अंधड़ व ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लिहाजा, मई माह में मौसम सुहावना है और कुल्लू व लाहौल घाटी में निचले क्षेत्रों में बारिश व पहाड़ों में बर्फबारी होने से मौसम कूल-कूल हो गया है, जिससे पर्यटकों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। देश के अन्य राज्य गर्मी की तपिश से तप रहे हैं, ऐसे में पर्यटक कुल्लू, मनाली सहित हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं और यहां पर मौसम ठंडा होने से पर्यटक राहत की सांस ले रहे हैं।

## परियोजना के पहले चरण को 3 माह में पूर्ण किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने शुक्रवार को ईको-टूरिज्म परियोजना लाहौल-हाट, दालंग का संयुक्त निरीक्षण विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों सहित किया।

इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी आकांक्षा शर्मा, डीसीएफ लाहौल अनिकेत वानवे, लोक निर्माण विभाग एवं बीएसएनएल के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे। बीएसएनएल के अधिशाषी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि यह परियोजना निर्माणाधीन है और अब तक 2.5 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। डीसी ने कार्यकारी एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा परियोजना के पहले चरण को आगामी तीन माह में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और पारिस्थितिक संतुलन के अनुरूप क्रियान्वित होनी चाहिए। विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रवेश द्वार पर पारंपरिक शैली में गेट का निर्माण, संपूर्ण स्थल का विकास एवं हरियालीकरण, सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्तूप का निर्माण, स्थल तक पहुंचकर मार्ग का निर्माण, बच्चों के लिए पार्क की स्थापना, स्थानीय कला, चित्रकला और सांस्कृतिक चित्रों को सम्मिलित करना है।

# ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टला, चार घायल

## दूसरी बस के साथ टकराई एचआरटीसी की बस, एनएच-305 पर पेश आया हादसा

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** नेशनल हाईवे-305 पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब ब्रेक फेल होने के कारण एचआरटीसी की एक बस सामने खड़ी एचआरटीसी की ही दूसरी बस से टकरा गई।

हादसा उपमंडल मुख्यालय आनी से करीब 10 किलोमीटर दूर सैंज-आनी-ओट नेशनल हाइवे-305 पर बानीगाड के समीप हुआ। गनीमत यह रही कि दुर्घटना में कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, चार सवारियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें सिविल अस्पताल आनी में प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुड़ से आनी आ रही सवारियों से खचाखच भरी रामपुर डिपो की बस एचपी06-ए-2130 जैसे ही बानीगाड के पास पहुंची, तो चालक राजेश कुमार ने पीछे से कोहिला से आनी आ रही बस को पास दिया। इसके कुछ ही समय बाद उसके आगे कोहिला से आनी जा रही बस को चालक नीचे आनी की ओर से आ रहा कुल्लू डिपो की थनोग-कुल्लू बस नंबर एचपी-66 6075 को पास देने के लिए रुका, तो उसके पीछे चल रही जुड़ से आनी बस के चालक ने जैसे ब्रेक लगाने की कोशिश की तो ब्रेक नहीं लगे और बस रुक नहीं पाई। बस चालक राजेश कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को थनोग से कुल्लू जा रही कुल्लू डिपो की खड़ी बस से हल्के टक्कर की स्थिति में रोका। इससे बड़ी टक्कर और संभावित गंभीर हादसा टल गया। चालक राजेश कुमार ने बताया कि यदि उसकी बस की सामने खड़ी कोहिला बस से जोरदार टक्कर हो जाती, तो सवारियों को गंभीर चोटें आ सकती थीं। दुर्घटनाग्रस्त बस आठ लाख किलोमीटर से अधिक चल चुकी है और एक दिन पहले ही रामपुर डिपो के वर्कशॉप से काम करवाकर लौटी थी। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि इस खतरनाक मोड़ और ढलान पर बड़ी अनहोनी होने से बच गई। आपको बता दें कि रामपुर डिपो से आनी क्षेत्र को अक्सर खटारा बसें भेजी जाती हैं और बसें भी चलते-चलते खराब होना आम बात हो गई है। अक्सर बसें आनी के ग्रामीण क्षेत्रों में आधे रूट में ही हांफ कर खड़ी हो जाती हैं, जबकि सवारियों को कई बार आधे रास्ते से पैदल गंतव्य तक पहुंचने पर भी मजबूर होना पड़ता है। जनता द्वारा एचआरटीसी प्रबंधन से मांग की जा रही है कि ऐसी पुरानी और तकनीकी रूप से असुरक्षित बसों को नियमित जांच हो, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों को रोका जा सके।




एनएच-305 पर एचआरटीसी बस की ब्रेक फेल होने से दूसरी बस से टकराई।

> मामूली चोटों के साथ 4 व्यक्तियों को 108 एंबुलेंस सेवा में अस्पताल लाया गया था, जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा दे दी गई है।
>
> **डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ, आनी**

> बताया जा रहा है कि जुड़ से आनी आ रही बस ब्रेक न लगने के कारण दूसरी बस से टकराई है। मैंने मेकेनिकल रिपोर्ट मंगवाई है, उसके बाद ही ब्रेक न लगने के असली कारणों का पता चल पाएगा।
>
> **अतुल गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी डिपो, रामपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### कंडीधार के किसानों के साथ किया संवाद

**अनंत ज्ञान, बंजार।** कंडीधार पंचायत में शुक्रवार को किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिक व अधिकारियों ने संवाद किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बजौरा से आए वैज्ञानिक डॉ. पीके राणा, डॉ. सुभाष, डॉ. बंसल कृषि विभाग से विस्ववादा विशेषज्ञ दीपाल कृष्ण ठाकुर और बीटीएम अनिल ने कंडीधार पंचायत के लोगों के साथ कृषि व बागवानी की जानकारी साझा की। इसमें ओलों के नुकसान को कैसे कम किया जा सकता, मक्की में कटवर्म की रोकथाम व पशुओं में लगने वाली बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है। इसके बारे में जानकारी दी। यह अभियान 12 जून तक चलेगा और किसानों से अनुरोध किया कि वे बढ़-चढ़कर इसमें भाग लें। इस मौके पर कंडीधार पंचायत की प्रधान त्रिपता देवी ने किसानों को इस तरह के शिविरों में भाग लेने और वैज्ञानिकों के साथ तालमेल बनाए रखने की बात की।

### पार्बती कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने पार्बती कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में रंजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक), साजन मोइद्दीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), राजेंद्र सिंह रावत, उप महाप्रबंधक(वित्त) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने कहा कि कुल्लू में ड्राइविंग टेस्ट के लिए आरटीओ, कुल्लू और आरएलए कुल्लू में तिथियां निर्धारित की गई हैं। आरटीओ कुल्लू में 5, 10, 18 व 26 जून को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया व 25 जून को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। आरएलए कुल्लू में 9 जून को ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए मनाली में 13 व 24 जून को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा 12 जून को ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए बंजार में 16 जून को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए केलांग में 20 जून को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया एवं ड्राइविंग टेस्ट तथा आरएलए उदयपुर में 21 जून को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

### न गलत परिणाम बर्दाश्त होंगे, न बढ़ी हुई फीस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की लापरवाही, तानाशाही और छात्र विरोधी फैसलों के खिलाफ आवाज बुलंद की है। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि यदि 24 घंटे के भीतर बोर्ड ने कार्रवाई नहीं की, तो विद्यार्थी परिषद प्रदेशव्यापी जन आंदोलन के लिए तैयार है। एबीवीपी जिला कुल्लू ने सरकार से मांग की है कि छात्रा आत्महत्या प्रयास की न्यायिक जांच हो, 17 मई को गलत परिणाम आने के कारण एक छात्रा द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया। 22 मई को उसी छात्रा को पास घोषित किया गया। यह घटना शिक्षा बोर्ड की संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण है। बोर्ड के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो, परिणाम प्रबंधन विभाग सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाए। बढ़ी हुई फीस तुरंत वापस हो। एसओएस छात्रों से 3000 रुपए तक की वसूली छात्रों पर अत्याचार है।

### संगठन को मजबूत करने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं सड़क निर्माण व मनरेगा मजदूर यूनियन संबंधित सीटू का चौथा जिला सम्मेलन शहीद अशोक भवन लोअर ढालपुर कुल्लू में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 80 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सीटू जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने यूनियन का झंडा फहराया गया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम द्वारा किया गया। उन्होंने सरकार की नीतियों का मजदूरों पर हो रहे विपरीत प्रभाव पर विस्तार से बताया और मजदूर आंदोलन व संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उसके बाद प्रदेश भवन एवं सड़क निर्माण व मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला महासचिव चमन लाल द्वारा पिछले तीन वर्षों की रिपोर्ट रखी गई, जिस पर प्रतिनिधियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में श्रम कानूनों में हो रहे बदलाव, मनरेगा में बजट कटौती, बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ तथा श्रमिक कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने बारे प्रस्ताव पास किए गए। सम्मेलन में 31 सदस्यीय नई जिला कमेटी तथा 11 सदस्यीय सचिवालय का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष राम चंद तथा महासचिव चमन लाल को और कोषाध्यक्ष धूमपाल, शेर सिंह, रवि चौहान, कोयले राम व इशरू राम को उपाध्यक्ष तथा सरिता, जगत राम, मिलाप चंद, शकुंतला देवी को सह सचिव चुना गया।

### स्वच्छता को लेकर बीडीओ ने चलाया विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, आनी।** विकास खंड आनी को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए एक विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की अगुवाई बीडीओ आनी राजेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है। इस अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय आनी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ स्वयं उपस्थित रहे। राजेंद्र सिंह ने कहा कि आनी को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाना प्राथमिकता है और इसके लिए पंचायतों, नगरों और गांवों के साथ-साथ स्कूलों की भी अहम भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने स्कूल, घर और गांव को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। बताया कि प्लास्टिक कचरे के निष्पादन के लिए दलाश में एक प्लांट स्थापित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कन्या विद्यालय, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी और हिमालयन मॉडल स्कूल में छात्रों को स्वच्छता और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूलों के आसपास टॉफी, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक्स और पानी की बोतलें खुले में फेंकी जाती हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। राजकीय कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहरलाल ठाकुर ने भी छात्रों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्कूल के 600 विद्यार्थी इस अभियान में भाग लेकर मिसाल पेश कर सकते हैं, जो भी छात्र प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करेगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

## विधायक ने काजा के ला-दारचा मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग: अनुराधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

विधायक अनुराधा राणा ने स्पीति यूथ क्लब द्वारा काजा के ला-दारचा मैदान में आयोजित किए जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रिबन काटकर किया।

विधायक ने प्रतियोगिता के आयोजकों एवं इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी क्रिकेट खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। विभिन्न खेलों के खेलने से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। इस प्रकार के खेलों के आयोजन से न केवल खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलता है, बल्कि खेल में भाग लेने से शारीरिक, मानसिक व व्यक्तित्व का भी विकास होता है। इस प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही हैं।



उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, तभी हम नशा छोड़ो खेल खेलो अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं और लोगों से अपने क्षेत्रों में नशे की समस्या को रोकने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया और कहा कि राज्य सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व युवाओं से कहा कि नशा तस्करों के संबंध में जानकारी अधिकारियों के साथ साझा करनी चाहिए, ताकि युवाओं को नशे के चंगुल से बचाया जा सके। इससे पूर्व जिला यूथ अध्यक्ष एवं टीएसी सदस्य केसंग रापचिक ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया करते हुए, उन्हें खतक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## माने गोग्मा और डंखर में आंगनबाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान काजा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले डंखर पंचायत के माने गोग्मा और डंखर गांव में 10-10 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया। विधायक ने इस अवसर पर माने गोग्मा और डंखर में कहा कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लोकार्पण से दोनों गांवों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। इन केंद्रों के खुलने से दोनों गांवों के बच्चों और उनके परिवार लाभान्वित होंगे, जिससे बच्चों को न केवल शुरुआती शिक्षा मिलेगी, बल्कि बच्चों का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा।

# कृषि, बागवानी और कीट प्रबंधन पर जानकारी दी

अनंत ज्ञान, बंजार

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कुल्लू द्वारा बंजार खंड की बालागाड़ पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन केवीके कुल्लू के सहयोग से कृषि विभाग बंजार और बागवानी विभाग बंजार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविरों में कुल लगभग 100 किसानों ने भाग लिया और उन्हें कृषि, बागवानी, कीट प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा से संबंधित आधुनिक तकनीकों और सुझावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. रमेश लाल, प्रसार विशेषज्ञ (कीटविज्ञान), डॉ. सुभाष कुमार, प्रसार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान), संजय भारद्वाज, विषय वस्तु विशेषज्ञ (बागवानी), डॉ. सुरेंद्र बंसल, सहायक प्रोफेसर (पशु चिकित्सा चिकित्सा) ने किसानों को खेती और पशुपालन की उन्नत विधियों के बारे में जानकारी दी और फसल उत्पादन में बढ़ोतरी व आय सृजन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की इच्छा जताई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जानकारी प्रदान करना एवं ग्रामीण स्तर पर वैज्ञानिक कृषि के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। केवीके कुल्लू द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# मणिकर्ण घाटी के बलाधी गांव से छात्रों ने स्कूल जाना किया बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी का एक प्रतिनिधिमंडल पुल की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया के नेतृत्व में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला। घाटी के अंतर्गत आने वाले बलाधी गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव को जोड़ने वाले पुल के निर्माण की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन दिया।

बलाधी गांव के ग्रामीणों ने डीसी को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि पिछले साल मलाणा डैम के क्षतिग्रस्त होने के कारण डैम का सारा पानी नदी में चला गया, जिससे बलाधी गांव को जोड़ने वाला पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने के सबसे ज्यादा नुकसान इस गांव के ग्रामीणों को हुआ, जहां गांव के 40 छात्रों का स्कूल जाना ही बंद हो गया है। हालांकि, ग्रामीणों के अथक प्रयास से काम चलाऊ पुल का निर्माण किया गया है, मगर ये अस्थायी पुल भी इन दिनों हो रही बारिश और

### नदी में पुल न होने से खतरे में बच्चों की जान

बढ़ते जलस्तर के कारण कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है और ग्रामीणों को इस पुल का इस्तेमाल करने से खतरा हो सकता है। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा चिंता इस समय अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर हो रही है क्योंकि जब तक स्थायी और पक्के पुल का निर्माण दोबारा शुरू नहीं होता, तब तक इस गांव के 40 छात्र अपनी पढ़ाई सही से नहीं कर पाएंगे। एक साल का समय बीत जाने के बाद भी बलाधी गांव के पुल के बारे कुछ न करना सीधे तौर पर प्रशासन के द्वारा की गई अनदेखी का नतीजा है। बलाधी गांव की सभी महिलाओं, पुरुषों और छात्रों ने मिलकर गांव के लिए पुल का निर्माण करने की मांग की है साथ ही डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार से भी इस संबंध में उचित कदम उठाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों और छात्रों को राहत मिल सके।

# जिला परिषद वार्डों के परिसीमन की अंतिम सूची जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला परिषद वार्डों के परिसीमन का निर्धारण पंचायत समिति क्षेत्र में किया जा रहा है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम-1994 के नियम 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर सर्वसाधारण के सूचनार्थ जिला परिषद कुल्लू के निर्वाचन क्षेत्रों/वार्डों के परिसीमन की अंतिम सूची को अधिसूचित किया है।

इससे पूर्व की गई अधिसूचना के बाद आपत्ती/आक्षेप अधिसूचना की तिथि से 7 दिनों के भीतर डीसी के समक्ष प्रस्तुत करने का समय दिया गया था। आमंत्रित आपत्ती और आक्षेप के दावों का निपटारा करने के उपरांत, अब जिला परिषद वार्डों के परिसीमन की अंतिम सूची अधिसूचित कर दी गई है। इस सूची के अनुसार जिला परिषद वार्ड नसोगी वार्ड की पंचायत पलचान, बुरुआ, वशिष्ठ, चचोगा, शनाग, मनाली, नसोगी, शलीन, ब्राण, प्रीणी, जगतसुख, गोजरा होंगी। जिला परिषद वार्ड नगर की पंचायत करजा, सोयल हलाण सरसेई, नगर, रूमसू, नथान, लरांकेलों, जाणा, अरछंडी, कराडसू, राउगी, सोयल-2, काईस, गाहर, जिला परिषद वार्ड बरशेणी विकास खंड भुंतर की पंचायत जिया, भरेन, दनोगी, पिणी तलपिणी, मणिकर्ण, बरशेणी, कसौल, छलाल, जरी, पुंथल, बराधा, जां, शाट, चौंग, जलूग्रां, रतोचा और मलाणा शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड ज्येष्ठा विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत छेंवर, शिलिहार, दियार, पारली, ज्येष्ठा, मंझली, भलाण-1, गड़सा, हुरला, रोट, दलसणी, सचाणी, देवगढ़ाशी, भलाण-2, तलाड़ा, रैला, रैला-2 पंचायतें शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड धाऊगी विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत गाड़ापारली, शांघड, शैंशर, देउरीधार, बनोगी, सुचैहण, धाउगी, दुशाहड़, कनौन, लारजी, कोटला, चकुरठा, मंगलौर, थाटीबीड़, गोपालपुर, चनौन, देउठा, पलाहच, जमद, कलवारी, श्रीकोट शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड चायल विकास खंड निरमंड की ग्राम पंचायत देहरा, निथर, लोट, दुराह, शिल्ली, गमोग, घाट, राहणू, नोर, चायल, बागा सराहण, डीम, जुआगी, कोट, कोटी, अरसु, बड़ीधार शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड बाड़ी विकास खंड निरमंड की ग्राम पंचायत निशानी, तवार, भालसी, शिशवी, गड़ेझ, बाहवा, बाडी, पोशना, ब्रो, खरगा, बखन, सरघा कुशवा, तुनन, जगातखाना शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड बखनाओ विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत पलेही, कुठेड़, ब्यूगल, डिग्गीधार, बटाला, बैहना, तलुणा, आनी, नम्होग, जाबन, बखनाओ, बवाई, शिल्ही, देउठी बुच्छर, लफाली शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड लझेरी विकास खंड आनी की पंचायत कोहिला, कमाद, खणी, बदाला, लझेरी, खनाग, कराड़, पोखरी, मुहान, विशलाधार, कोटासेरी, टकरासी, वरशैरगाड़, लगोटी, रोपा, मुंडल, कराणा, कराणा-1, कुंग्स, विणण शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड कोठी चैहनी विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत सराज, टील, मोहनी, खावल, बाहु, तांदी, खड़ागाड़, सजवाड़, कोठीचैहनी, बलागाड़, शिकारीघाट, कंडीधार, मशियार नोहांडा, पेखडी, तुंग, शिल्ली शरची शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड शमशी विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत न्यूल, हाट, बजौरा, कलैहली, मंगाग, खोखन, परगाण, भुईण, बड़ाभुईन, बशौणा, नरेश, शुरड़, तेगुबेहड़, शमशी शामिल हैं।

मौहल विकास खंड कुल्लू की ग्राम पंचायतें जरड़ुगुठी कोलीनी, मौहल, भुलंग, शिलीराजगिरी, खड़ीहार, बाराहार, बल्ह, बल्ह-2, पीज, बुआई, शिलानाल, भुमतीर, ब्राहमण, भल्याणी, चौपाड़सा, मानगढ़, माशना शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड डुगीलग विकास खंड कुल्लू की ग्राम पंचायतें डुखरी गाहर, फलाण, मझाट, डुगीलग, बस्तोरी, कोटीसारी, नलहाच, बनोगी, वाशिंग, बंदोल, जिंदौड़, नेउली, चताणी, ग्राहण, पुईद, बंदल चौकी डोभी, सेउगी, चन्साग़ी, तलोगी शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड कटराई विकास खंड नग्गर की ग्राम पंचायतें बैंची, रायसन, शिरढ़, देवगढ़, मंडलगढ़, सलिगचा, हुरंग, पिछलीहार, दुआड़ा, कटराईं, हलाण-2, बडाग्रां, रियादा, पनगा शामिल हैं।

## आयोजन काजा की एसडीएम शिखा ने अभियान का किया शुभारंभ 12 जून तक चलेगा अभियान

# सबसे ऊंचे गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

लाहौल-स्पीति में कृषि विज्ञान केंद्र ताबो ने समुद्र तल से 4587 मीटर की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे गांव कोमिक गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत हुई है। काजा की एसडीएम शिखा ने इस भव्य अभियान का शुभारंभ किया, जो 12 जून तक चलेगा। एटीएमए परियोजना से अंकिता धीमान और सुजाता नेगी सहित केवीके की टीम के साथ वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. आरएस स्पेहिया ने नई कृषि तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की, जिससे किसानों को नई किस्मों सहित लाभ मिल सकता है।




दुनिया के सबसे ऊंचे गांव कोमिक गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत के दौरान ग्रामीण व अन्य गणमान्य लोग।

किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लाभ के लिए लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। काजा की एसडीएम शिखा ने किसानों से खेती के लिए नई तकनीकें अपनाने का आह्वान किया, जिससे स्पीति के लिए पानी और मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम से कम हो सके क्योंकि स्पीति का पारिस्थितिकी तंत्र बहुत नाजुक है। उन्होंने प्रधानों व किसानों से राज्य और केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक होने और अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए केवीके टीमों को सभी तरह की सहायता प्रदान करें। लांगजा पंचायत (जिसके अंतर्गत कोमिक गांव आता है) उसकी प्रधान छेरिंग पालदान ने टीमों के साथ-साथ किसानों को नवीनतम तकनीकें अपनाने में पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस टीम ने विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग गांव में वीकेएसए के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। वहां किसानों ने मटर और जौ की खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं बताईं, जिनका मौके पर ही संतोषजनक समाधान किया गया।

### विभिन्न नई तकनीकों के बारे में की चर्चा

**डॉ.** स्पेहिया के नेतृत्व में केवीके की टीम, जिसमें अंकिता धीमान, सुजाता नेगी और प्रमिला देवी ने किसानों के साथ एक-एक कर कृषि संबंधी अपनाई जाने वाली विभिन्न नई तकनीकों के बारे में चर्चा की और कृषि में किसानों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, ताकि भविष्य के अनुसंधान कार्यक्रम किसानों की व्यावहारिक समस्याओं पर आधारित हो सके।

# ऑनलाइन वेबसाइट पर लॉगइन कर मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नाम

अनंत ज्ञान, मनाली

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि मतदाता ऑनलाइन वेबसाइट पर लॉगइन कर सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं।

मनाली 22- मनाली विधानसभा क्षेत्र के उन सभी पात्र मतदाताओं, जिनकी आयु 01-04-2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है (अर्थात जिनकी जन्मतिथि 01-04-2007 तक या उससे पूर्व है) तथा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है उनसे आग्रह किया कि वे अपना नाम 22-मनाली की मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए किसी भी कार्य दिवस में अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जाकर या ऑनलाइन https://voters.eci.gov.in पर लॉगइन कर या अपने स्मार्ट फोन पर प्ले स्टोर/ऐप स्टोर से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर फॉर्म 6 में आवेदन करें, तथा आवश्यक दस्तावेज के रूप जन्मतिथि/आयु प्रमाण पत्र और वर्तमान निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां और एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो इसमें पूरे चेहरे के सामने की आकृति स्पष्ट हो उसको भी संलग्न करें। इसके अतिरिक्त पहले से पंजीकृत मतदाताओं से भी आग्रह है कि अगर उनके नाम, आयु रिश्तेदार के नाम, अनुभाग या गांव के नाम में कोई भी त्रुटि हो तो उसे भी समय रहते ठीक करने के लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर या ऑनलाइन उपरोक्त विधि से फॉर्म-8 में आवेदन करें, अगर आपकी मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति (स्थानांतरित, मृत, दोहरा पंजीकरण आदि) का नाम दर्ज है, तो उसका नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए उपरोक्त विधियों से फॉर्म 7 में आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त कोई भी योग्य मतदाता जो 1 जुलाई, 2025 या 1 अक्तूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हो (अर्थात जिनकी जन्मतिथि 2 अप्रैल, 2007 व 1 अक्तूबर, 2007 के बीच हो) वह भी निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रपत्र 6 में अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

# 47 करोड़ से चकाचक होगा कुमारहट्टी-नाहन एनएच

## सोलन से नाहन, पांवटा और देहरादून का सफर होगा सुगम

नवीन सूद, अनंत ज्ञान



**कुमारहट्टी।** मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज ने कुमारहट्टी-नाहन नेशनल हाईवे को 47 करोड़ से चकाचक किया जाएगा। सड़क अपग्रेड होने पर सोलन से नाहन, पांवटा और देहरादून जाना सुगम होगा। इस परियोजना के अधीन इस पूरी सड़क को जहां टारिंग होगी। वहीं, सड़क पर गिरे हुए या गिरने वाले या लगने वाले डंगों का निर्माण व पुलियों का पुनर्निर्माण भी इस कार्य के अधीन किया जाएगा।

उपरोक्त कार्य मैसेज एसकेजी-वीकेसी एसोसिएट्स नाम की कंपनी को दिया गया है। कुमारहट्टी में नाहन मार्ग पर विभाग द्वारा बकायदा इस पूरी सूचना को दर्शाता हुआ बोर्ड भी लगवाया गया है। इस बोर्ड पर इस कार्य को शुरू करने की तारीख 2 सितंबर 2024 और पूरा करने की तारीख 1 सितंबर, 2029 दर्शाई गई है। पांच साल के लिए इस सड़क पर पूरा रखरखाव टारिंग के साथ उपरोक्त कंपनी करेगी। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विभाग के जूनियर इंजीनियर, सूरत पुंडीर ने बताया कि काम शुरू होने से आगामी पांच साल इस सड़क का रखरखाव, उपरोक्त कंपनी ही करेगी। यह कंपनी 58 किलोमीटर तक इस की बिछाई करेगी तथा विभागीय आदेशों के अनुसार, आगामी पांच सालों तक इस पूरी सड़क के रखरखाव की गारंटी उपरोक्त कंपनी की होगी।

### कई मायनों में महत्वपूर्ण है सड़क

**चंडीगढ़**-शिमला नेशनल हाईवे बंद होने पर भी है सड़क अल्टरनेट यानी वैकल्पिक पिक तौर पर इस्तेमाल की जा सकती है। यह सड़क हिमाचल को देहरादून और हरिद्वार को जोड़ने वाली मुख्य लाइफ लाइन है। सेब सीजन के दौरान कई बार शिमला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे बंद हो जाता है, तो सेब की गाड़ियां इसी सड़क के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचती हैं यानी यह सड़क हिमाचल की आर्थिक के लिए भी योगदान देती है।

### क्या कहते हैं जेई

**विभाग** के जेई सूरत पुंडीर ने बताया कि काम शुरू होने से आगामी 5 साल तक कंपनी ही रखरखाव करेगी। योजना के तहत 58 किलोमीटर सड़क को चकाचक किया जाएगा।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में किप्स रहा रनरअप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा (किप्स) की वॉलीबाल टीम ने चंडी मेले के अंतर्गत आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया। किप्स की टीम ने अपना पहला मैच बीएड कॉलेज, चंडी के खिलाफ खेला, जिसमें टीम ने 2–0 से विजय प्राप्त की। इसके बाद, दूसरे मुकाबले में सोलन की टीम को 2–1 से हराकर किप्स की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में किप्स की टीम ने कुडावाला टीम को 2–0 से पराजित करते हुए फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। फाइनल मुकाबला चंडीगढ़ की टीम के साथ हुआ। इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद किप्स की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में टीसीपी मंत्री राजेश धर्माणी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए तथा सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय लौटने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया एवं उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह खेल भावना और समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सोलन में बरसात से निपटने के इंतजाम नाकाफी

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्री मानसून की दस्तक के बावजूद शहर में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं हैं। पिछले दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर में आपदा प्रबंधन की पोल खुलती नजर आ रही है। सोलन में हुई जोरदार बारिश के कारण वार्ड क्षेत्रों के नाले ओवर फ्लो हो गए। वहीं, नालियां बंद होने के कारण सड़कों पर पानी एकत्र हो गया। सड़क किनारे नालियां बंद होने के चलते बारिश का पानी सड़क के रास्ते लोगों के घरों की तरफ रुख कर रहा है। भारी बारिश की स्थिति में लोगों को नुकसान की आशंका भी सताने लगी है। बारिश के कारण बंद पड़े नालों के आसपास पानी व मलबा एकत्र हो रहा है, जो कि खतरे की दस्तक है। आपात के खास इंतजाम न होने के चलते लोगों को अपने स्तर पर भी नालियों को साफ करना पड़ रहा है।



बारिश से नाली में जमा गंदा पानी।

### बरसात से निपटने के लिए दिए दिशा-निर्देश

**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि बरसात से निपटने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में कार्य भी शुरू हो गया है।

### बारिश में बंद हो जाते हैं नाले

**शहर** में रेलवे लाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई न होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। बावजूद इसके नालों के चैनालाइज के लिए आज तक ठोस योजना नहीं बन पाई। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े हैं। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है। आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बह रहे नाले लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। साथ ही इनके आसपास से गुजारी पेयजल की पाइप लाइनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, डीसी आफिस से सरदार मोहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।

### अवैध डंपिंग से रहता है खतरा

**बरसात** की स्थिति में अवैध डंपिंग से नालों के रास्ते आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में मिट्टी एकत्र हो जाती है। इससे कई बार नाले के पानी का रुख घरों की तरफ मुड़ जाता है। आमतौर पर बारिश के कारण नगर परिषद के वार्ड 7, 8, 10, 12,14 व वार्ड-15 में सड़कों व नालों को खासा नुकसान झेलना पड़ता है। वार्ड-10 की मधुबन कॉलोनी में दो वर्ष पहले भी 15 घरों में बारिश का मलबा घुस गया था। इसी तरह नानक विला के नजदीक सड़क में बारिश के कारण पानी जमा होकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। बावजूद इसके इन क्षेत्रों में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं हैं। शहर के कथेड़ व न्यू कथेड़ में भी सड़क से निचली तरफ बने मकानों में बारिश का पानी घुसने का खतरा रहता है। वहीं, वार्ड-14 की हाऊसिंग कॉलोनी की सड़कों में निकासी नालियां बंद होने से बारिश का पानी सड़कों पर एकत्र हो रहा है यदि समय रहते नालियों की सफाई नहीं की हुई, तो आने वाली बरसात में सड़कों को खासा नुकसान होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स को दी ब्लड ग्रुप की जानकारी

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय शिविर लगाया गया। इसमें प्रयोगशाला तकनीशियन रूपलाल ने बच्चों को ब्लड ग्रुप के बारे में जानकारी दी। रक्त समूह के मुख्य चार प्रकार बताए, जैसे ए,बी, एबी और ओ। प्रत्येक व्यक्ति का ब्लड ग्रुप उसके माता-पिता पर निर्भर करता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू और सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने अपने ब्लड ग्रुप के बारे में जाना। एनएसएस पोषण वाटिका से लहसुन निकालकर खुदाई कर हरी मिर्च के पौधों का रोपण किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने रक्त समूह की जानकारी होनी चाहिए।

### 26 तक कार्यान्वित किया जा रहा 'साथी' अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन(** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे देश में 'साथी' नामक अभियान आरंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन में 26 जून तक 'साथी' नामक विशेष अभियान कार्यान्वित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बेसहारा बच्चों की पहचान करना, उन्हें सहायता प्रदान करना, आधार नामांकन कानूनी सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा कानूनी पहचान और अधिकारों से वंचित न रह सके। उन्होंने सभी जिलावासियों से आग्रह किया कि यदि उन्हें किसी बेसहारा बच्चे का पता चलता है, तो वह सूचना तुरंत प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01792-220713 या ई-मेल cha-dlsa-sol-hp@nic.in पर भेज सकते हैं, ताकि 'साथी' अभियान में उन्हें कवर किया जा सके।

### डुमैहर स्कूल में दिखा अनुशासन व ऊर्जा का संगम

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर में चल रहे जिला स्तरीय भारत स्काउट एंड गाइड समर कैंप के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों को हाइकिंग के लिए डुमैहर के देवधार स्थित मनसा माता मंदिर का भ्रमण करवाया गया। इस समर कैंप के इंचार्ज तथा जिला सोलन स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त राजकुमार गौतम द्वारा 28 मई को इस कैंप का शुभारंभ किया गया था। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट एंड गाइड के इस जिला स्तरीय तृतीय सोपान समर कैंप में 323 स्काउट्स 245 गाइड्स तथा विभिन्न पाठशालाओं से आए अध्यापकों सहित कुल 667 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस कैंप का समापन 1 जून को होगा। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों का सामाजिक विकास होता है, जो उनके भावी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड के जिला संयुक्त सचिव अरुण कुमार, डीसी धीमान, मीना भट्टी, महेंद्र पाल, आशीष कुमार, कल्पना देवी, सुनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### लोक निर्माण मंत्री आज सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 31 मई को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि लोक निर्माण मंत्री 31 मई को पच्छाद के सराहां में आयोजित हो रहे पच्छाद उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### महाकालेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा कल से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** वार्ड-14 के तहत हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 स्थित महाकालेश्वर मंदिर में एक से 8 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम सुरेश और सुमन के सौजन्य से किया जा रहा है। कथा से पहले 31 मई को 2 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 3 बजे कलश स्थापना होगी। इसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल होगी। कथा में आचार्य श्याम शरण दास प्रभु लीलाओं का गुणगान करेंगे। मूल पाठ बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा और प्रवचन होंगे।

### अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू के प्रवेश द्वार पर स्थित गुरुद्वारा अखंड चौकड़ा साहिब द्वारा गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस के अवसर पर मीठे पानी की छबील का 52वां लंगर लगाया गया। लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने छबील के साथ प्रसाद ग्रहण कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक बलबीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष गुरुपर्व के अवसर पर मीठे पानी की छबील का आयोजन गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से किया जाता है। गुरु अर्जुन देव सिक्खों के पांचवें गुरु थे, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। पिछले लगभग 70 वर्षों से उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी गुरुद्वारे की सेवा एवं लंगर कराता आ रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधन द्वारा गुरुघर की सेवा तथा गुरुपर्व पर लंगर की सेवा की जाती है। भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने पर वह परिवार सहित गुरुद्वारे की सेवा में लग गए। उन्होंने लंगर ग्रहण करने वाली संगत का धन्यवाद किया।

### बायोडायजेस्टर बैग के उपयोग का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जीवा नाबार्ड परियोजना के अंतर्गत जीआईजेड के सहयोग से दाड़लाघाट में जीवा के अग्रणी किसान नीमचंद के खेत पर बायोडाइजेस्टर बैग स्थापित किया गया। इस बैग के सही उपयोग के बारे में किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए गीर गो कृषि जतन संस्थान गोंडल राजकोट गुजरात से मास्टर ट्रेनर रमेश द्वारा एक सत्र आयोजित किया। उन्होंने बायोडाइजेस्टर की कार्यप्रणाली और इसके माध्यम से परिष्कृत जीवामृत जैसे जैविक इनपुट तैयार करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक डीडीएम अशोक चौहान ने भी किसानों को संबोधित किया और उन्हें टिकाऊ एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जोनल मैनेजर भूपेंद्र गांधी ने कहा आज के समय में प्राकृतिक खेती ही किसानों की आय को बढ़ा सकती है। कार्यक्रम में कुल 35 जीवा अग्रणी किसानों ने भाग लिया और प्रशिक्षण व संवाद में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

### कंडाघाट में अर्जुनदेव का शहीदी दिवस मनाया

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** गुरु सिंह सभा कंडाघाट ने शुक्रवार को सिक्खों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में गुरु पर्व का आयोजन किया। इसमें पाठ, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरु अर्जुन देव की धर्म के लिए यातनाएं सहने के बाद दी शहादत को याद किया गया। उनके सिखाए धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस आयोजन में कंडाघाट के एसडीएम गोपाल चंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिंह सभा के पदाधिकारी मंजिंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह जसवाल, बाबूराम ने उन्हें ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब के जर्जर भवन का निरीक्षण करवाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भवन को ठीक करने के लिए वह मामला प्रदेश सरकार को भेजेंगे।

# दाड़लाघाट स्कूल को मिला पीएम श्री का दर्जा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सरकार की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़लाघाट को पीएम श्री का दर्जा दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के सातवें फेज की सूची में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़लाघाट को पीएम श्री का दर्जा मिला है। पीएम श्री का दर्जा मिलने के बाद विद्यालय के चहुंमुखी विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान राशि मिलेगी। विद्यालय में हर समय पूरा स्टाफ मौजूद रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने इस बारे में बताया कि कुनिहार ब्लॉक में दाड़लाघाट विद्यालय की छात्र संख्या सर्वाधिक है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम कई वर्षों से बेहतरीन रहे हैं। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्रों की बौद्धिक शारीरिक स्किल डेवलपमेंट एवं सर्वांगीण विकासात्मक गतिविधियां उपलब्ध हैं, अब पीएम श्री का दर्जा मिलने के बाद इन सभी गतिविधियों में और उत्कृष्टता आएगी।

# हिमुडा के हटाए अतिक्रमण पर फिर हुआ निर्माण

महेंद्र, अनंत ज्ञान

**परवाणू।** उच्च न्यायालय के आदेशानुसार परवाणू के गैब्रियल रोड से हिमुडा ने अतिक्रमण को हटाया था, लेकिन वीरवार को यहां पर एक फुटपाथ का निर्माण शुरू हुआ, जो कि मौजूदा सड़क से काफी ऊंचा है और अतिक्रमण में टूटी दुकानों की ऊंचाई के अनुसार बनाया जा रहा है।

इस बारे में हिमुडा या नगर परिषद के पास कोई स्पष्ट जानकारी या जवाब नहीं है। जानकारी के अनुसार यह कार्य मौजूदा पार्षद के कहने पर नगर परिषद द्वारा कराया जा रहा है। बता दें कि राजाराम भारती की दुकान भी अतिक्रमण के दायरे में थी, जिसे अभी तक पूरी तरह हटाया नहीं गया है। हिमुडा द्वारा राजाराम की दुकान के तीन मीटर अंदर तक निशान लगाया गया था, लेकिन हिमुडा ने केवल दुकान के बाहर का अतिक्रमण हटाया है। सूत्रों के अनुसार यह कार्य 5 मई को हुई नगर परिषद की बैठक में पास किया गया, जिसमें स्वयं विधायक विनोद सुल्तानपुरी शामिल थे। क्योंकि कुछ



नाराज पार्षदों पूर्व अध्यक्ष डेजी ठाकुर, किरण ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष निशा शर्मा, पूर्व उपध्यक्ष सोनिया शर्मा व चंद्रावती देवी के बैठक में शामिल न होने से कोरम पूरा नहीं हो रहा था। इसके चलते विनोद सुल्तानपुरी ने बैठक में शामिल होकर कोरम को पूरा कर बैठक में विशेष मुद्दों पर फैसला लिया, जबकि नियम के अनुसार विधायक को केवल वोट देने का अधिकार होता है, वह नगर परिषद का सदस्य नहीं होता। इस सड़क की चौड़ाई लगभग 45 फुट थी, लेकिन अतिक्रमण के बाद यह केवल 32 फुट के करीब रह गई थी, जिस कारन हिमुडा द्वारा अतिक्रमण हटा कर अपनी सड़क की चौड़ाई पूरी की जा रही थी। वहीं, इस फुटपाथ के निर्माण से एकबार फिर सड़क की चौड़ाई कम रह जाएगी। नियमों के अनुसार हिमुडा द्वारा बनाई गई सड़कों का रखरखाव करने का जिम्मा नगर परिषद को दिया जाता है। नगर परिषद सड़क का रखरखाव कर सकती है, उसका स्वरूप नहीं बदल सकती। यह कार्य बिना टेंडर के किया जा रहा है, जिस कारण सोच-समझ कर इस कार्य को लगातार पड़ रही तीन छुट्टियों के दौरान किया जा रहा है, जिससे अधिकारियों को भी इस मामले की जानकारी न होने का बहाना मिल सके तथा बिना रूकावट यह काम पूरा हो जाए। इस बारे में पूछने पर हिमुडा के अधिशाषी अभियंता गिरीश शर्मा ने बताया कि उन्हें इस कार्य की नगर परिषद द्वारा जानकारी नहीं दी गई है तथा न ही उन्होंने यह कार्य शुरू करवाया है। वहीं, इस मामले में नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है तथा छुट्टियों के बाद कार्यालय जाकर ही इस बारे में स्पष्ट रूप से बता पाएंगे। वहीं, कनिष्ठ अभियंता दीपक शर्मा द्वारा इसे किसी अन्य टेंडर का हिस्सा होने के कारण टेंडर न लगने की बात कही।

# 96 करोड़ के ईएसआईसी अस्पताल का आज केंद्रीय मंत्री करेंगे उद्घाटन

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में 96 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 30 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन 31 मई को होने जा रहा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया शनिवार सुबह 11 बजे इस स्वास्थ्य सुविधा का लोकार्पण करेंगे।

इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के लगभग 50 हजार श्रमिकों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। भविष्य में इस अस्पताल को 100 बिस्तरों तक विस्तारित करने की योजना है। करीब 16 बीघा क्षेत्र में फैले इस अस्पताल में, प्रारंभिक चरण में चार विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, जिनमें एक सामान्य शल्य चिकित्सक, एक एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, एक सामान्य मेडिसिन चिकित्सक और एक अन्य डॉक्टर शामिल हैं। डॉ. सुनील शर्मा को ईएसआईसी अस्पताल कालाअंब का चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय बद्दी के संयुक्त निदेशक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, सरकारी विभागों के सचिव और प्रतिष्ठित अधिकारी भी शामिल होंगे। एक मई से ट्रायल के तौर पर अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं, जो औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनहित को ध्यान में रखकर शुरू की गई हैं। वर्षों बाद हजारों श्रमिकों की मांग पूरी हुई है। संयुक्त निदेशक धर्मवीर सिंह ने स्थानीय जनता और औद्योगिक संगठनों से ईएसआईसी द्वारा शुरू की गई चिकित्सा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में रोगियों की संख्या के अनुसार अस्पताल की सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र के श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाताधार में एक साल से नहीं कोई डॉक्टर : रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाताधार जिला सिरमौर के अति दुर्गम क्षेत्र में स्थित है, जहां पर पिछले एक साल से कोई भी चिकित्सक नहीं है। यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक प्रयोगशाला तकनीशियन के सहारे चल रहा है।



रावत ने बताया कि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की 6 पंचायतों के लोग अपना उपचार कराने के लिए आते हैं, लेकिन चिकित्सक न होने से क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अचानक बीमार हो जाए या गिर जाए तो उस व्यक्ति को उपचार के लिए 40 किलोमीटर दूर संगड़ाह व इतना ही दूर शिलाई ले जाना पड़ता है। इतना ही नहीं सरकारी स्कूलों मे कार्य कर रहे मिड-डे-मील वर्कर्स को हर छठे महीने अपना फिटनेस मेडिकल देना पड़ता है, उसके लिए भी चिकित्सक न होने की वजह से क्षेत्र के मिड-डे-मील वर्कर्स को 40 किलोमीटर दूर संगड़ाह जाना पड़ता है। इसमें उनका पूरा दिन बर्बाद हो जाता है।

यह क्षेत्र बर्फीला क्षेत्र है बर्फ पड़ने के कारण सड़कें बंद हो जाती हैं। इस कारण यहां के स्थानीय लोग अपना उपचार करने के लिए कहीं नहीं जा सकते। रावत ने बताया कि सन्-1996 में इस क्षेत्र में महामारी फैली थी। इसमें क्षेत्र के 16 लोगों ने अपनी जान गवाही है इसलिए इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाताधार में जल्द ही चिकित्सक की नियुक्ति करें।

# किसानों को बांटा 150 क्विंटल मक्की का बीज

## बारिश के बाद राजगढ़ क्षेत्र में मक्की की बुआई का कार्य प्रगति पर

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** हाल ही में हुई बारिश के चलते राजगढ़ क्षेत्र में किसान मक्की की बिजाई की तैयारियों में जुट गए हैं। कृषि विभाग राजगढ़ ने इस वर्ष किसानों को एसएमएस 137 किस्म का 150 क्विंटल मक्की का बीज अनुदान पर उपलब्ध करवाया, जिसकी पुष्टि कृषि विभाग के एसएमएस डॉ. शिव राम ने की।

उन्होंने बताया कि मक्की का बीज अनुदान पर एक सौ रुपए प्रति किलोग्राम उपलब्ध करवाया गया, जबकि बाजार में इस किस्म के मक्की बीज की कीमत 120 रुपए प्रति किलोग्राम है। डॉ. शिवराम ने बताया कि किसानों का रूझान नकदी फसलों की ओर बढ़ा है, जिससे पारंपरिक फसलों के उत्पादन में कमी आई है। राजगढ़ ब्लॉक में करीब 2850 हैक्टेयर भूमि पर औसतन मक्की की खेती की जाती है। इसमें इस वर्ष 7400



मिट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जबकि बीते वर्षों में 2600 हेक्टयर भूमि पर छह हजार मिट्रिक टन मक्की का उत्पादन होता है। बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष राजगढ़ ब्लॉक में मक्की फसल में करीब 250 हैक्टेयर की वृद्धि दर्ज हुई है। राजगढ़ ब्लॉक में सब्जियों, फलों के उत्पादन के साथ-साथ पारंपरिक फसलों का भी उत्पादन होता है। अतीत में इस क्षेत्र में किसान केवल पारंपरिक फसलों, मक्की, धान आदि का उत्पादन करते थे, जिसका उपयोग घर में वर्ष भर होता है। प्रगतिशील किसान राजेश कुमार, प्रीतम सिंह, राम सिंह के अनुसार पारंपरिक फसलों का अपना ही महत्व है।

नकदी फसल टमाटर और शिमला मिर्च ने राजगढ़ क्षेत्र के किसानों की तकदीर बदल दी है। इनका कहना है कि सोलन की तर्ज पर राजगढ़ क्षेत्र में नकदी फसलों का सर्वाधिक उत्पादन होता है। इसमें किसानों द्वारा मटर, फूलगोभी, शिमला मिर्च, टमाटर, फ्रांसबीन आदि फसलों का उत्पादन किया जाता है, जोकि किसानों की आय का प्रमुख साधन है। कृषि विकास अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को 30 क्विंटल चारा बीज भी अनुदान पर 57 रुपए प्रति किलोग्राम उपलब्ध करवाया गया। विभाग द्वारा किसानों को कृषि उपकरण, विभिन्न फसलों के बीज अनुदान पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# आरव ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला सिरमौर की तहसील पच्छाद के मुख्यालय सराहां के आरव कश्यप ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने माता-पिता व परिजन, बल्कि सभी इलाके के लोगों को गौरवान्वित किया है।



आरव कश्यप वर्तमान में कक्षा 6वीं में डीएवी सीनियर स्कूल सराहां में शिक्षा ग्रहण कर रहा है, जबकि इससे पहले वह डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पांवटा साहिब में पढ़ता था। जानकारी देते हुए उनके दादा पच्छाद के घिन्नी घाड़ इलाके के निवासी बाबू राम शास्त्री जो कि इलाके के समाजसेवक व किसान नेता हैं व शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हैं उन्होंने बताया कि आरव बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि वाला छात्र है, जो पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी गहरी रुचि रखता है।

**पहचान** कोटली पंचायत में अर्जुन खेल मैदान में मेला व दंगल प्रतियोगिता का समापन

# दंगल को संरक्षित रखना हमारा उत्तरदायित्व: संजय

अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि मेले, त्योहार एवं उत्सव हमारी संस्कृति की पहचान हैं।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कोटली के अर्जुन खेल मैदान में लखदाता दंगल समिति शालाघाट द्वारा आयोजित एकदिवसीय मेला व दंगल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि दंगल हमारा पारंपरिक खेल है और दंगल को उसके प्राचीन स्वरूप में संरक्षित रखना हम सभी का उत्तरदायित्व है। भारतीय दंगल ही आधुनिक समय की कुश्ती का जन्मदाता है। वर्तमान में भारतीय महिला एवं पुरुष पहलवान पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। दंगल एवं कबड्डी जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा वर्तमान में समाज के समक्ष एक चुनौती बनकर उभरा है। युवाओं को नशे से दूर रखने व उन्हें



मेला व दंगल प्रतियोगिता के समापन पर पहलवानों से मिलते विधायक संजय अवस्थी।

शारीरिक विकास की ओर आकर्षित करने के लिए ऐसे खेल अहम भूमिका निभा रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों व खिलाड़ियों के संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनकी प्राथमिकता है।

क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व अन्य सुविधाओं को क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वह कार्यरत हैं। उन्होंने 7.34 करोड़ रुपए की लागत से शालाघाट-अर्की मार्ग के निर्माण कार्य, 5.50 करोड़ रुपए की लागत से लादी क्रासिंग-खरड़हट्टी-बनोह-गंबरपुल मार्ग के निर्माण कार्य, 7.50 करोड़ रुपए की लागत से कराड़ाघाट से बावां मार्ग का निर्माण कार्य, 4.50 करोड़ रुपए के पिपलूघाट-सरयांज मार्ग के निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया। विधायक ने दंगल में बड़ी माली के विजेता को 35 हजार रुपए, छोटी माली के विजेता को 21 हजार रुपए व बाघल केसरी के विजेता को 11 हजार रुपए तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजक समिति को 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने गांव घुमारी के सामुदायिक भवन के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर अर्की के पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा, ग्राम पंचायत कोटली के प्रधान यशपाल, दंगल समिति के प्रधान डीडी शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र रावत व सचिव बाबू राम शर्मा, बाघल लैंड लूजर समिति के प्रधान जगदीश ठाकुर, एसडीएम अर्की निशांत तोमर आदि मौजूद रहे। उपमडलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट संदीप शर्मा, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच, हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड अर्की के अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकार को सुख सोमरस प्रोत्साहन योजना प्रारंभ करने की नौबत : विवेक

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने प्रदेश सरकार की शराब नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सुख सोमरस प्रोत्साहन योजना प्रारंभ करने की नौबत आ गई है। गत दिनों ठेकों की नीलामी न होने की स्थिति में 250 से अधिक शराब के ठेकों को प्रदेश सरकार विभिन्न निगमों व बोर्ड के माध्यम से चलवा रही है और कहीं मल्टीटास्क वर्कर, तो कहीं निगम और बोर्ड के चतुर श्रेणी कर्मचारी उन ठेकों पर सेल कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।



सेल बढ़ाने की दृष्टि से अब सरकार ने उनको 10 प्रति बोतल प्रोत्साहन देने का फैसला किया है, जिसकी फाइल वित्त विभाग से पारित हो गई है। गत दो माह में आत्मनिर्भरता वाली सरकार ने डेढ़ करोड़ के घाटे का सामना कर लिया है। शराब के ठेकों पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाली सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की पोल खुल गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर अत्याचार के आदेश लिखकर सरकार इस तरह से आर्डर पारित कर रही है, जैसे हिटलर के राज में हुआ करते थे, जिन कर्मचारियों की नियुक्तियां जिस कार्य के लिए नहीं हुई हैं, उनसे जबरन शराब बिकवाई जा रही है और उन्हें शराब के ठेकों पर सोने के लिए विवश किया जा रहा है। गत वित्त वर्ष 23 एवं 24 में बयान वीर सरकार ने विधानसभा में 40 फीसदी की वृद्धि का आंकड़ा प्रस्तुत किया था।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा के पटल पर अपने बयान में कहा था कि पूर्व सरकार में जो नीलामी 1296 करोड़ में की हमने 1815 करोड़ में की है, अर्थात 519 करोड़ का अतिरिक्त रेवेन्यू प्रदेश सरकार को वित्तीय वर्ष में प्राप्त होगा, बल्कि वित्त वर्ष समाप्ति के पश्चात सरकार आज तक अनुमानित आंकड़े को व्यावहारिक राजस्व कितना प्राप्त हुआ यह नहीं बता पाई, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि सरकार की नीति पूर्णता फेल हुई है। बढ़ोतरी केवल जुमले तक सीमित थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति होते-होते उनकी नीतियों का हश्र क्या हुआ सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए।




## न्यूज ब्रीफ

### सीएम धामी ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं ने समाज में जन जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी हिंदी पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास रहा है।

### पर्यावरण दिवस के लिए एक्शन प्लान तैयार करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में पर्यावरण दिवस के बृहद स्तर पर आयोजित किए जाने के संबंध में संबंधित विभाग एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस की विषयवस्तु प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केन्द्रित होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक्शन प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यावरण दिवस की विषयवस्तु के अनुरूप प्रदेशभर में जन जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं। प्रत्येक गतिविधि में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी अपने जनपदों के प्रभावी व्यक्तियों, चिकित्सकों, वकीलों, स्वयं सहायता समूहों आदि को शामिल किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेशभर में सफाई अभियान आयोजित किए जाएं।

### निगम ने कचरे संबंधी विशेष शिविर किए शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ 30 मई से 1 जून तक सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पूरे शहर में तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित करेगा। इन शिविरों का उद्देश्य कचरा उपभोक्ता शुल्क से संबंधित शिकायतों का स्थल पर समाधान प्रदान करना तथा पारदर्शी बिलिंग एवं सेवा वितरण सुनिश्चित करना है। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित, आईएएस ने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य कचरा उपभोक्ता शुल्क से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है। कचरा उपभोक्ता शुल्क की बकाया राशि को निवासियों को जारी किए गए वर्तमान संपत्ति कर बिलों में शामिल किया गया है।

### तेजस राजधानी को पलटाने की साजिश नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर मध्य रेलवे के भीरपुर और मेजा रेलवे स्टेशन के बीच तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। ट्रेन आने के पहले रेलवे ट्रैक पर बड़े-बड़े बोल्डर रख दिए गए। घटना को रात में अंजाम दिया गया। लोको पायलट की सतर्कता से हादसा टल गया। सूचना पाकर विभाग से पहुंची आरपीएफ पुलिस ने छानबीन की। इसके चलते 10 मिनट तक ट्रेन को रोकना पड़ा। इस मामले में अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तेजस राजधानी एक्सप्रेस के रेलवे ट्रैक पर अराजक तत्व ने देर रात बोल्डर रख दिया। इसकी जानकारी होने पर लोको पायलट ने भीरपुर और मेजा रोड रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन रोक दी और इसकी सूचना अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही महकमे में खलबली मच गई। आरपीएफ के साथ तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। छिवकी से पहुंची आरपीएफ ने सघन जांच की। (अनंत ज्ञान)

### जयपुर में मेट्रो स्टेशन, 2 कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, जयपुर।** जयपुर के मानसरोवर मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बम और डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार सुबह 2 कोर्ट में बम ब्लास्ट की धमकी मिली थी। इनमें एक जयपुर मेट्रो कोर्ट और एक फैमिली कोर्ट है। धमकी भरे ई-मेल के बाद हड़कंप मच गया था। मेल में आज दोपहर 2 बजे तक 3 आईडी से दो कोर्ट में धमाके करने की जानकारी थी। मेल भेजने वाले ने खुद को पूर्व नक्सली बताया था। सुबह मेल मिलने के बाद पूरे परिसर को खाली कराया गया था। मौके पर पहुंचे बम और डॉग स्क्वॉयड ने फैमिली कोर्ट में करीब चार घंटे सर्च किया था। वहीं, जयपुर मेट्रो कोर्ट में करीब एक घंटे तक सर्च करने के बाद परिसर को सेफ बताया था। (अनंत ज्ञान)

### सोना 210 और चांदी एक हजार रुपए सस्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 30 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 210 रुपए घटकर 95,315 रुपए पर आ गया है। कल यह 95,525 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत 1,000 रुपए गिरकर 97,100 रुपए रह गई है। पिछले कल चांदी 98,100 रुपए किलो थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 182 अंक गिरकर 81,451 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 30 मई को सेंसेक्स 182 अंक गिरकर 81,451 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 83 अंक की गिरावट रही, यह 24,751 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही। जोमैटो का शेयर 4.95 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा और इंफोसिस समेत 14 शेयरों में 2 प्रतिशत तक की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 7 में तेजी और 43 में गिरावट देखने को मिली। एनएसई के सरकारी बैंकों का इंडेक्स 2.88 प्रतिशत चढ़ा। जबकि, मेटल में 1.69 प्रतिशत, में आईटी 1.15 प्रतिशत और ऑटो में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

# नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर 44 व 26 में किए 47 चालान

## 13 गाड़ियां कीं जब्त, 21 अवैध रेहड़ी विक्रेताओं को हटाया

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न हिस्सों में एक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। प्रवर्तन टीमों ने सार्वजनिक स्थलों पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण और दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

सेक्टर 44-बीमें ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई, जहां कुछ मिस्त्री अपनी गाड़ियां पार्क कर रहे थे और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर रहे थे। इस दौरान प्रवर्तन टीम ने वहां से 13 गाड़ियां जब्त कीं। इसी तरह बुरैल क्षेत्र में भी एक अभियान चलाया गया, जहां से 10 गाड़ियों के साथ कार सीट, दरवाजे, जैक और अन्य ऑटोमोबाइल सामान जब्त किया गया। इन कार्रवाइयों के दौरान कुल 47 चालान जारी किए गए।

इसके अतिरिक्त, सेक्टर 26 मंडी में मार्केट कमेटी बोर्ड के सहयोग से एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 21 अवैध रेहड़ी विक्रेताओं को हटाया गया और उल्लंघन करने वालों को उपयुक्त चालान जारी किए गए नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों को संरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नागरिकों से आग्रह किया कि वे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें। सफाई, व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे नियमित अभियान आगे भी जारी रहेंगे।




### गंदगी फैलाने की शिकायत के लिए व्हाट्सऐप नंबर लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सार्वजनिक स्वच्छता को बढ़ावा देने और सफाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने की घटनाओं की शिकायत दर्ज करने के लिए एक समर्पित व्हाट्सऐप नंबर 9915762917 लॉन्च किया है।

इस पहल की घोषणा करते हुए नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से हम खुले में कूड़ा डालने की प्रथा को पूरी तरह समाप्त कर सकते हैं। यह पहल जनता को एक स्वच्छता योद्धा बनने का अधिकार देती है, जिससे एक स्वच्छ चंडीगढ़ की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। अब निवासी सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों की तस्वीरें या वीडियो क्लिक करके व्हाट्सऐप पर भेज सकते हैं। इन तस्वीरों का उपयोग न केवल उल्लंघनकर्ताओं की पहचान और उनके खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई करने के लिए किया जाएगा, बल्कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# एनसीसी ग्रुप ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लगाई कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक ठोस प्रयास में एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ ने शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता और रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में चंडीगढ़ के सभी सरकारी और निजी स्कूलों व कॉलेजों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सक्रिय और निवारक उपाय करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों को संवेदनशील और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा, अतिरिक्त महानिदेशक, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय एनसीसी ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें युवाओं के नशा मुक्त भविष्य को आकार देने में शैक्षिक नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यशाला की शुरुआत ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान, वाईएसएम, ग्रुप कमांडर, एनसीसी चंडीगढ़ के स्वागत भाषण से हुई। यूटी चंडीगढ़ के उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रुबिंदरजीत सिंह बराड़ ने भी सभा को संबोधित किया।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से सुरेश मनकोटिया, डॉ. हरप्रीत सिंह ढिल्लों, एडिक्शन साइकियाट्रिक सुपर स्पेशलिस्ट, पीजीआई; प्रोफेसर आराधना मलिक, सहायक प्रोफेसर आईआईटी खानरागपुर आदि उपस्थित थे।

# ऑर्थोपेडिक शिविर में 120 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत**

पार्क निदान हॉस्पिटल, सोनीपत में मेगा ऑर्थोपेडिक जांच शिविर में 120 से अधिक मरीजों की निशुल्क जांच व स्क्रीनिंग की गई, जिसमें घुटनों और कूल्हों के दर्द से जूझ रहे लोगों को विशेष रूप से लाभ मिला। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



शिविर मरीजों को न केवल निशुल्क सलाह दी गई, बल्कि उन्हें रोबोटिक तकनीक पर आधारित उन्नत जॉइंट रिप्लेसमेंट समाधान-रोबो 3डी घुटने की रीसर्फेसिंग के बारे में भी बताया गया।

रोबोटिक आर्थ्रोप्लास्टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के डायरेक्टर डॉ. भानु प्रताप सिंह सलूजा ने मरीजों को उनके घुटनों व कूल्हों की समस्याओं के बारे में बताया।

उनके अनुसार, आज तकनीक के क्षेत्र में रोबोटिक्स ने जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को और भी आसान व प्रभावी बना दिया है। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में इस तरह के और भी हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिससे और अधिक लोगों तक यह अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा पहुंच सके।

### चंडीगढ़ में मौसम ने बदली करवट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में मौसम ने शुक्रवार सुबह अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे शहर का तापमान कुछ हद तक गिरा और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पंजाब व हरियाणा के कुछ इलाकों में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं और बारिश हो रही है।

वहीं देश के अन्य मैदानी इलाकों में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कहीं उमस भरा मौसम बना हुआ है तो कहीं रुक-रुककर बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चेतावनी के मुताबिक क्षेत्र में तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है।

# कोने इंडिया उत्तर भारत में कारोबार को दे रहा विस्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ऐलिवेटर, ऐस्केलेटर और ऑटोमेटिक बिल्डिंग डोर की अग्रणी प्रदाता कोने ऐलिवेटर इंडिया ने मोहाली, पंजाब में एक नए कार्यालय के उद्घाटन के साथ उत्तर भारत में अपना विस्तार किया है। यह कदम कोने की राइज रणनीति के तहत रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य है विकास को गति देना, स्थानीय जुड़ाव को मजबूत करना है।

मोहाली फेज-11, एसएएस नगर में रणनीतिक रूप से स्थित यह नया कार्यालय पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के कुछ हिस्सों में लिफ्ट व ऐस्केलेटर समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। यह एक प्रदर्शनी केंद्र के रूप में भी काम करेगा, जिसमें कोने के उन्नत लिफ्ट डिजाइन, इनोवेटिव फीचर्स एवं अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यालय राज्यों के प्रमुख शहरों में कार्यरत सेल्स, इंस्टॉलेशन, सर्विस व आधुनिकीकरण टीमों को सपोर्ट करेगा।



उद्घाटन के अवसर पर कोने इंडिया व साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक अमित गोसाईं ने कहा कि हम मोहाली में अपनी उपस्थिति का विस्तार करके बहुत खुश हैं। यह पंजाब में एक महत्वपूर्ण और तेजी से बढ़ता आर्थिक व सांस्कृतिक केंद्र है। यह नया कार्यालय उत्तर भारत में हमारे निरंतर निवेश को दर्शाता है और जमीनी स्तर पर हमारी 'राइज टू लीड' रणनीति को लागू करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## देश-विदेश

# जेएंडके का विकास न रुकेगा, न थमेगा: शाह

## पुंछ में जिस गुरुद्वारे पर हुआ था हमला, वहां भी गए

**एजेंसी, पुंछ**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए शुक्रवार को पुंछ का दौरा किया। उन्होंने यहां के बाशिंदों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा।

शाह ने सीमावर्ती पुंछ जिले से आश्वासन और संकल्प का संदेश देते हुए कहा कि हालिया अशांति के कारण विकास में आई रुकावट क्षणिक है और केंद्र शासित प्रदेश की प्रगति जल्द ही पुन:अपनी गति पकड़ लेगी। गृह मंत्री ने हालिया भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान एक वरिष्ठ अधिकारी के बलिदान की बात स्वीकार करते हुए सशस्त्र बलों और असैन्य प्रशासन की बहादुरी एवं तत्परता की सराहना की। उन्होंने गोलाबारी के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया की भी प्रशंसा की। शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार संभालने के तुरंत बाद आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीमा पर बंकर बनाने का फैसला किया गया था।



गृह मंत्री पुंछ में उस गुरुद्वारा में भी गए, जिस पर पाकिस्तान ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए जा चुके हैं, जिन्होंने हाल में आम लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में आम नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के समन्वय से आने वाले दिनों में और अधिक बंकर बनाएगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रभावित क्षेत्रों को केंद्र देगा विशेष राहत पैकेज

**शाह** ने कहा, 'यह बेहद निंदनीय कृत्य है कि पाकिस्तान ने नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। इस दुस्साहस के बाद ही हमारे बलों ने ताकत और सटीकता के साथ जवाब दिया।' शाह ने एकजुटता व्यक्त करने के लिए प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और घोषणा की कि क्षतिग्रस्त मकानों, व्यवसायों एवं धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र जल्द ही एक विशेष राहत पैकेज पेश करेगा। उन्होंने कहा, 'हम हमले में अपने प्रियजन को खोने वाले परिवारों को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं। शाह ने प्रशासन और सुरक्षा बलों की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कहा, 'वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बलिदान दिए। उपराज्यपाल, प्रशासन और पुलिस ने गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों से निवासियों को निकालने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया।'

# भारत हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : राजनाथ

**एजेंसी, पणजी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान को यह साफ तौर पर समझ लेना चाहिए कि आजादी के बाद से वह भारत के खिलाफ आतंकवाद का जो 'खतरनाक खेल' खेल रहा है, वह अब खत्म हो चुका है। गोवा के तट पर विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' पर नौसेना के योद्धाओं के साथ बातचीत में सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद से निपटने के लिए उन तरीकों का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा, जिनके बारे में पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता।



उन्होंने कहा, 'आतंक के खिलाफ हर वह तरीका इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, लेकिन हम उन तरीकों को इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचकिचाएंगे, जिनके बारे में पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता। भारत हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।' रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के हित में यही होगा कि वह अपनी धरती से जारी आतंकवाद को खुद ही उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान की धरती से भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम जारी हैं। भारत सीमा और समुद्र के इस पार तथा उस पार आतंकवादियों के खिलाफ किसी भी तरह का अभियान चलाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है।' उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करने के भारत के अधिकार को स्वीकार कर रही है। आज दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह काम करने से नहीं रोक सकती।' (अनंत ज्ञान)

# भारत-कनाडा रिश्ते धीरे-धीरे ठीक होंगे: अनीता

**एजेंसी, टोरंटो**

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ रिश्तों को धीरे-धीरे सुधारने की कोशिश कर रहा है।



कुछ दिन पहले उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से फोन पर बात की थी। पिछले साल भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था। भारत ने इन आरोपों को झूठा बताया था। इस विवाद के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को बाहर निकाल दिया और व्यापार की बातचीत भी रुक गई। अब तक दोनों देशों ने नए उच्चायुक्त भी नहीं भेजे हैं। विदेश मंत्री आनंद ने कहा, 'हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं। इस केस की जांच चल रही है। लेकिन हम भारत के साथ साझेदारी को दोबारा मजबूत करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दुनिया के दूसरे देशों के साथ भी मजबूत रिश्ते बनाना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई : अब्दुल्ला

## भारत को इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन ने दिया समर्थन

**एजेंसी, जकार्ता**

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दुल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दुल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, 'कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है।' (अनंत ज्ञान)

# कोरोना: देश में 1828 एक्टिव केस, 15 मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसेज की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई। गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट नेगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची वीरवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लुएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रहा है। उधर, केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)



**गुजरात में 1 दिन के नवजात की रिपोर्ट पॉजिटिव**

## विश्व शांति

## इंडिया यूएन शांति मिशन के लिए चौथा सबसे बड़ा सैनिक योगदानकर्ता

# शांति मिशनों में भारत की अहम भूमिका : लैक्रोइक्स

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन पियरे लैक्रोइक्स ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में शांति अभियानों के अवर महासचिव जीन-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी वीरवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के मौके पर एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भी नई दिल्ली आए थे, जब भारत की ओर से पहले महिला शांति सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में 35 देशों की महिला शांति सैनिकों ने भाग लिया था। इसमें शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका और सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई थी। लैक्रोइक्स ने कहा कि भारत यूएन शांति मिशन के लिए चौथा सबसे बड़ा सैनिक योगदानकर्ता देश है। यह अब तक 5,300 से अधिक सैनिक और पुलिसकर्मी अफ्रीका, लेबनान, सोमालिया, दक्षिण सूडान पश्चिमी सहारा जैसे 15 इलाकों में तैनात कर चुका है। (अनंत ज्ञान)



**संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर की भारत की तारीफ**


### महिला शांति सैनिकों में भी अग्रणी

**लैक्रोइक्स** ने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है और महिला शांति सैनिकों के मामले में भी भारत अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या बढ़ाना और उन्हें राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल करना जरूरी है, ताकि शांति बनाए रखने के प्रयास सफल हों। यह कोई विचारधारा नहीं, बल्कि हकीकत है कि महिलाओं की भागीदारी से शांति प्रयास और मजबूत होते हैं।

# मेरे पास सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग के अंश : रविशंकर

**एजेंसी, सोमनाथ**

प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग को लेकर नया विवाद छिड़ गया है। शंकराचार्यों, संतों, महंतों और शिव उपासकों ने श्री श्री रविशंकर की सोमनाथ मंदिर में शिवलिंग को दोबारा स्थापित करने की घोषणा का विरोध शुरू कर दिया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि श्री श्री रविशंकर ने अब तक इस बारे में बात क्यों नहीं की? द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा- ज्योतिर्लिंग स्वयंभू है और इसे दोबारा प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, हरिगिरि महाराज ने कहा- ज्वाला को कभी खंडित नहीं किया जा सकता। निजानंद स्वामी ने कहा कि 1000 साल पुराने सोमनाथ शिवलिंग के टुकड़े किसी के पास होना संभव नहीं है। वहीं, सोमनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी पीके लाहिड़ी ने कहा कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि ये टुकड़े मूल शिवलिंग के हैं।



**शंकराचार्यों संतों, महंतों ने किया विरोध**

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड


गुजरात टाइटंस


ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679


चेन्नई सुपर किंग्स


पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24


लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

**आईपीएल** पंजाब किंग्स क्वालीफायर हार गई, लेकिन खिताब जीतने की संभावनाएं नहीं हुईं खत्म

# क्वालीफायर -1 हारने वाली टीमें भी बनी हैं चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फाइनल में पहुंच गई। पंजाब क्वालीफायर तो हार गई, लेकिन उनके खिताब जीतने की संभावनाएं खत्म नहीं हुई हैं।

साल 2011 में पहली बार प्लेऑफ्स सिस्टम लागू हुआ था, जिसमें क्वालीफायर-1, एलिमिनेटर, क्वालीफायर-2 और फाइनल मैच खेला जाता है। क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाती है तो हारने वाली टीम को एक और मौका मिलता है। एलिमिनेटर जीतने वाली टीम क्वालीफायर वन हारने वाली टीम से खेलती है और इस मैच में जो भी टीम जीतती है, वह फाइनल खेलती है। क्या आप जानते हैं कि क्वालीफायर हारने वाली टीमें कितनी बार खिताब जीत चुकी हैं। चलिए आपको प्लेऑफ के इतिहास से रू-ब-रू कराते हैं। साल 2011 में क्वालीफायर-1 चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता और आगे चलकर खिताब भी अपने नाम किया। साल 2012 में केकेआर ने क्वालीफायर-1 जीता और फाइनल भी अपने नाम किया। 2013 में मुंबई इंडियंस क्वालीफायर-1 हार गई थी, लेकिन उन्होंने फाइनल में सीएसके को हराकर खिताब जीत लिया। साल 2014 में क्वालीफायर-1 सीएसके ने जीता और खिताब भी जीता। साल 2015 में भी कुछ नहीं बदला और मुंबई ने क्वालीफायर-1 के साथ खिताब जीता। 2016 में क्वालीफायर-1 आरसीबी ने जीता और फाइनल सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने नाम किया। साल 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स ने क्वालीफायर-1 जीता और खिताबी मुकाबला मुंबई इंडियंस ने जीता। यह तीसरी बार था, जब क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम फाइनल मैच हार गई हो। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब की गेंदबाजी पूरी तरह रही फ्लॉप

**कोई** भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में असफल रहा। काइल जैमिसन और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करते हुए पंजाब किंग्स की मजबूत बल्लेबाजी आरसीबी की घातक गेंदबाजी के सामने बिखर गई। पंजाब 14.1 ओवर में सिर्फ 101 रन पर सिमट गई थी। पंजाब के लिए मार्क्स स्टॉयनिस ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजाई ने 18-18 रन बनाए। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अंकों में प्रवेश नहीं कर सका। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने तीन-तीन, यश दयाल ने दो, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट लिए।

### इन गलतियों की वजह से पंजाब किंग्स प्लेऑफ हारी

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुल्लांपुर में गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच को आठ विकेट से जीतकर आठ साल बाद फाइनल में जगह बना ली। आरसीबी को जीत के लिए 102 रन की जरूरत थी और उसने मात्र 10 ओवर में 106/2 बनाकर मैच जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की पूरी टीम 14.1 ओवर में 101 रन पर आउट हो गई। इसके बाद 102 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 27 गेंद पर तीन छक्के और छह चौके की मदद से नाबाद 56 रन बनाए। उनके साथ कप्तान रजत पाटीदार आठ गेंद पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने छक्का लगाकर मैच टीम की झोली में डाल दिया। विराट कोहली 12 गेंद पर 12 और मयंक अग्रवाल 13 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट हुए। आरसीबी ने 10 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाकर मैच जीता।

### आरसीबी चौथी बार पहुंची आईपीएल के फाइनल में

**आरसीबी** ने 2009, 2011 और 2016 का फाइनल खेला था। तीनों मौकों पर टीम को हार का सामना करना पड़ा था। फाइनल में पहुंचने के बाद आरसीबी के पास पिछले 17 साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म करने का मौका है।

### पंजाब किंग्स की पांच बड़ी गलतियां

**टॉस** हारने के बाद प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने पारी की शुरुआत की। पंजाब से सबसे पहली गलती यहीं हुई और ओपनर्स की खराब शुरुआत की वजह से जो हाल हुआ वह पूरी दुनिया ने देखा। दूसरी गलती मिडल ऑर्डर से हुई, जहां श्रेयस अय्यर और जोश इंग्लिस को पारी संभालने की जरूरत थी, लेकिन दोनों सस्ते में निपट गए। स्टॉयनिस ने टिकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। इस मैच में ऐसा लगा कि यश दयाल को पंजाब के बल्लेबाजों ने कम आंकने की गलती की, जो काफी भारी पड़ी। यही नहीं पंजाब के बल्लेबाजों को सुयश शर्मा का कोई तोड़ नहीं मिला और बैटिंग ट्रेक पर वह उनकी गुगली नहीं समझ पाए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### होप्स बोले-खिलाड़ियों को खुद पर संदेह करने से बचना चाहिए



**एजेंसी, मुल्लांपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में खराब प्रदर्शन के बावजूद 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह' करने से बचें। पंजाब ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वीरवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा। होप्स ने कहा, ''हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी बात यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे।'' उन्होंने कहा, ''हमने शुरुआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि हम फाइनल में फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

### अहलावत की ऑस्ट्रिया में शानदार शुरुआत, शर्मा को करना पड़ा संघर्ष

**एजेंसी, साल्जबर्ग।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने यहां साल्जबर्गलैंड द्वारा आयोजित ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर 67 का कार्ड खेला। अहलावत इस प्रदर्शन के बाद संयुक्त आठवें पायदान पर है तो वही इसमें चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय शुभंकर शर्मा तीन ओवर 73 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 110वें स्थान पर हैं। अहलावत वीरवार को पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज जर्मनी के मार्सेल श्नाइडर से चार शॉट पीछे थे। उन्होंने पांच बर्डी के मुकाबले दो बोगी किए। शर्मा चार बोगी के मुकाबले एक बर्डी ही लगा सके। उन्हें कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### तानिया भाटिया का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** तानिया भाटिया एक भारतीय क्रिकेटर हैं जो भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में खेलती हैं। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और तेज विकेटकीपिंग स्किल के अलावा खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।



# प्रधानमंत्री मोदी से मिले क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी

**एजेंसी, पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुक्रवार को बिहार के प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने मुलाकात की जो हाल में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पटना हवाई अड्डे पर सूर्यवंशी के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, ''पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से भेंट हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।'' मार्च में 14 साल के हुए सूर्यवंशी बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# रोहित को जीवनदान देना गुजरात को पड़ा महंगा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

आईपीएल का एलिमिनेटर मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया है। मुंबई ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में 3 बदलाव किए हैं। इस बार जॉनी बेयरस्ट, रिचर्ड ग्लीसन और राज अंगद बाबा को भी मौका दिया गया। वहीं, गुजरात ने कुसल मेंडिस और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया। आज हारने वाली टीम आईपीएल सीजन से बाहर हो जाएगी, जबकि जीतने वाली टीम क्वालिफायर-2 में एक जून को पंजाब किंग्स के साथ भिड़ेगी।


शॉट खेलते रोहित शर्मा और जॉनी बेयरेस्टो।

पहले बल्लेबाजी करने आए मुंबई के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस बीच रोहित शर्मा के 3 बार कैच छोड़ दिए, जो कि गुजरात की टीम पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंदों में 47 रन बनाए, उन्हें साई किशोर ने कोएट्जी के हाथों कैच करवाया। पावरप्ले में बेयरस्टो ने 250 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में फिफ्टी लगाई। समाचार लिखे जाने तक मुंबई ने 12 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 134 रन बना लिए थे। रोहित शर्मा (58) और सूर्यकुमार यादव (26) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

# पुणे में आयोजित कूडो प्रतियोगिता में हिमाचल ने जीते पांच मेडल


कूडो प्रतियोगिता में मेडल जीत कर लौटे हिमाचल के खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महाराष्ट्र के पुणे में कूडो इंडिया एसोसिएशन द्वारा आयोजित कूडो कप प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल के 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और प्रतियोगिता में 5 पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। जिसमें दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में सीनियर गर्ल्स में 230 पीआई-1 कैटेगरी में प्रिया कुमारी थापा ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इसी तरह प्रियांशी वर्मा ने अंडर-13 प्लस 45 किलो ग्राम कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। कैरवी नेगी ने 12 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्लस 42 किलोग्राम कैटेगरी में रजत पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। अंशिका 15 वर्ष कम आयु वर्ग के माइनस 42 किलोग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। लडकों की अंडर-13 माइनस 36 किलोग्राम कैटेगरी में रजत पदक जीतकर नाम चमकाया। हिमाचल कूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार जसवाल और कूडो इंडिया कोच को साउथ एशिया कूडो अध्यक्ष हांशी मेहुल वोहरा को कूडो ब्लैक बेल्ट और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। अजय कुमार हिमाचल के पहले कूडो ब्लैक बेल्ट बने जो कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

# मैच खेलने से बेहतर अभ्यास कुछ भी नहीं : हेजलवुड

**एजेंसी, मुल्लांपुर (चंडीगढ़)**

चोट से उबरने बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्वालीफायर मुकाबले में शानदार वापसी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि वह लय हासिल करने के लिए मैदान पर खेलने से बेहतर कुछ भी नहीं है और उनका यह अनुभवी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान काम आएगा। कंधे की चोट से उबरने के बाद हेजलवुड ने एक महीने के बाद आईपीएल में वापसी की, लेकिन उनके प्रदर्शन में पैनापन की कमी नहीं दिखी। उन्होंने 3.1 ओवर में 21 रन पर तीन विकेट चटकाकर आरसीबी को पंजाब किंग्स पर आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। हेजलवुड का यह प्रदर्शन 11 जून को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उनकी बेहतर तैयारियों का भी एक संकेत था।



आरसीबी के लिए 27 अप्रैल के बाद पहली बार मैदान पर उतरे हेजलवुड ने कहा, ''मुझे गेंदबाजी करनी है, आप जानते हैं कि मैं दुनिया में कहीं भी रहूं, मुझे उस मैच (डब्ल्यूटीसी फाइनल) के लिए तैयार होने के लिए गेंदबाजी करनी है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि मैदान पर इससे (मैच खेलने) बेहतर कोई जगह नहीं है। जाहिर है आपको अधिक गेंदबाजी करनी होगी और टेस्ट के लिए समय-समय पर अधिक घंटे तक प्रशिक्षण लेना होगा। मैच के लिए लय हासिल करने के लिए आईपीएल से बेहतर कोई जगह नहीं है।'' हेजलवुड को टेस्ट मैचों का गेंदबाज माना जाता था, लेकिन उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप के लिए अपने कौशल में सुधार किया। (अनंत ज्ञान)

### विराट कोहली फाइनल में निभाएंगे बड़ी भूमिका : एबी डिविलियर्स



**एजेंसी, मुल्लांपुर।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि 'बेहतरीन टीम मैन' विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि, भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा।

डिविलियर्स ने कहा, ''इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनकी भाव भांगिमा सकारात्मक दिख रही थी। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह आज रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा।'' (अनंत ज्ञान)

### भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण श्रीलंका में कराएंगे 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम



**एजेंसी, कोलंबो।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण दो जून से श्रीलंकाई क्रिकेटरों के लिए एक विशेष 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमें सीनियर टीम के साथ पुरुष और महिला जूनियर भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि अरुण उनकी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, उच्च उत्कृष्टता केंद्र के कोचों, क्लब और प्रांतीय कोचों के साथ कोचिंग देने वाले शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अरुण 2014 से 2021 तक भारत के गेंदबाजी कोच रहे। वह आर श्रीधर के बाद श्रीलंका के क्रिकेटरों के लिए ट्रेनिंग सत्र आयोजित करने वाले भारतीय टीम के दूसरे पूर्व कोच होंगे। वह अंडर-19 पुरुष टीम को ट्रेनिंग देकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# चिली से हारी भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के मैत्री हॉकी टूर्नामेंट में नियमित समय 2-2 की बराबरी पर छूटने बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए सुखवीर कौर (35वां मिनट) और कनिका सिवाच (47वां मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जैसिंटा सोलारी (27वां मिनट) और कप्तान लॉरा मुलर (42 वां मिनट) ने गोल दागे।

चिली ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर सोलारी के गोल से बढ़त कायम की लेकिन भारत ने तीसरे क्वार्टर में पांच मिनट के अंदर ही बराबरी का गोल दाग दिया। सुखवीर ने पेनल्टी कॉर्नर को भुना कर भारत को बराबरी दिलाई। चिली ने 42वें मिनट में मुलर के मैदानी गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली।

भारत ने चौथे क्वार्टर की जोरदार शुरुआत की। कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में बराबरी का गोल करके टूर्नामेंट में प्रभावित करना जारी रखा। निर्धारित समय में कोई भी टीम विजेता नहीं बन पाई ऐसे में मैच शूटआउट में चला गया। शूटआउट में चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए जबकि भारत के लिए सोनम ही एकमात्र गोल कर सकी। भारत अब टूर्नामेंट के अपने पांचवें मैच में एक जून को उरुग्वे से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई एथलेटिक्स में सचिन और यशवीर भाला फेंक के फाइनल में

**एजेंसी, गुमी (दक्षिण कोरिया)।** भारत की चार गुणा 100 मीटर पुरुष रिले टीम शुक्रवार को प्रारंभिक दौर के दौरान गलत 'बैटन एक्सचेंज' के कारण अयोग्य घोषित कर दी गई, लेकिन सचिन यादव और यशवीर सिंह ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के साथ एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक के फाइनल में जगह बनाई। प्रणव प्रमोद गौरव, रागुल कुमार गणेश, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चौकड़ी को विश्व एथलेटिक्स के तकनीकी नियम 24.7 का उल्लंघन करते हुए 'टेकओवर' क्षेत्र के बाहर बैटन एक्सचेंज (दूसरे खिलाड़ी को बैटन देना) का दोषी पाए जाने के बाद प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। मलेशिया की टीम को भी इसी तरह के उल्लंघन के लिए अयोग्य घोषित किया गया।



भारतीय दल के लिए हालांकि अच्छी खबर यह रही कि सचिन और यशवीर 12 पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने 79.62 मीटर की दूरी तय करके पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि यशवीर ने 76.67 मीटर की दूरी तय करके शनिवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नदीम इसमें शीर्ष पर रहे। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर की दूरी तय करके स्वर्ण जीतने के बाद पहली प्रतियोगिता में भाग ले रहे इस खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में 86.34 मीटर की दूरी हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### सिंगापुर ओपन सुपर बैडमिंटन-2025

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

**एजेंसी, सिंगापुर**



सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में पहुंचे थे।

मैच की शुरुआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरुआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली। भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाए रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किए 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)